सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 16.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.2 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76119.33 |
| निफ्टी | 23203.20 |
| सोना | 79,280 |
| चांदी | 96,725 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सौराष्ट्र की तरफ से दिल्ली के खिलाफ रणजी मैच में खेलेंगे जडेजा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 20 जनवरी 2025 | 7 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 23, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सैफ के हमलावर को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार व्यक्ति को 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित पुलिस की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक था और उसके कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। अदालत ने पुलिस की दलील को स्वीकार कर लिया।

### अमेरिका में टिकटॉक बंद प्ले स्टोर से भी हटाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में टिकटॉक को बंद कर दिया है। इस ऐप को प्रमुख ऐप के प्ले स्टोर से हटा दिया गया है। दरअसल अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लग गया है, जिसके बाद कानून प्रभावी होने से पहले ही टिकटॉक का अमेरिका में संचालन बंद हो गया। यूजर्स ऐप पर वीडियो नहीं देख पा रहे हैं। यूजर्स को ऐप पर एक मैसेज दिखाई दे रहा है, जिसमें ऐप पर प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी गई है। हालांकि, संदेश में कहा गया है कि हमारे साथ जुड़े रहिए। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही संचालन शुरू हो सकता है।




### सांबा में बॉर्डर के पास मोर्टार किया बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बॉर्डर के पास बीएसएफ ने रविवार सुबह 82 एमएम का मोर्टार शेल बरामद किया। बीएसएफ ने बताया कि इस मोर्टार शेल में जंग लगा हुआ था। यह रामगढ़ सब-सेक्टर में सीमा चौकी कामौर इलाके के पास सुबह करीब 9.45 बजे देखा गया।



### असम में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर

**गुवाहाटी।** राहुल गांधी के बयान को लेकर असम में गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के बयान ने भाषण की उन सीमाओं को पार कर लिया है, जिन्हें स्वीकार किया जा सकता है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांगड़ा चित्र शैली का जीवंत उदाहरण है नर्वदेश्वर मंदिर -पेज 2
- पार्किंग की सुविधा के लिए तरस रहा डीडीयू अस्पताल -पेज 3
- नकदी व ट्रक की चाबियां लूटने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार -पेज 12
- इस्राइल और हमास में 3 घंटे की देरी से सीजफायर लागू -पेज 13
- बोपन्ना-शुआई की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में -पेज 14


# महाकुंभ में सिलेंडर फटने से आग; कई टेंट जले, 500 लोग बचाए

**एजेंसी, प्रयागराज**

**प्रयागराज** में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में शाम को सिलेंडर फटने से आग लग गई। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में खाना बनाते समय सिलेंडर फटा। इसके बाद कई सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। आग बुझाने के लिए 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और एक घंटे के भीतर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। आग से 20 से 25 टेंट जल गए, जबकि 500 लोगों को बचा लिया। एक संन्यासी के एक लाख रुपए भी जल गए। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया और निर्देश दिए। आग लगने से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।



सीएम योगी ने लिया हालात का जायजा

आग पर पाया काबू, कोई हताहत नहीं



### पीएम मोदी ने सीएम योगी को फोन किया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने फोन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुशल फायर ब्रिगेड एवं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया गया। कोई हताहत नहीं हुआ है, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थिति नियंत्रण में है।

### अखिलेश बोले- ऐसी घटना दोबारा न हो

**अखिलेश** यादव ने कहा कि महाकुंभ मेले में लगी आग का तुरंत गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और आगे ऐसी दुर्घटना न हो, इसको सुनिश्चित किया जाए।

### फायर ऑपरेशन के लिए तैनात हैं 4 एडब्ल्यूटी

**महाकुंभ** नगरी में फायर ऑपरेशंस के लिए एडवांस्ड फीचर वाले 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) तैनात की गई हैं। इनमें वीडियो-थर्मल इमेजिनिंग जैसा एडवांस सिस्टम है। इसका इस्तेमाल बहुमंजिला और ऊंचाई वाले टेंट की आग बुझाने के लिए किया जाता है। एडब्ल्यूटी 35 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझा सकती है।

# जीरो टॉलरेंस नीति से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था : सीएम सुक्खू

## बोले- राजस्व में हुआ इजाफा, पूर्व सरकार ने लूटा जनता का पैसा

**संजय अग्रवाल, नूरपुर**



भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को किया बंद

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कांगड़ा जिले के नूरपुर में जनसभा संबोधित कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। हमने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद किया है, जिससे राजस्व में इजाफा हुआ है और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

पिछले साल हमने 2,200 करोड़ रुपए और अबकी बार 2,400 करोड़ रुपए जनता के बचाए हैं। इन पैसों की हम जनकल्याण योजनाओं पर बांट रहे हैं। पूर्व भाजपा सरकार के समय में इन पैसों को लूट लिया जाता था और बांट दिया जाता था। सीएम ने कहा कि जब मैंने मुख्यमंत्री का पद संभाला था, तो उस समय 75 हजार करोड़ का कर्जा प्रदेश पर था।

हमने कहा समय बदलाव का है, व्यवस्था परिवर्तन का है। युवाओं के भविष्य, महिलाओं के सम्मान के लिए हमें कानून बदलने पड़ेंगे और हमने कानूनों को बदला भी। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि जो फैसले हमारी सरकार ने लिए, उन पर जनता व कर्मचारी वर्ग ने भी साथ दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व बीजेपी सरकार की नीतियों के कारण गुणात्मक शिक्षा का स्तर नीचे गिरा है। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है। शिक्षा में तीन अलग-अलग निदेशालय बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें में प्री-प्राइमरी से लेकर दूसरी, तीसरी से बारहवीं और स्नातक के लिए अलग निदेशालय बनाने पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। आने वाले समय में राज्य सरकार इस संबंध में फैसला करेगी। सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2027 तक हिमाचल आत्मनिर्भर बनेगा और 2036 तक हिमाचल देश का सबसे समृद्ध होगा। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने नहीं समझा आपदा पीड़ितों का दर्द

**सुक्खू** ने कहा कि आपदा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व भाजपा ने केंद्र से राहत पैकज का समर्थन नहीं किया। यह कोई राजनीतिक बात नहीं थी। हम मोदी सरकार के आगे गुहार लगाते रहे, लेकिन भाजपा ने आपदा पीड़ितों का दर्द नहीं समझा। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है। प्रदेश में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में एक ही छत के नीचे सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें।

### खराब मौसम के चलते सीएम का मनाली दौरा टला

**कांगड़ा** जिले के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुक्खू को खराब मौसम के चलते मनाली का दौरा टालना पड़ा। रविवार को मनाली में मौसम खराब होने के चलते सीएम सुक्खू का हेलिकॉप्टर मनाली के लिए उड़ान नहीं भर सका। इसके चलते शाम को सीएम अपने काफिले सहित धर्मशाला आ गए हैं।

# चुनाव आयोग ने तकनीक का उपयोग कर लोगों की शक्ति को किया मजबूत : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- स्टार्टअप इंडिया बड़े शहरों तक सीमित नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 118वें एपिसोड में संविधान, गणतंत्र दिवस, महाकुंभ और रामलला का जिक्र किया। पीएम ने निर्वाचन आयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण ने जनशक्ति को और ताकत देने के लिए तकनीक की शक्ति का उपयोग किया और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्धता भी दिखाई है।

चुनाव आयोग ने तकनीक का उपयोग कर लोगों की शक्ति को मजबूत किया है। हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है और उसे मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां जात-पात, ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है। यह हजारों साल से चली आ रही परंपरा है। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ होता है। वहीं, दूसरी तरफ गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा नदी के तट पर पुष्करम मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के प्रोग्राम में 23, 25 और 26 जनवरी के अलावा स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। 26 जनवरी की वजह से पीएम का प्रोग्राम इस बार एक हफ्ते पहले हुआ।

### इस बार गणतंत्र दिवस बहुत विशेष

पीएम ने देश के संविधान पर कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चर्चाएं हुईं। वे चर्चाएं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। संविधान को लेकर बाबा साहब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषण के क्लिप सुनाए। पीएम ने कहा कि इन महान विभूतियों की वाणी हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। हमें इनसे प्रेरणा लेकर काम करना है।

### भारत स्पेस टेक्नोलॉजी में बना रहा नए कीर्तिमान

**पीएम** मोदी ने स्पेस सेक्टर पर ने कहा कि एक भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल ने देश का पहला निजी सैटेलाइट कौंसीलेशन फायर फ्लाई सफलतापूर्वक लांच किया है। यह दुनिया का सबसे हाई रेजोल्यूशन हाइपर स्पेक्ट्रल सैटेलाइट कौंसीलेशन है। कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने स्पेस डोकिंग कराई। अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने में भी लगे हुए हैं। हमारा देश स्पेस टेक्नोलॉजी में नए कीर्तिमान बना रहा है।

# बिहार में नाव पलटी, तीन शव बरामद, कई लापता

## चार ने तैरकर बचाई जान, 17 लोग थे सवार

**एजेंसी, कटिहार**

**बिहार** के कटिहार जिले में रविवार सुबह एक बड़ा नाव हादसा हो गया। कटिहार के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से कई लोग डूब गए। नाव में 17 लोग सवार थे, जिसमें से तीन लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि 10 लोगों की तलाश जारी है।



चार लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई। सभी लोग दक्षिणी करिमुल्लापुर के मेघू घाट से नाव में सवार हुए थे और गद्दाई दियारा जा रहे थे। नाव हादसे की सूचना पर एसडीआरएफ और पुलिस भी मौके पर पहुंची है। तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं उनमें 60 वर्षीय पवन कुमार, 70 वर्षीय सुधीर मंडल और एक साल का मासूम शामिल है, अन्य लापता लोगों को खोजने के लिए एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है।

# डल्लेवाल ने ली मेडिकल सहायता, किसानों ने खत्म किया अनशन

## केंद्र का 14 फरवरी को चंडीगढ़ में वार्ता का आमंत्रण मिलने के बाद हुए सहमत, 121 किसानों को पिलाया जूस

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**किसान** नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने के बाद उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए खनौरी विरोध स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे 121 किसानों ने रविवार को अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया।

डल्लेवाल (70) ने 26 नवंबर को आमरण अनशन पर बैठने के बाद कोई भी चिकित्सा सहायता को लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए 14 फरवरी को बातचीत के लिए केंद्र का आमंत्रण मिलने के बाद वह शनिवार को चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गए थे। उनकी तबीयत बिगड़ने और सरकार की ओर से उनकी मांगें नहीं मानने पर 111 किसानों का एक समूह खनौरी के पास हरियाणा की सीमा में 15 जनवरी को डल्लेवाल के आमरण अनशन में शामिल हो गया। इसके बाद 17 जनवरी को हरियाणा के 10 और किसान उनके साथ जुड़ गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक मनदीप सिंह सिद्धू और पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह की मौजूदगी में 121 किसानों ने जूस पीकर अपना अनशन समाप्त किया। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को किसान नेता डल्लेवाल और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें चंडीगढ़ में 14 फरवरी को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया।

प्रस्तावित बैठक की घोषणा के बाद डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गए। इसके बाद डल्लेवाल ने 'इंट्रावीनस ड्रिप' के जरिये चिकित्सा सहायता ली। किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल अपना अनिश्चितकालीन अनशन तब तक खत्म नहीं करेंगे, जब तक कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी नहीं दी जाती।

**मौसम** | लाहौल-स्पीति जिले में अभी भी 120 और कुल्लू में 10 सड़कें अवरुद्ध, ठंड का प्रकोप बढ़ा

# लाहौल और कुल्लू की चोटियों पर बर्फबारी

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की ऊंचाई वाली चोटियों पर रविवार को हल्की बर्फबारी हुई, जिससे शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। दोपहर बाद लाहौल-स्पीति जिले के रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजुम दर्रे सहित कुल्लू जिले की ऊंचाई वाली चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई है। प्रदेशभर में पूरा दिन बादल छाए रहे।

वहीं, लाहौल-स्पीति जिले में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के कारण अभी भी 120 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कुल्लू जिले में 10 सड़कें ठप पड़ी हुई हैं। अटल टनल रोहतांग को विशेष रूप से फॉर बाई फॉर वाहनों के लिए खोल दिया है। जनजातीय जिलों में तापमान लगातार गिर रहा है। लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में न्यूनतम तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश का सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। कुकुसेरी, केलंग व समधो में न्यूनतम पारा क्रमशः -5.3, -4 व -1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में शनिवार रात को भी हल्की बर्फबारी हुई है। उधर, मौसम विभाग ने वाहन चालकों को सतर्क रहने और धीमी गति से वाहन चलाने की सलाह दी है।




लाहौल घाटी

### 22 व 23 जनवरी को भी बारिश और बर्फबारी

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेशभर में 22 व 23 जनवरी को बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है। 22 जनवरी को अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। पांच जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक, 21 जनवरी की रात से प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बदल जाएगा। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा और मंडी जिलों में मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना है, जबकि शिमला, सोलन, कांगड़ा, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 24 व 25 जनवरी को मौसम साफ हो जाएगा। मैदानी इलाकों में 20 जनवरी को घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने की संभावना है। इससे सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है।

### संभल हिंसा : 10 आरोपी गिरफ्तार

**इलाहाबाद।** यूपी के संभल हिंसा मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी मुल्ला अफरोज है, जो शारिक साटा गैंग से जुड़ा हुआ है। आरोपी मुल्ला अफरोज दुबई में बैठे शारिक साटा से लगातार संपर्क में रहता था। शारिक साटा उत्तर प्रदेश का मोस्ट वांटेड अपराधी है, जो फिलहाल दुबई में मौजूद है। शारिक साटा दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करता है। शारिक साटा पर उत्तर प्रदेश, दिल्ली में 50 से ज्यादा मामले दर्ज है। संभल में 24 नवंबर को हिंसा हुई थी. इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी। 24 नवंबर को हिंसा तब भड़की जब मस्जिद का फिर से सर्वे किया जा रहा था।



## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर बाजार में निकला सांप, लोगों में दहशत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर बाजार में माहौल अफरा-तफरी वाला बन गया, जब एकाएक मुख्य बाजार के साथ लगती वार्ड नंबर 2 की गौण गली में एक बड़ा सांप देखने को मिला। सांप को देखकर मुख्य बाजार में सामान इत्यादि खरीदने के लिए आए ग्राहक और व्यापारी डर और सहम गए। आलम यह हुआ कि उस गली से लोगों ने आवाजाही ही बंद कर दी, तुरंत इस विषय पर इलाके के स्नेक मैन माथुर धीमान को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। वह सुजानपुर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू करके पकड़ लिया। माथुर ने बताया कि जब कभी भी कहीं पर भी सांप दिखाई पड़े या सांप का भय मन में बना हो तो उन्हें बुला लें। सांप को कभी मारे नहीं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए वन्य जीव जंतुओं का जिंदा रहना भी बहुत जरूरी है।



### बलवीर बने नादौन ब्लॉक गोशाला कमेटी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन ब्लॉक की गोशालाओं के संचालकों व प्रतिनिधियों की एक बैठक श्रीलक्ष्मी नारायण गोशाला भड़ोली भगौर में संपन्न हुई। गोशालाओं बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हरबंस लाल ठाकुर ने की। बैठक में गोशाला कमेटी का गठन किया गया। गोशाला सुकड़ाह के संचालक बलवीर चौधरी को सर्वसम्मति से नादौन ब्लॉक गोशाला कमेटी का प्रधान, श्याम लाल उपप्रधान, विनोद पटियाल सचिव व बाल किशन को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा हरबंस लाल, ब्रह्मानंद, कमलेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में विनोद कुमार शर्मा, बलवीर चौधरी, बाल सिंह व श्यामलाल आदि ने हिस्सा लिया। बलवीर चौधरी ने बताया कि बैठक में गोशालाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि गोशाला संचालकों को आ रही समस्याओं व मांगों को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा।



### रसोई सहायिका के लिए साक्षात्कार 24 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हमीरपुर में मिड-डे मील योजना के अंतर्गत रसोई सहायिका का एक पद रिक्त है। प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 20 जनवरी तक अपना आवेदन प्रधानाचार्य कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इस पद के लिए साक्षात्कार 24 जनवरी को प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रातः 10 बजे होगा, जिसमें अभ्यर्थी को अपने मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

### दो व्यक्तियों से चरस व चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत पुलिस की एक टीम ने गश्त के दौरान कर्म चंद निवासी गांव सुलाहरी तहसील बड़सर के कब्जे से 49.51 ग्राम चरस बरामद की है। इसके अलावा पुलिस टीम ने रविंद्र सिंह निवासी पिंडसाहिब तहसील कोटकपूरा जिला फरीदकोट (पंजाब) से 6.39 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति दोनों व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### गैर-शिक्षक महासंघ ने पोर्स्ट शिफ्ट करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला हमीरपुर की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के सभागार में आयोजित की गई जिसमें जिला भर के समस्त पदाधिकारी और जिला के सभी खंडों के प्रधान, महासचिव ने भाग लिया। बैठक में एक मत से सभी ने यह प्रस्ताव पारित किया कि यह जो पोस्ट शिफ्ट की जा रही है इन सभी इसका विरोध करते हैं। गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला हमीरपुर के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि कॉलेजों से अधीक्षक ग्रेड 2 की पोस्टों को शिफ्ट करने की जो मुहिम चली है इसके लिए जिला हमीरपुर महासंघ इस बात का कड़ा विरोध करता है और इसको इस विरोध के पक्ष में हम निरंतर राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर से लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आपके सहयोग और साथ की आवश्यकता है क्योंकि आज कॉलेज की पोस्ट को शिफ्ट कर रहे हैं और कल को यह स्कूल और ऑफिस के स्टाफ को भी शिफ्ट कर सकते हैं। इसके लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है आपस में एकजुटता का परिचय दें। जिला हमीरपुर से शीघ्र ही डेलिगेशन मुख्यमंत्री से मिलने जा रहा है और मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांग रखेंगे।

### हिमाचल किसान यूनियन की हुई राज्य स्तरीय बैठक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल किसान यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा की अध्यक्षता में संगम होटल जाहू हमीरपुर में आयोजित कि गई, जिसमें प्रदेश भर से आए किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राज्य महासचिव रोशन लाल शर्मा ने किसानों का स्वागत किया तथा आपस में परिचय करवाया तत्पश्चात तेज नाथ शर्मा वरिष्ट उप प्रधान ने बैठक का संचालन किया। बैठक को कैप्टन अमरचंद, रोशन लाल कैहलुरी, रविंद्र शर्मा सचिव हमीरपुर, राघव कपिल उप प्रधान राज्य, दुनी चंद शर्मा, भूप सिंह, भगत राम कानूनी सलाहकार, खूब राम, राम कृष्ण सहसचिव, ठाकुर सुंका राम, उपप्रधान देवी राम सैनी, चेतराम शर्मा ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में जिला प्रधान मंडी की कार्य प्रणाली, संविधान की अवहेलना आदि का मुद्दा चर्चा में रहा और प्रदेश स्तरीय सदन ने प्रस्ताव पारित कर जिला मंडी के प्रधान के चुनाव को निरस्त कर दिया और चुनाव 15 फरवरी से पहले पौंटा सरकाघाट में करवाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा ने मुख्यमंत्री, कृषि पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने कि किसान वागवान पशुपालकों को विभिन्न स्तरों पर लाभ दिलाने का स्वागत किया तथा प्रदेश सरकार के साथ हिमाचल किसान यूनियन हमेशा चटान कि तरह कड़ी रहेगी।

### नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों ने प्रो. धूमल से लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हाल ही में संगठन पर्व के तहत प्रदेश के सभी 171 मंडलों में से डेरा विधानसभा को छोड़कर 169 मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के डेरा को छोड़कर 16 विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग दो-दो मंडल बनाए गए हैं और इन सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां हो गई हैं। ऊना जिला के गगरेट विधानसभा से नीतन ठाकुर मंडल अध्यक्ष गगरेट, अजय ठाकुर मंडल अध्यक्ष दौलतपुर मंडल पर इन दोनों को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। आज पूर्व में रहे गगरेट विधानसभा के विधायक राजेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ इन नवनियुक्त दोनों मंडल अध्यक्षों के साथ समीरपुर पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो धूमल का आशीर्वाद लिया। धूमल ने दोनों नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को जहां इस नई नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दीं, वहीं धूमल ने कहा कि यह एक जिम्मेदारी वाले पद होते हैं जिनको संगठन की विचारधाराओं के साथ सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ना होता है।



# एनएच मट्टनसिद्ध-भगेड़: निर्माण के समय तकनीकी खामी, अब बार-बार की परेशानी

## बारिश से उखड़ता है पैच वर्क; फिर खराब हो गई सड़क की हालत, दोषी कौन?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



चौड़ीकरण के समय निर्माण में रही तकनीकी खामी अब नेशनल हाईवे 103 के गले की फांस बन चुकी है। बारिश हल्की हो या ज्यादा? इस पर किया गया पैच वर्क हर बार बेरहमी से उखड़ता है। अब दो महीनों के बाद एक बार फिर इस सड़क मार्ग पर बड़े-बड़े हिचकोले शुरू हो चुके हैं। जगह-जगह से उखड़कर अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। वाहन चालक करें भी तो करें क्या? सड़क मार्ग इक्का-दुक्का जगह से उखड़ा हो तो कोई बात नहीं, जब पूरा सर्फेस ही जगह-जगह गड्ढों से भर जाएगा, तो फिर सवाल एक ही होगा, वाहन चालक रोड़ टैक्स क्यों जमा करवाएं? क्या नेशनल हाईवे की कोई जिम्मेदारी नहीं।

बात हो रही है शिमला को जोड़ने वाले हमीरपुर से होकर जा रहे नादौन-भगेड़ रोड़ की है। इसका ज्यादातर हिस्सा गड्ढों से एक बार फिर लवालव भर चुका है। हमीरपुर से पीछे रंगस तक तकरीबन 15 किलोमीटर के सड़क मार्ग पर भी ज्यादातर जगहों पर अब गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। इसके आगे नादौन तक तो काम टू-लेन का चल रहा है। उसकी हालत तो वैसे ही खराब है, लेकिन आगे का हिस्सा जो नेशनल हाईवे के सुपुर्द है। उसकी हालत भी यदि खराब हो चुकी हो, तो फिर हमीरपुर में बैठे इस नेशनल हाईवे के अधिकारी आखिर कर क्या रहे? (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर

**इधर,** एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा से बात नहीं हो पाई। वे पिछले दो दिनों से उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। फोन भी पिक नहीं कर रहे। यही सबसे बड़ी दिक्कत है।

### तकनीकी खामी ने पसारे हैं पांव

**दरअसल** में 2017 में इस सड़क पर तकरीबन 287 करोड़ रुपए खर्च कर इसे चौड़ा किया गया था तब मौजूद चौड़ाई को तकरीबन टूलू से ज्यादा पक्का कर दिया गया था। खामी यह रही कि जब इसे खुला किया गया तो इसके निर्माण में ऐसी खामी रही, जो इस सब को अब जर्जर बनाए हुए हैं। सड़क को मुकम्मल तौर पर उखाड़ कर उसकी स्ट्रेंथनिंग बढ़ानी पड़नी थी। ऐसा हुआ नहीं जो चौड़ाई बढ़ी, उसे तो जैसे तैसे पक्का कर दिया, बीच की सड़क को भी उखाड़ कर नई सोलिंग बेरिंग होनी थी, वह प्रॉपर हुई नहीं। अब इसीलिए ट्रैफिक लोड के बढ़ने और भारी भरकम वाहनों की आवाजाही के अलावा सड़क का रूप-स्वरूप बरसात के पानी के हिसाब से डिजाइन नहीं हो पाया। लिहाजा सड़क बार-बार उखड़ रही है। दो माह पहले पैच वर्क हुआ, लेकिन अब सब साफ हो गया है, क्योंकि सड़क मुकम्मल तौर पर जगह-जगह से टूट चुकी है।

### मट्टनसिद्ध-भगेड़ 40 किलोमीटर में भी अब गड्ढे ही गड्ढे

**हमीरपुर** शहर से 5 किलोमीटर दूर मट्टनसिद्ध-भगेड़ नेशनल हाईवे की हालत भी अब वाहनों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। ज्यादातर सर्फेस गड्ढों से भर चुका है। जगह-जगह से सड़क उखड़ चुकी है। जो पैच वर्क दो महीने पहले किया गया था, वह तो उखड़ ही चुका है, नए गड्ढे भी अब तैयार हो चुके हैं। यानी बच-बच के गाड़ी को ड्राइव करना इतना आसान नहीं रहा है। छोटे वाहन चालकों के लिए तो और भी परेशानी है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। फिर गड्ढे भी कहीं तो बड़े-बड़े आकार के हो चुके हैं। अब क्योंकि चार दिनों से मौसम खराब है कुछ दिन बारिश भी हुई, गड्ढों ने बड़ा आधार ले लिया। अब यह ठीक कब होंगे? पता नहीं। क्योंकि पिछली बार भी लंबे समय के बाद इनकी मरम्मत हुई थी, अब फिर वही हालत हो गई है।

# सेना भर्ती : तीसरे दिन 185 युवाओं ने क्लीयर किया ग्राउंड



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को बिलासपुर जिले की तहसील झंडूता और हमीरपुर जिले की तहसील हमीरपुर तथा बड़सर के युवाओं का फिजिकल टेस्ट लिया गया।

थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि रविवार के लिए 562 युवाओं को कॉल लैटर भेजे गए थे। इनमें से लगभग 480 युवा फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे। लगभग 210 युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ क्लियर की। अन्य फिजिकल टेस्टों जैसे- पुल अप्स, लंबी कूद, ऊंची कूद और जिग-जैग बैलेंस इत्यादि के बाद रविवार को लगभग 185 उम्मीदवार मेडिकल जांच के लिए चयनित हुए।

**562 युवाओं को भेजे कॉल लैटर, 480 युवा फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे**

कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि सोमवार को जिला हमीरपुर की तहसील ढटवाल (बिझड़ी) और जिला ऊना की तहसील ऊना तथा अंब के युवाओं को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया है। इनकी एंट्री भी सोमवार को तड़के ही आरंभ कर दी जाएगी।

# बड़सर भाजपा 'फूट डालो, राज करो' की नीति की शिकार: रूबल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक एवं बड़सर युवा कांग्रेस नेता रूबल ठाकुर ने जारी एक बयान में कहा कि इन दिनों बड़सर भाजपा 'फूट डालो और राज करो' की नीति का शिकार हो गई है। इसका ताजा उदाहरण भाजपा के संगठनात्मक चुनावों में देखने को मिला है।



बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनावों में हुए भीतरी विद्रोह और उसके उपरांत सामने आए नतीजों को लेकर चुटकी लेते हुए रूबल ने कहा कि भाजपा को मिले नए नवेले नेता की नई पार्टी में हुई एंट्री के साइड इफेक्ट अब सामने आने लग पड़े है। ताजा उदाहरण अध्यक्ष पद को लेकर घटित हुए घटनाक्रम हैं, जिसमे नेता जी की पिक एंड चूज की नीति से भाजपा संगठन में विद्रोह की स्थिति सामने देखने को मिली।

रूबल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को इस नीति का एहसास होना शुरू हो गया है और आने वाले समय में जैसे जैसे नेता जी की यह नीति आगे बढ़ेगी वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं और पार्टी संगठन के कर्मठ लोगों को इसका पूरा पता चल जाएगा, क्योंकि इसी तरह की नीति पुराने दल में भी कर्मठ और पुराने कार्यकर्ताओं को आगे आने से रोका जाता रहा है। धीरे-धीरे पुराने कार्यकर्ताओं को साइड लाइन करके पार्टी के अंदर ही घुटने के लिए मजबूर किया गया था। रूबल ने कहा कि बड़सर में कांग्रेस एकजुटता के साथ आगे बढ़ रही है तथा आम लोग कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी के साथ बड़ी संख्या में जुड़ रहे है। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करते 8 ट्रैक्टरों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर पुलिस ने अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसा है। पुलिस ने अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए आठ ट्रैक्टर के चालान किए हैं। इनमें से चार से मौके पर जुर्माना वसूला गया है। बाकी चार को कोर्ट में भेजा गया है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार जेसीबी भी कब्जे में ली हैं।

### चार जेसीबी कब्जे में लीं



एसएचओ सुजानपुर राकेश धीमान ने बताया कि अवैध खनन पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में आठ चालान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चार ट्रैक्टर के चालान कर माइक पर 20400 रुपए वसूले गए हैं। सुजानपुर पुलिस थाना के अंतर्गत व्यास नदी के किनारे सुजानपुर से सुचूही तक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यह चालान किए हैं।

उन्होंने बताया कि चार जेसीबी को लीज प्वॉइंट से पुलिस थाना सुजानपुर लाया गया है। जेसीबी मालिकों से दस्तावेज मंगवाए गए हैं। अगर उनके दस्तावेज सही पाए गए तो छोड़ दिया जाएगा। अगर दस्तावेज सही नहीं पाए गए तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 24678 किसानों ने करवाया प्रधानमंत्री फसल बीमा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



जिला में गेहूं की फसल बारिश न होने की वजह से बीजाई भी काफी समय बाद की गई। हालांकि, गत दिनों हुई बारिश से किसानों को थोड़ी आस तो बंदी थी लेकिन अभी भी गेहूं की फसल को बारिश की बहुत जरूरत है। किसानों को फसल का नुकसान न हो इसके लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए आवेदन करने की तिथि 15 दिसंबर रखी गई थी जिसे बाद में बढ़ाकर 15 जनवरी किया गया था।

**गेहूं की फसल को बारिश की जरूरत, किसान पूरी तरह से बारिश पर निर्भर**

जिला हमीरपुर की बात करें तो 15 जनवरी तक जिला में 24678 किसानों ने रवि की फसल का बीमा करवाया है। इनमें 24470 किसान ऋण लेने वाले हैं जिनका बीमा किया गया है जबकि जिन किसानों ने ऋण नहीं लिया है उनमें 208 किसान हैं। गत वर्ष भी किसानों को फसल का नुकसान होने पर अनुदान राशि दी गई, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण जो फसल बर्बाद होती है, उसमें किसानों की फसल का मुआयना किया जाता है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर फसल के नुकसान का आकलन करते है। उसके बाद राजस्व विभाग को इसकी सूचना दी जाती है। राजस्व विभाग को सूचना देने के बाद किसान को बीमे की राशि दी जाती है।

इसके अलावा जिला में औसतन फसल से कम फसल होती है तो उन किसानों को बीमे की राशि उनके खातों में डाली जाती है। कृषि विभाग के अनुसार अभी तक हुई बारिश से 5 से 10 प्रतिशत नुकसान होने की संभावना जताई है, लेकिन आने वाले दिनों में कितनी बारिश होती है उसके बाद ही फसल होने का अंदाजा लगाया जा सकता है।

कृषि विभाग की मानें तो अभी तक फसल के लिए समय है और यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश हो जाती है तो फसल का नुकसान कम हो जाएगा। इस बारे में कृषि विभाग के उपनिदेशक शशि पाल अत्री ने बताया कि जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 24678 किसानों ने फसल का बीमा करवाया है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए कृषि रक्षक टोल फ्री नंबर 14447 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# भ्रष्टाचार के धुएं में घिरा मुख्यमंत्री कार्यालय : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री कार्यालय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार के खुलेआम आरोपों ने सरकार की साख पर बट्टा लगा दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय अब एक ऐसे कुएं में बदल गया है, जहां से उठ रहे भ्रष्टाचार के धुएं ने उसकी दीवारों को काला कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में ऐसी घटनाएं पहले कभी नहीं देखी गईं। जारी प्रेस बयान में राणा ने खनन माफिया से जुड़े आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका बेनकाब हो रही है। खनन माफिया से सांठगांठ और लेन-देन के चर्चे केवल हिमाचल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे प्रदेश की छवि पूरे देश में धूमिल हो रही है। राणा ने आरोप लगाया कि राज्य में ठेकेदारों को उनके काम की पेमेंट नहीं हो रही है और कर्मचारियों को एरियर का भुगतान तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि बैंकों से कर्ज उठाकर ठेकेदारों ने विकास के काम पूरे किए थे लेकिन उनका भुगतान रुका पड़ा है जिससे ठेकेदारों के परिवार की आर्थिक हालत खस्ता हो रही है। यही स्थिति कर्मचारियों के साथ भी है। राणा ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में सुक्खू सरकार 35,000 करोड़ रुपए का कर्ज उठा चुकी है, लेकिन वह पैसा कहां खर्च हुआ, इसका कोई हिसाब नहीं है।






हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह के बेटे नयन द्वारा बनाई गई खूबसूरत पेंटिंग।

# भ्याड़ सहकारी सभा ने ऑनलाइन शॉपिंग सुविधा आरंभ कर पेश की मिसाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**डिपुओं में हाथों-हाथ बिक रहा है हिम मक्की आटा**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्राकृतिक खेती से तैयार की जाने वाली मक्की और गेहूं की फसलों के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करके देश भर में एक अनूठी पहल की है। पिछले खरीफ सीजन से ही 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से मक्की की खरीद आरंभ करवाई। इसके तहत प्रदेश भर में लगभग 400 मीट्रिक टन मक्की खरीदी गई। विशुद्ध रूप से प्राकृतिक खेती से तैयार की गई इस मक्की के आटे को अब उचित मूल्य की दुकानों में 'हिम-मक्की आटा' ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। अब यह आटा हाथों-हाथ बिक रहा है।

जिला हमीरपुर में द भ्याड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के डिपो में भी लोग हिम-मक्की आटा के पैकेट धड़ाधड़ खरीद रहे हैं। द भ्याड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के सचिव अमन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में इस आटे की डिमांड लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसकी गुणवत्ता को देखते हुए लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

जिला की उत्कृष्ट सहकारी सभाओं में शामिल द भ्याड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के डिपो में ऑनलाइन शॉपिंग एवं होम डिलीवरी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। समिति के सचिव ने बताया कि हिम-मक्की आटा की ऑनलाइन बिक्री के लिए भी सहकारी सभा के ऑनलाइन पोर्टल पर विशेष व्यवस्था की जा रही है।

इससे क्षेत्र के लोग घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से भी इस आटे की डिमांड भेजकर अपने घर द्वार पर ही इसकी थैली प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के मुख्यमंत्री के प्रयास बहुत ही सराहनीय परिणाम ला रहे हैं। इससे किसानों को जहां उनकी उपज के काफी अच्छे दाम मिल रहे हैं, तो वहीं उपभोक्ताओं को भी पौष्टिक, सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त आटा उपलब्ध हो रहा है।

# कोहला में जरूरतमंद लोगों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन**



जन सुधार संस्था कोहला का वार्षिक समारोह कोहला में आयोजित किया गया, जिसमें संस्था द्वारा एक साल की गतिविधियों पर चर्चा की गई। तथा जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी गई तथा निर्णय लिया गया कि संस्था गरीब लोगों के उत्थान के लिए हरसंभव आर्थिक सहायता देगी तथा उनके सुख-दुख को समझा करेगी।

समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष राजीव कुमार ने की। इस समारोह में समाजसेवी अमन सेठी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर संस्था ने कार्यक्रम समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर स्मानित किया।

समारोह में संस्था के उपाध्यक्ष रवि मेहता, सुभाष मेहता, तिलकराज विनोद खावला, कोशल्या देवी, सुदेश कुमारी, तिलक चौधरी, गुलवंत सिंह, जगदीश चंद, अमित कुमार, प्रदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजीव कुमार ने कहा संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करें, ताकि संस्था के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके।

**पौराणिक मंदिर**

## मंदिर नर्वदेश्वर की दीवारों में उकेरी गई चित्रकला देश व प्रदेश में है प्रसिद्ध

# कांगड़ा चित्र शैली का जीवंत उदाहरण है नर्वदेश्वर मंदिर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



महाराजा संसार चंद के समय का ऐतिहासिक प्राचीन नर्वदेश्वर मंदिर सुजानपुर शहर में कांगड़ा चित्र शैली का जीवंत उदाहरण है। कहते हैं कि इसका पावन शिवलिंग नर्मदा नदी से लाया गया था। मंदिर के प्रांगण से दिखती नीचे की ओर बहती ब्यास नदी व धौलाधार पहाड़ियों का मनमोहक नजारा इसे और भी सुंदर बनाते हैं।

सुजानपुर शहर के बाजार के भीतर की ओर स्थापित मंदिर नर्वदेश्वर की दीवारों में उकेरी गई चित्रकला देश व प्रदेश में प्रसिद्ध है। चित्रकला में रामायण, महाभारत, कृष्ण लीला के प्रसंग हैं। इसके इलावा पहाड़, जंगल, बेल, बूटे घोड़े, हाथी आदि के दृश्य बड़े सुंदर ढंग से अंकित किए हैं। नगर के प्रसिद्ध मंदिर नर्वदेश्वर का निर्माण महाराजा संसार चंद की रानी प्रसन्नी देवी ने 1802 ई. में करवाया था। मंदिर व्यास नदी के किनारे एक पहाड़ी पर निर्मित है। इसमें मुगल-राजपूत की मिश्रित राजस्थानी शैली का प्रयोग हुआ है। कांगड़ा के प्रख्यात पहाड़ी चित्रकला के चितेरों मनकू, निक्का, नयनसुख आदि ने इस के भीतर दीवारों पर अद्भुत चित्रकारी की है जो अद्वितीय है। भगवान शिव को समर्पित होने के कारण इस मंदिर के अधिकतर चित्र भगवान शिव से संबंधित है। कहीं शिव भगवान का विवाह पार्वती के साथ दर्शाया गया है तो कहीं वे दोनों पहाड़ पर बैठे चित्रित किए गए हैं। साथ ही रामचंद्र भगवान से संबंधित विभिन्न मुद्राओं में सुंदर चित्रकारी है। राजा संसार चंद ने इस मंदिर के निर्माण में बहुत दिलचस्पी ली थी ऐसी धारणा है।

महाराजा संसार चंद को कांगड़ा चित्र शैली को अंतरराष्ट्रीय ख्याति तक पहुंचाने का श्रेय जाता है। मंदिर के भीतर गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित किया गया है। कहते हैं की नर्मदा नदी के पावन स्थल से शिलिंग को लाया गया था तभी मंदिर का नाम नर्वदेश्वर मंदिर पड़ा। नर्वदेश्वर मंदिर हमीरपुर से 24 किलोमीटर दूर है, जबकि पालमपुर से यह मंदिर 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सुजानपुर के मुख्य बाजार से होकर वार्ड नंबर 2 में स्थित मंदिर तक पहुंचा जा सकता है।






# पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने पटना पहुंचे कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने बिहार की राजधानी पटना पहुंच गए हैं। पठानिया सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16 जनवरी को चंबा से अमृतसर होते हुए वायु मार्ग द्वारा दिल्ली पहुंच गए थे।

दो दिन दिल्ली में निजि कारणों तथा कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात के बाद पठानिया आज अपराह्न 4 बजे दिल्ली से वायुमार्ग द्वारा पटना पहुंचे। पठानिया 20 व 21 जनवरी को पटना में आयोजित होने वाले पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेंगे तथा वहां आयोजित होने वाले कई सत्रों का संचालन करेंगे।



कुलदीप सिंह पठानिया राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के नॉर्थ जोन के सात राज्यों के संयोजक भी हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश के अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश व गुजरात राज्य शामिल हैं। इस सम्मेलन में सभी राज्यविधान मंडलों के पीठासीन अधिकारी तथा उप-पीठासीन अधिकारी भाग ले रहें हैं। सम्मेलन में जिन राज्यों में विधान परिषदों का प्रावधान है के चेयरमैन तथा उपाध्यक्ष भी भाग ले रहें हैं।

इसके अलावा केन्द्र शासित प्रदेशों के पीठासीन तथा उप-पीठासीन अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। 19 जनवरी को सभी राज्यों विधान मंडलों के सचिवों का भी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा के सचिव यशपाल शर्मा ने भी भाग लिया। इस सम्मेलन में लोक सभा अध्यक्ष एवं राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत के चेयरमैन ओम बिरला, राज्य सभा के उप- सभापति डॉ. हरिवंश तथा लोकसभा तथा राज्य सभा के महासचिव भी शामिल होंगे।

सम्मेलन में संविधान की 75वीं वर्ष गांठ पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल को गहरे संकट में डालती जा रही कांग्रेस सरकार : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस पार्टी की सरकार निरंतर हिमाचल प्रदेश को गहरे संकट में डालती जा रही है।

जहां आर्थिक संकट के नाते हिमाचल के सभी विकास कार्यों को सरकार ने बंद कर दिया है वहीं 1500 से ज्यादा स्कूल, कॉलेज, पीएचसी, सीएचसी, पटवार सर्कल इत्यादि बंद करके हिमाचल प्रदेश



की जनता के अधिकारों पर कुठाराघात किया है।

उन्होंने कहा कि अत्यंत दुख व कष्ट की बात यह है कि स्कूलों को, संस्थानों को बंद करने के बाद मुख्यमंत्री कांगड़ा में उन संस्थानों को बंद करने का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, वो संस्थान जहां अध्यापक बच्चों को पढ़ा रहे थे, जहां चिकित्सक रोगियों का ईलाज कर रहे थे, जहां अधिकारी इलाके में विकास कार्यों को अंजाम दे रहे थे, उनको बंद करके जो आप स्पष्टीकरण देने का प्रयास कर रहे हैं, यह सर्वथा निंदनीय है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि अगर सरकार के पास धन की कमी है तो क्यों लाखों-करोड़ों रुपए मंत्रियों के आलिशान कार्यालय बनाने में खर्च हो रहे है? क्यों दो साल तक सीपीएस को लगा कर रखा?

## धन संग्रह को लेकर बीएमएस नेरवा की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** भारतीय मजदूर संघ चौपाल मंडल कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष राय सिंह हिमटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भामसं के जिला अध्यक्ष हेत राम शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जलशक्ति नेरवा के इकाई अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, सचिव कुंदन सिंह, आंगनवाड़ी अध्यक्ष ऊषा राठौर, सचिव प्रीटी, मिडडे मील अध्यक्ष दिला राम शर्मा, सचिव संतोषी मौजूद रहे। राय सिंह हिमटा ने संघ के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों से संगठन के लिए धन संग्रह करने का आग्रह किया।

## न्यूज ब्रीफ

### उच्चाधिकारी छोटे कर्मियों को मानसिक रूप से कर रहे परेशान : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा, राज्य अध्यक्ष अमन शर्मा, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, मोर्चा राज्य प्रवक्त ा रविंद्र शर्मा मल्लू, सलाहकार डॉक्टर अरुण दत्त व अन्य ने एचआरटीसी के ड्राइवर जोकि मंडी जिले में कार्यरत थ, उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि आने वाले समय में बहुत से छोटे कर्मी आत्मघात कर सकते है, क्योंकि उच्चाधिकारी इन छोटे कर्मियों को मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान कर रहे हैं।



मोर्चा संस्थापक प्रवीण शर्मा ने कहा कि एचआरटीसी हिमाचल प्रदेश में अच्छी सुविधाएं दे रहा है, जबकि यह कोई उच्चाधिकारी या अन्य नहीं बल्कि ड्राइवर व कंडक्टर लोगो को यह सेवा दे रहे हैं। परंतु इन ड्राइवर व कंडक्टर की क्या दुर्दशा हैं, इस बात पर आज तक किसी ने नहीं सोचा। परन्तु कर्मचारी हित में मोर्चा इस बात को उजागर करता हैं ताकि आम लोग एचआरटीसी बसों को चलाने वाले ड्राइवर व कंडक्टर का सम्मान करें। शर्मा ने कहा कि हिमाचल परिवहन निगम के बस चालक व कंडक्टर हमें रात-दिन अपनी सेवाएं देते हैं। इन्हें राजपत्रित अवकाश छोड़िए रविवार की छुट्टी भी नहीं मिलती, जबकि यह अवकाश इनके लिए जमा होते हैं पर जरूरत पड़ने पर नही मिलते। मंडी प्रकरण में भी ऐसा ही हुआ ड्राइवर की कोई घरेलू समस्या थी, छुट्टी की जरूरत थी परन्तु अधिकारी ने छुट्टी नहीं दी।

### ठियोग न्यायालय ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे 2 चिट्टा तस्कर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस द्वारा उत्तराखंड सीमा पर चिट्टे के साथ हिरासत में लिए गए दो आरोपी युवकों को ठियोग न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है गौर रहे कि शुक्रवार को रूटीन चेकिंग के दौरान एसएचओ नेरवा पंकज शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने दो चिट्टा तस्करों को उत्तराखंड सीमा के समीप फेडिजपुल से करीब साढ़े छह ग्राम चिट्टे के साथ हिरासत में लिया था। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दोनों युवकों को ठियोग न्यायलय में पेश कर रिमांड की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायलय ने आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर भेज दिया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि आरोपियों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक खंगालने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को बताईं बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राज्य सहकारी बैंक की झिकनीपुल शाखा द्वारा बमटा गांव में शाखा प्रबंधक नितिन चौहान की अध्यक्षता में डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं करीब तीन दर्जन लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बैंक की टीम द्वारा बैंक की योजनाओं हिम पैसा, यूपीआई, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सक्षत्ति महिला ऋण योजना, सपनों का संचय तथा अन्य सकराकरी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं लोगों को बैंक की डिजिटल सेवाओं के बारे जागरूक किया गया।

# विक्रमादित्य सिंह बताएं कांग्रेस सरकार कितनी देनदारी छोड़ गई थी : सुखराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि घड़ियाल आंसू कौन बहता है, वह पूरे प्रदेश ने पिछले साल 28 फरवरी को ही देख लिया था। प्रदेश में जब जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री बने थे, उसके पहले कांग्रेस की सरकार थी और आज भी विक्रमादित्य मंत्री हैं इसलिए वह अपने डिपार्टमेंट से पता करके बताएं कि जब कांग्रेस सरकार सत्ता से बाहर हुई थी, तो उस समय लोक निर्माण विभाग के ऊपर रामपुर की कितनी देनदारी थी।



कांग्रेस सत्ता से बेदखल होते वक्त रोहड़ू, करसोग, आनी, किन्नौर और सेराज की कितनी देनदारी लोक निर्माण विभाग छोड़कर गई थी। क्या सरकार ने सभी का पूरा भुगतान करके भाजपा को सत्ता सौंपी थी? चौधरी ने कहा कि जब लोक निर्माण विभाग के काम मंत्री अपने हाथों से नहीं करते हैं। सारे काम ठेकेदारों के जरिए ही होते हैं तो भुगतान भी ठेकेदारों को ही सरकार को करना होगा। ठेकेदार भी काम खुद नहीं करते हैं वह और भी लोगों से काम करवाते हैं, एक बहुत बड़ा इको सिस्टम इससे जुड़ा होता है, जिससे लोगों को रोजगार मिलता है।

प्रदेश का विकास होता है, ठेकेदारों को भुगतान में मिलने से वह नीचे काम करने वाले लोगों को भी भुगतान नहीं कर पाते हैं, इससे पूरे प्रदेश में लाखों लोगों को फर्क पड़ता है। हजार करोड़ से ज्यादा के बकाया में से 80 करोड रुपए देने की बात को कांग्रेस ऐसे प्रचारित रही है जैसे सारा भुगतान कर रही है। कुल बकाया धनराशि का यह दस परसेंट भी नहीं है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह पर युवा मंडल भड़ेच को किया जागरूक

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** नेहरू युवा केंद्र शिमला के माध्यम से सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रशिक्षण भवन भड़ेच में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता युवा मंडल के सचिव संदीप शर्मा ने की। सचिव संदीप शर्मा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान 50 युवा स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जाएगा। स्वयंसेवक अगले 5 दिनों तक प्रशिक्षण लेकर खंड कोटकाई के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम 17 से 23 जनवरी 2025 तक चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान कौशल विकास दिवस का आयोजन भी किया गया। प्रश्नोत्तरी में शविक, ओजस, आदित्य, दक्ष और आर्यन की टीम प्रथम रही। विजेता टीम को युवा मंडल भरेच की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

## लोअर शरमाली में अनियमित पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**दशमी रावत, रोहड़ू।** उपमंडल के अंतर्गत लोअर शरमाली गांव के लोग पिछले 30-35 साल से अनियमित पेयजल सप्लाई से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार समस्या के समाधान की मांग उठाई गई है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

लचर पेयजल सप्लाई से गुस्साए ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर समस्या के निदान की मांग उठाई है। लोअर शरमाली गांव के लिए बिछाई गई पाइप लाइन काफी पुरानी हो गई है। पाइपों में जंग लग गया है, जिस कारण पाइपे कई स्थानों पर फट जाती है। स्थानीय लोगों में भरत भूषण मेहता, सबीरदास, शीला देवी, सुरेंद्र मेहत्ता आदि ने बताया कि गांव में पेयजल नियमित रूप से नहीं आता है। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता जयवंत शर्मा ने बताया कि समस्या का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

कहानी-32

अनंत ज्ञान


# हर गांव कुछ कहता है


अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# सुविधाओं के अभाव में पलायन को मजबूर पुराना कांगड़ावासी

## जरूरी सामान के लिए जाना पड़ता है तीन किलोमीटर दूर नया कांगड़ा





'हिमाचल प्रदेश न सिर्फ देवी देवताओं के लिए, बल्कि यहां की राजवाड़ा शाही के लिए भी खूब जाना जाता है। हर गांव कुछ कहता है की इस कड़ी में आज हम बात करेंगे जिला कांगड़ा के उस गांव व किले की, जिसका इतिहास अपने आप में कई किस्से और कहानियां बयां करता है। हम बात कर रहे हैं पुराना कांगड़ा के बारे में। मांझी और बाणगंगा नदियां इस प्राचीन गांव के आधार पर संगम हैं, यहां आप धौलाधार का खूबसूरत नजारा भी देख सकते हैं। 5739 वर्ग किलोमीटर में फैले किले में कांगड़ा से जुड़ी कई कहानियां इतिहास में मौजूद हैं। प्राचीनकाल में कांगड़ा त्रिगर्त के नाम से जाना जाता था। यहां पर कई ऐतिहासिक धरोहर भी मौजूद हैं। यूं तो पुराना कांगड़ा एक ऐतिहासिक स्थल है, परंतु समय के साथ पुराना कांगड़ा अपनी पहचान को खोता नजर आ रहा है। कभी राजा-महाराजाओं का प्रसिद्ध रहा यह क्षेत्र सरकार की अनदेखी का भी शिकार हुआ है। जब नया कांगड़ा अस्तित्व में आया तो कई लोग पुराना कांगड़ा को छोड़कर नया कांगड़ा में बस गए। कारण, पुराना कांगड़ा में छोटी-छोटी चीजें भी नहीं मिलती, इसके लिए उन्हें बार-बार करीब तीन किलो मीटर दूर नया कांगड़ा जाना पड़ता है। इस वजह से जहां उनका समय बर्बाद होता है तो वहीं उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। यहीं वजह हैं कि पुराना कांगड़ा के लोग अब यहां से पलायन के लिए मजबूर हो गए है। चूंकि नया कांगड़ा हर लिहाज से विकसित हो चुका है तथा वहां हर तरह की सुख सुविधाएं और जरूरत का सामान मिल जाता है। हालांकि अभी भी पुराना कांगड़ा की आबादी काफी है। जब यहां स्थित किले और मंदिरों का पुरातत्व विभाग ने जीर्णोद्धार शुरू किया तो पर्यटन तो खूब बढ़ा, लेकिन मूलभूत सुविधाएं पहले जैसी ही रह गई। यहां के लोगों को यह बात हमेशा कचोटती रहती है कि सरकार व स्थानीय प्रशासन न जाने क्यों इस इलाके की अनदेखी करता है।



संजय अग्रवाल
संवाददाता
धर्मशाला

पुराना कांगड़ा के किला परिसर में प्रतिवर्ष त्रिगर्त उत्सव भी होता है। भाजपा शासन काल में यह आयोजन बड़े स्तर पर शुरू हुआ, लेकिन मौजूदा दौर में यह अब स्कूल के प्रांगण तक ही सीमित रह गया है। प्रसिद्ध जैन मंदिर के साथ, जयंती माता के मंदिरों सहित अन्य कई ऐतिहासिक मंदिर यहां की शान है।



जैन मंदिर



भगवान अदिनाथ की 5000 वर्ष पुरानी प्रतिमा



नए मंदिर में स्थापित भगवान अदिनाथ की प्रतिमा

## 32 जातियों के लोगों ने 32 कुंओं का करवाया निर्माण

**समुद्र** तल से 2350 फीट ऊंचाई पर बाणगंगा तथा मांझी नदी के तट पर बसे कांगड़ा शहर के कुंओं का इतिहास लगभग 300 वर्ष पुराना है। 18वीं शताब्दी के चतुर्थ भाग में महाराजा संसार चंद के राज्य काल में 32 जातियों के लोगों के लिए अलग-अलग 32 कुंओं का निर्माण करवाया गया था। कटोच वंशज की कुंआं निर्माण कला शैली के बेजोड़ नमूने आज भी कांगड़ा के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध हैं। कुंओं के आर-पार लगे लंबे पत्थर आज अचरज का विषय हैं। कुछ कुंओं में पानी भरने के लिए पत्थर से बनी सीढ़ियों से उतर कर जाना पड़ता था, लेकिन 1905 में भूकंप से कांगड़ा शहर के नौ कुंए दफन हो गए। तदोपरांत बचे 23 कुंए 1980 के दशक तक जनता की प्यास बुझाते रहे। लोगों के घर द्वार तक पाईप एवं नलों के माध्यम से पानी पहुंचने पर प्राकृतिक स्त्रोतों की अनदेखी होने लगी।

## किले में अभी भी खजाने से भरे हैं 8 कुंए

**ऐसा** कहा जाता है कि किले में अभी भी खजाने से भरे 8 कुंए हैं जिनका पता लगाना बाकी है। अकबर के नेतृत्व में मुगल सेना ने 17वीं शताब्दी की शुरुआत में इस किले पर कब्जा करने के 52 असफल प्रयास किए। किला आखिर में ब्रिटिश सैनिकों के हाथों में चला गया और तब तक रहा जब तक कि अप्रैल 1905 में एक भीषण भूकंप ने इसकी मजबूत नींव को हिला नहीं दिया।

## 5000 हजार वर्ष पुरानी प्रतिमा हो रही खंडित

**पुराना** कांगड़ा स्थित जैन मंदिर के मैनेजर कमलजीत सिंह के अनुसार जैनियों का प्रमुख मंदिर किले के भीतर मौजदू है जो 5000 हजार वर्ष पुराना है। नए मंदिर में स्थापित भगवान अदिनाथ की प्रतिमा 750 वर्ष पुरानी है। देश-विदेशों से जैन समुदाय के लोग यहां आते हैं। किले के भीतर जो भगवान आदिनाथ की प्रतिमा है, वहां जाने के लिए श्रद्धालुओं से पैसे लिए जाते हैं जो की अनुचित है। इसमें हमें छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो 5000 हजार वर्ष पुरानी प्रतिमा है वे खंडित हो रही है। जब प्रतिमा पुरानी हो जाती है उसमें लेप किया जाता है ताकि वे सुरक्षित रहे। सरकार हमें मूर्ति में लेप करने की आज्ञा प्रदान करे।



कमलजीत सिंह
मैनेजर, जैन मंदिर

## घंटों करना पड़ता है बस का इंतजार


**पुराना** कांगड़ा निवासी संगीता पठानिया ने कहा कि पुराना कांगड़ा के लोगों को बंदरों के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है। बस सुविधा भी कम होने से लोगों को शहर का रुख करने में घंटों बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे जो धीरे-धीरे कम हो रहे हैं।



संगीता पठानिया

## सरकारों ने दिया लॉलीपॉप

**पुराना** कांगड़ा के ही वरिष्ठ नागरिक सतपाल का कहना है कि यहां पहले कई कार्यक्रम होते थे जो अब नहीं हो रहे हैं। कई सरकारें आई और लॉलीपॉप देकर चली गईं। पीने के पानी के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर बनाने के लिए सरकार पैसे देने की बात तो कर रही है, मगर मिल कुछ भी नहीं रहा। हमने लेंटल डालना है पर पैसा नहीं मिलने से काम रुका हुआ है।



सतपाल

**समस्या** प्रशासन ने सरकार को कई बार लिखकर भी दिया, नहीं उठाएं गए कोई कदम

# पार्किंग की सुविधा के लिए तरस रहा डीडीयू अस्पताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला का डीडीयू अस्पताल पार्किंग की सुविधा के लिए तरस रहा है। यहां पर गाड़ियां पार्क करने के लिए एक भी पार्किंग नहीं है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को लेकर आने वाली गाड़ियां व एंबुलेंस को पार्क करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग हर कहीं सड़कों पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं।

हैरानी की बात है कि सरकार को प्रशासन कई बार लिखित में दे चुका है फिर भी पार्किंग बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यहां पर एक बहुमंजिला भवन भी बनकर तैयार हुआ है, लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि पहले पार्किंग का इंतजाम किया जाना चाहिए था।



यहां पर एंबुलेंस भी बड़े मुश्किल से पार्क होती है। मरीजों को अस्पताल लाने वाले लोगों को भी कार्ट रोड में गाड़ियां पार्क करनी पड़ती है। कई बार लोगों को चालान तक हो जाते हैं। अब यहां पर मरीजों को लाने वाले लोगों सहित स्टाफ काफी परेशान है। इस अस्पताल में प्रतिदिन 1 हजार से 1500 की ओपीडी रहती है। ऐसे में मरीजों को लाने वाली गाड़ियों की संख्या भी अधिक हो जाती है। कई बार अस्पताल के बाहर वाहनों की इतनी भीड़ लग जाती है कि मरीजों व तीमारदारों को गुजरने की भी जगह नहीं होती है।

## आपातकालीन के लिए सिर्फ 20 से 25 गाड़ियों की पार्किंग

आपातकालीन के लिए डीडीयू में 20 से 25 गाड़ियों की पार्किंग है, लेकिन यह भी पता नहीं कब तैयार होनी है। इसका काम अभी शुरू हो चुका है। इस पार्किंग में सिर्फ आपातकालीन मरीजों को लाने वाले वाहन व अस्पताल के जरूरी वाहन को पार्क किया जाएगा।

## अस्पताल में स्टॉफ की भी खल रही कमी

**डीडीयू** अस्पताल में स्टॉफ की भी काफी ज्यादा कमी खल रही है। यहां पर 80 के आसपास डॉक्टर, नर्सें व कर्मचारी की आवश्यकता है। स्टाफ की कमी को दूर करने का मामला कई बार प्रशासन ने सरकार के ध्यान में लाया है, लेकिन समस्या तस की जस बनी हुई है। सरकार स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

## उद्यान विभाग चौपाल उपलब्ध करवा रहा उन्नत प्रजाति के फलों के पौधे

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** उद्यान विभाग द्वारा चौपाल में बागवानों के लिए उन्नत प्रजाति के फलों के पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे है। उप निदेशक उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश सुदर्शना नेगी पौध वितरण को लेकर अधिकारीयों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी कर समय-समय पर इसकी रिपोर्ट ले रही है।

उन्होंने निर्देश दिया कि कुपवी जैसे दूरदराज क्षेत्र में बागवानों के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए ताकि बागवानों को पौधों की अच्छी किस्म चुन कर उन्नत बागीचा तैयार करने में मदद मिल सके।

पौधों की अधिक डिमांड होने पर पीसीडीओ धुरला फॉर्म एवं बमटा तथा चौपाल के दूर दराज क्षेत्र पुलबाह के पंचायत घर में अस्थाई वितरण केंद्र खोले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सेना दिवस के मौके पर रिज मैदान में 'रन फॉर फन' मैराथन का आयोजन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

77वें सेना दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान में सेना प्रशिक्षण कमान, शिमला द्वारा रिज मैदान पर 'रन फॉर फन' मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें सेना के जवानों, उनके परिवार के सदस्य के अलावा शहर के आम लोगों व युवाओं ने बढ़ी संख्या में हिस्सा लिया और देश की रक्षा में सीमाओं पर तैनात जवानों को नमन किया। मैराथन को आर्मी ट्रेनिंग कमांड, शिमला के जनरल अफसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

मैराथन दो श्रेणियों 'रन फॉर फन' 5 किलो मीटर और मिनी मैराथन 10 किलो मीटर में आयोजित की गई। मैराथन में हिस्सा ले रही युवतियों ने कहा कि आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला द्वारा मैराथन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रह कर स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया जा रहा है उन्होंने भी मैराथन में भाग लेकर देश के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी

## हर्बल आधारित पद्धति कई बीमारियों में रामबाण

**हर्बल आधारित औषधीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथी बीमारियों के लिए रामबाण सिद्ध हो रही है। इन दवाइयों का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। देश भर में हजारों चिकित्सक उच्च गुणवत्ता वाली औषधि से रोगयों का उपचार कर रहे हैं। हर्बल आधारित इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति हर प्रकार के रोगियों के लिए आशा की किरण बन गई है। इन दिव्य औषधियों से कैंसर, सिस्ट और स्टोन के साथ सभी प्रकार के जटिल रोग ठीक हो रहे हैं।**

## हजारों चिकित्सक उच्च गुणवत्ता वाली औषधि से कर रहे रोगियों का उपचार



**डॉ. सुरेंद्र ठाकुर**
निदेशक रबिसन इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन धर्मशाला

### हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक वनस्पतियों के अपार भंडार

**हिमाचल** प्रदेश में प्राकृतिक वनस्पतियों के अपार भंडार हैं, जिनका वैज्ञानिक तरीके से दोहन करने की आवश्यकता है। भले ही सरकार की तरफ से विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं को वन संपदा के संरक्षण हेतु कार्य करने की अनुमति दी गई हो, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि वन क्षेत्र व पर्यावरण को संरक्षित रखने में क्या उपाय किए जा रहे हैं। वनस्पति विज्ञान पर आधारित शोध व अध्ययन में जुटी संस्था रबिसन इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन धर्मशाला के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर बताते हैं कि भारत में परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के शोध व विकास के लिए केंद्रीय अथवा राज्य स्तर पर रिसर्च के लिए विशेषज्ञों की टीम तैयार करके उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। इसमें हर्बल आधारित औषधीय विज्ञान इलेक्ट्रो-होम्योपैथी को भी शामिल किया जाए, ताकि इस पद्धति से मानव शरीर को असाध्य बीमारियों से बचाया जा सके।



### संसद में लाया गया विधेयक

**भारत** सरकार की ओर से इस पद्धति को अपनाने के लिए संसद में विधेयक लाया गया है और इसके तहत विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। यद्यपि राजस्थान सरकार ने सन् 2018 में विधेयक पारित कर इलेक्ट्रो-होम्योपैथी को मान्यता दे रखी है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा स्थित रबिसन इंडिया इलेक्ट्रोहोम्यो फार्मा द्वारा निर्मित हर्बल औषधियों की बिक्री संपूर्ण भारत में की जाती है। इससे हजारों चिकित्सकों को उच्च गुणवत्ता वाली औषधि मिलती है और देश व प्रदेश को को करोड़ों रुपए का टैक्स मिलता है। निसंदेह हिमाचल सरकार को इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना बनाने की जरूरत है, ताकि राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके और लोगों की जान बचाई जा सके। इससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

### धर्मशाला के बगली में पिछले साल खुला संस्थान

*उल्लेखनीय बात यह है कि संस्थान के अथक प्रयासों से धर्मशाला स्थित बगली गांव में एक निजी शिक्षण संस्थान की स्थापना 2024 में हुई है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 12वीं पास छात्रों के लिए तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है, जिसमें नियमित पढ़ाई करने के बाद एक वर्ष का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु पूरी पढ़ाई के बाद एक चिकित्सक के तौर पर भारत के किसी भी राज्य में प्रैक्टिस करने के लिए पात्र होंगे।*

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला



# सर्दियों में स्वास्थ्य का रखें विशेष ख्याल

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए खुद को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए। इस दौरान पैर, सिर और कानों को खासतौर से ढककर रखना चाहिए। सर्दियों में कम से कम 6 से 8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है। ठंड के मौसम में शरीर को ठंड से बचाने के लिए जैसे गर्म कपड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक इसी प्रकार से गर्म चीजों का सेवन भी किया जाता है। इस दौरान स्किन सूखने लग जाती और फटने भी लगती है तो इसके लिए तेल या बॉडी लोशन का उपयोग कर सकते हैं। आमतौर पर हम गर्मियों में कम खाना खाते हैं तो उसकी तुलना में सर्दियों में भूख में भी इजाफा होता है। सर्दियों में शरीर से मेहनत भी कम होती है। खासकर इस मौसम में सभी को अपनी सेहत का ख्याल रखना काफी जरूरी है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि सर्दियों के मौसम में किस प्रकार से अपना ख्याल रखा जाता है और किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखा जाता है। सर्दियों के मौसम में खानपान का खास ख्याल रखना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। क्योंकि इस मौसम में शरीर में कई प्रकार का संक्रमण और बीमारियां भी लगने का खतरा बना रहता है।

### विटामिन सी युक्त पदार्थ खाएं

**सर्दियां** आते ही सिट्रस या विटामिन सी युक्त पदार्थों के सेवन पर ध्यान दें। इसके लिए संतरा, नींबू, आंवला आदि में से कोई एक दिन में जरूर खाएं। इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलेगी और सर्दी खांसी आदि से भी बचाव होगा। विटामिन डी के सेवन का भी ध्यान रखें व धूप में भी वक्त बिताएं। इसके अलावा भोजन में हल्दी, अदरक व लहसून की मात्रा जोड़ें। इसके लिए व्यंजनों में पिसा अदरक जोड़ा जा सकता है और सलाद में ऊपर से कद्दूकस करके भी डाला जा सकता है। अगर आप साबुत अनाज, दलिया आदि का सेवन करते हैं तो ये वजन कम करने में भी असरदार हैं और हृदय के लिए भी फायदेमंद साबित होते हैं। इस मौसम में सब्जियों और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए। इस मौसम में फ्राइड और सैचुरेटेड फूड्स का उपयोग नहीं करना चाहिए।

### पानी आवश्यक मात्रा में पीएं

**वैसे** तो गर्मियों की तुलना में सर्दियों में कम पानी पिया जाता है, लेकिन इस मौसम में आवश्यक मात्रा में पानी पीना चाहिए। याद रखें कि पानी खाना खाने के तुरंत बाद न लेकर आधे घंटे के अंतराल पर पीएं। वहीं, अगर आप इस मौसम में हर्बल-टी पीते हैं, तो इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का लेवल भी डाउन होता है।



**डॉ. शकुंतला आर्य**
निदेशक, आर्य हॉस्पिटल मैहतपुर, ऊना

*अगर आप अपनी बॉडी फिट रखना चाहते हैं तो इसके लिए सर्दियों से अच्छा मौसम और कोई नहीं हो सकता है। इस दौरान आप अपने वजन को कंट्रोल करें। बॉडी को फिट रखने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज कीजिए। अगर आप जिम में जाकर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो रोजाना सैर पर अवश्य जाएं। चलने से शरीर में गर्मी पैदा होती है और इससे खून का दौरा बढ़ता है। सर्दियों के मौसम में ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करना चाहिए। इस मौसम में नमक का कम मात्रा में सेवन करना चाहिए क्योंकि अधिक नमक का सेवन करने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।*

# पीलिया

## ऋतु परिवर्तन व लापरवाही से उपजा रोग

हमारा जिगर या लीवर हमारे शरीर का वह वाइटल ऑर्गन है, जो शरीर की सभी मेटाबॉलिक और रसाई निक गतिविधियों को अंजाम पर पहुंचाता है। कुल मिलाकर हम लीवर को शरीर का कारखाना भी कह सकते हैं। सर्दियों की समाप्ति और गर्मियों की आहट के साथ जब ऋतु परिवर्तन होता है तो दूषित जल और भोजन के संक्रमण से पीलिया रोग हो जाता है जो यकृत (जिगर) या लिवर को खराब कर देता है। इस रोग को जॉन्डिस, कामला, पांड, कुंभकामला और हलीमक जैसे नामों से भी लक्षणभेद के आधार पर जाना जाता है। जैसा कि नाम से ही विदित होता है पीलिया रोग में मरीज के शरीर में पीलापन नजर आता है, आंखों में पीलापन के साथ मूत्र का रंग भी गाड़ा पीला हो जाता है। इसके साथ बुखार, ठंड लगना, जोड़ो में दर्द, कमजोरी महसूस होना, नाक से खून आना, उल्टी होना, सिर चकराना भी इस रोग के लक्षण हैं। आमतौर पर पीलिया के तीन प्रकार ही होते हैं जैसे- इंफेक्टिव, ऑब्सट्रक्टिव और वायरल, जिनका निदान के बाद तदानुसार इलाज संभव हो पाता है। जिगर का संक्रमण विशेष परिस्थितियों को छोड़कर आमतौर पर हेपेटाइटिस ए, बी और सी वायरस के कारण ही होता है, जो दूषित जल और दूषित खाने के कारण ही पैदा होता है।



**डॉ.रामस्वरूप चांद**
(बीएएमएस, डीएनएनवाई)





### लक्षण

*पीलिया के लक्षण रोगी में धीरे-धीरे ही दिखते हैं, जिससे बीमारी का पता जल्दी नहीं लगता और रोगी को इस बीमारी से पूर्णतया ग्रस्त करने में काफी समय लगाता है। इसी वजह से इलाज में देरी होना स्वाभाविक ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार संसार में 10-15 लाख रोगी हर वर्ष इस रोग से ग्रस्त होते हैं। पीलिया होने से जिगर काम नहीं करता और 0.1 प्रतिशत रोगी मृत्यु के शिकार भी हो जाते हैं।*

### पीलिया होने के मुख्य कारण

**पीलिया** एक ऐसा रोग है, जो मानव मल से दूषित जल और खाने की वस्तुओं के सेवन से फैलता है। दूषित जल, भोजन और दूध पीलिया को तुरंत एक स्थान से दूसरे स्थान मनुष्यों द्वारा पहुंचा देते हैं। शौचालयों का फालतू पानी, गंदी नालियों का पानी, तालाबों में रुका पानी और सिवरेज की लीकेज भी पीलिया को बढ़ाते हैं। खाने के बर्तनों को दूषित जल से धोने से भी यह बीमारी फैलती है। इसके अलावा हेपेटाइटिस वायरस के कारण खून व चमड़ी के दूषित होने व एक ही सिरिंज का बारंबार प्रयोग इसके फैलने का एक प्रमुख कारण हो सकता है। बहुपति और बहुपत्नी प्रथा भी इस रोग को बढ़ाने में सहायक है। पीलिया लीवर की बीमारी का लक्षण हो सकता है। ऐसा तब होता है जब क्षतिग्रस्त लीवर कोशिकाएं बिलीरुबिन को संसाधित नहीं कर पाती हैं। बिलीरुबिन आपके रक्तप्रवाह में चला जाता है, जिससे पीलिया होता है।

### खुद को ऐसे बचाएं इस रोग से

**समान्यतः** यह रोग 15 से 45 दिनों के बीच ही पनपता है, परंतु ज्यादा संक्रमित क्षेत्र में यह समय कम भी हो जाता है। पीलिया से बचाव के लिए बेहतर हो कि जल स्रोत को ढककर रखें और जल स्रोत के नजदीक मलमूत्र त्याग निषिद्ध होना चाहिए। व्यक्तिगत सफाई, पानी उबालकर पीना या फिर क्लोरीन युक्त जल का प्रयोग तथा साफ जल से बर्तन धोना। साफ-सुथरा पर्यावरण और वाटर सील शौचालयों का होना आवश्यक है। एक रोगी को एक ही सिरिंज का इस्तेमाल इस रोग से बचाता है। पीलिया रोगी को रोग का आभास होने पर तुरंत चिकित्सीय सलाह लेकर धैर्यपूर्वक इलाज करवाना चाहिए। वायरस से बचने के लिए समय रहते वैक्सीनेशन करवानी चाहिए। मानवीय लापरवाही से होने वाली इस बीमारी का इलाज दवाइयों से ज्यादा उचित खान-पान, स्वच्छ रहन सहन और परहेज से ही संभव होता है।





# बदलते मौसम में एलर्जी करे परेशान

**पतझड़ और सर्द मौसम आप को कई प्रकार की एलर्जी से परेशान कर सकता है। इसके बचाव को जरूरी उपाए और डॉक्टर की सलाह जरूरी होती है। सालभर रहने वाली एलर्जी को ईयर-राउंड एलर्जी कहा जाता है। बारहमासी एलर्जी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। बेड या कार्पेट्स पर नजर आने वाले कीड़ों के कारण यह एलर्जी हो सकती है। जिन लोगों के घरों में पालतू जानवर जैसे- कुत्ते या बिल्ली होते हैं, उन्हें भी बारहमासी एलर्जी हो सकती है। बेसमेंट या बाथरूम जैसी जगहों पर फंगस पाई जाती है और इससे भी सालभर शरीर में एलर्जी बनी रह सकती है। जो लोग सिगरेट पीते हैं, उन्हें भी ईयर-राउंड एलर्जी हो सकती है। परफ्यूम या फ्रेशनर के इस्तेमाल से भी बारहमासी एलर्जी हो सकती है। जो लोग बाहरी वातावरण या किसी फैक्ट्री में सालभर काम करते हैं, उन्हें हमेशा शरीर में एक प्रकार की एलर्जी की शिकायत रहती है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता ने बारहमासी एलर्जी के लक्षण और इसे दूर करने के उपाय बताए हैं।**



*डॉ. एनके गुप्ता*
*हेल्थ एक्सपर्ट*

### बारहमासी एलर्जी के लक्षण

***खुजली, रैशेज, नाक बहना, आंखों में खुजली, थकान हो सकती है।***

### एलर्जी से बचने के उपाय

**बारहमासी** एलर्जी को दूर करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर फ्लू शॉट ले सकते हैं। साल भर एलर्जी रहती है, तो आपको अपने आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए। बेडशीट, घर के पर्दे और अपने कपड़ों को समय-समय पर बदलते रहें। घर में पानी को भरकर रखने से बचें। अगर किसी जगह जल भराव होता है, तो उसे ठीक करवाएं। भरे हुए पानी में ही मच्छर और अन्य बैक्टीरिया ग्रो करते हैं। घर में ही नहीं, बल्कि घर के बाहर भी आपको बारहमासी एलर्जी की समस्या हो सकती है। जो लोग ऐसी जगह काम करते हैं, जहां इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है जैसे हॉस्पिटल या नर्सिंग होम, उन लोगों को एलर्जी की समस्या रहती है। ऐसी स्थिति में इन उपायों को आजमां सकते हैं।

**सफाई का रखें विशेष ध्यान :** बाहर खाना खाने से पहले अपने हाथों को साबुन और पानी की मदद से अच्छी तरह से साफ करें। किसी बीमार व्यक्ति के संपर्क में रोज आने से एलर्जी हो सकती है। व्यक्ति के खांसने या छींकने से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए मास्क लगाकर रखें। केमिकल वाले स्थान जैसे फैक्टरी में काम करते हैं, तो ग्लब्स पहनकर रहें। पानी को घर से लेकर जाएं, बाहर मिलने वाले दूषित पानी का सेवन करने से भी एलर्जी हो सकती है। ऊपर बताए उपायों से भी मदद न मिले, तो डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

*प्रस्तुति :आर मोहन चौहान, सोलन*

***आज की तेज रफ्तार जीवनशैली और बदलती आदतों के कारण बांझपन की समस्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है। बांझपन का मतलब है, जब कोई दंपति एक साल तक नियमित संबंध बनाने के बाद भी गर्भधारण करने में असमर्थ हो। यह समस्या पुरुष और महिला दोनों में हो सकती है। आइए जानते हैं कि पुरुष और महिलाओं में बांझपन के कारण क्या हैं?***



**डॉ. क्रांति ठाकुर**
आईवीएफ विशेषज्ञ और लैप्रोस्कोपी सर्जन

# पुरुषों और महिलाओं में बांझपन के कारण

### महिलाओं में बांझपन के प्रमुख कारण

1. **हार्मोनल असंतुलन :** हार्मोनल असंतुलन मासिक चक्र को प्रभावित कर सकता है, जिससे अंडाणु (एग्स) का निर्माण बाधित होता है।
2. **पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोमः** यह समस्या अंडाशय (ओवरी) में सिस्ट बनने के कारण होती है ,जिससे अंडाणु का विकास रुक जाता है
3. **एंडोमटेरियोसिस :** इस स्थिति में गर्भाशय के ऊतक (टिश्यू ) बाहर की ओर बढ़ जाते हैं, जिससे प्रजनन प्रणाली बाधित होती है।
4. **ट्यूबों में रुकावट :** फैलोपियन ट्यूब में रुकावट अंडाणु और शुक्राणु के मिलान में बाधा डालती है।
5. **उम्र का असर :** उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अंडाणु की गुणवत्ता और संख्या में कमी आती है।
6. **लाइफस्टाइल फैक्टर :** तनाव, मोटापा, धूम्रपान और अधिक शराब का सेवन महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित करता है।

### पुरुषों में बांझपन के प्रमुख कारण

1. **शुक्राणु :** शुक्राणु की गुणवत्ता में कमी शुक्राणुओं की संख्या, गति (मोटिलिटी) और आकार में कमी पुरुषों में इनफर्टिलिटी का मुख्य कारण हैं।
2. **हार्मोनल समस्याएं :** पुरुषों में हार्मोनल असंतुलन, जैसे- टेस्टोस्टेरोन की कमी, प्रजनन क्षमता की बाधित करता है।
3. **वेरीकोसील :** अंडकोष में नसों की सूजन (वेरीकोसील ) शुक्राणु के उत्पादन और गुणवत्ता को प्रभावित करती है।
4. **जेनेटिक समस्याएं :** कुछ पुरुषों में क्रोमोसोमल असामान्यताएं इन्फेरिलिटी का कारण हो सकती हैं।

### इंफेरिलिटी से बचाव के उपाय

1. **संतुलित** आहार, फलों,सब्जियों और प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करें।
2. **स्वस्थ** जीवनशैली अपनाएं नियमित व्यायाम और तनाव कम करें।
3. **धूम्रपान** और शराब से बचें ये आदतें प्रजनन क्षमता को सीधे प्रभावित करती हैं।
4. **डॉक्टर** से समय पैर परामर्श लें। यदि गर्भधारण में समस्या हो रही है तो समय पर विशेषज्ञ से संपर्क करें।



### हताश होने की आवश्यकता नहीं

**इंफेरिलिटी** का सामना करने वाले दंपतियों को हताश होने की आवश्यकता नहीं है। आज चिकित्सा विज्ञान ने आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन )और अन्य तकनीकों के जरिये माता-पिता बनने की उम्मीद को हकीकत में बदल दिया है सही समय पर निदान और उपचार से यह समस्या दूर की जा सकती है।

***यदि आपको गर्भधारण में समस्या हो रही है तो हमारे आईबीएफ सेंटर आस्था हॉस्पिटल पक्का भरो हमीरपुर में संपर्क करें। हम आपकी समस्या को समझते हैं और आपके लिए सबसे बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां पर आपका इलाज किया जाएगा। अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो मोबाइल नंबर 9418467500 पर संपर्क करें।***

# एनेस्थीसिया के लिए कंसेंट

**कंसेंट का मतलब दो या अधिक लोगों का एक ही चीज पर एक ही तरीके से सहमत होने से है। स्वास्थ्य सेवा में डॉक्टरों को किसी भी प्रक्रिया को करने से पहले कंसेंट लेना होता है। यह मौखिक-लिखित या संकेतित (क्रियाओं से समझी गई) हो सकती है। उदाहरण के लिए यदि आप किसी डॉक्टर के पास जाते हैं, तो यह संकेतित होता है कि आप सामान्य जांच के लिए सहमत हैं, लेकिन बड़ी प्रक्रियाओं के लिए लिखित कंसेंट आवश्यक होती है, ताकि सब कुछ स्पष्ट और सहमति से हो। एनेस्थीसिया के लिए अलग कंसेंट की आवश्यकता होती है, जो आमतौर पर एनेस्थेटिस्ट द्वारा ली जाती है, क्योंकि वे इसके जोखिमों और प्रभावों के विशेषज्ञ होते हैं।**



*डॉ. आयेशा गोयल, सहायक प्राध्यापक, एम्स बिलासपुर*

### कंसेंट महत्वपूर्ण क्यों?

- **कानूनी आवश्यकता**
डॉक्टरों को चिकित्सा प्रक्रियाओं को करने के लिए कानूनी अनुमति की आवश्यकता होती है।
- **रोगी अधिकार**
रोगियों को यह समझने और सहमत होने का अधिकार है कि उनके शरीर के साथ क्या किया जाएगा।
- **विश्वास और पारदर्शिता**
रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच भरोसेमंद संबंध बनाता है।

### कंसेंट क्यों जरूरी?

- **समय और स्पष्टता**
डॉक्टरों को प्रक्रिया से काफी पहले कंसेंट लेना चाहिए, ताकि रोगी बिना दबाव के इसे सोच सके।
- **सर्जरी के दिन**
सर्जरी के दिन, रोगी तनाव में हो सकते हैं या दवाओं के प्रभाव में हो सकते हैं, जो उनके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, प्रक्रिया से ठीक पहले कंसेंट की पुष्टि की जानी चाहिए।

### कंसेंट कौन देता है?

**सक्षम वयस्क**
केवल रोगी ही कंसेंट दे सकता है, कोई और उनकी ओर से नहीं।
नाबालिग : नाबालिगों (18 वर्ष से कम) के लिए, एक माता-पिता या संरक्षक को कंसेंट देनी होती है।
**आपातकाल**
आपात स्थितियों में डॉक्टर बिना कंसेंट के जीवन बचाने के लिए आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन इन निर्णयों को दस्तावेज बनाना बेहतर होता है।

### परिवार के सदस्य का नामांकन

***एनेस्थीसिया के दौरान अप्रत्याशित स्थितियों में कंसेंट देने के लिए एक परिवार के सदस्य को नामांकित करें। इसके कारण हैं-***

**त्वरित निर्णय :** सर्जरी के दौरान समय महत्वपूर्ण होता है। एक पूर्व-नामांकित परिवार के सदस्य को तैयार रखना कंसेंट देने के लिए मूल्यवान समय बचा सकता है और आवश्यक प्रक्रियाओं में देरी नहीं होती है।

**स्पष्टता और संचार :** परिवार के सदस्य रोगी की स्थिति के बारे में जानते हैं, बेहतर निर्णय ले सकते हैं। कानूनी और नैतिक अनुपालनः परिवार के सदस्य का नामांकन सुनिश्चित करता है कि कंसेंट कानूनी और नैतिक रूप से प्राप्त हो, जिससे बाद में विवाद या कानूनी मुद्दों का जोखिम कम होता है।

# न्यूज ब्रीफ

## पठानिया इलेवन ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता




**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन से शुरू हुए देश भर में युवा खेल महाकुंभ जैसे आयोजन के उपलक्ष्य पर शाहपुर महाविद्यालय में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को आखिरी फाइनल मैच स्टार 11 व पठानिया 11 की टीम के बीच में खेला गया। इसमें पठानिया 11 की टीम विजय रही। प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन मनीष एवं बेस्ट बोलर साहिल (प्रधान) रहे इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सत्यम नर्सिंग कॉलेज के एमडी एवं समाजसेवी कमल शर्मा एवं वशिष्ठ अतिथि अवनीश राणा, कावेश चैहान, जसविंदर जस्सू, अंकुश वर्मा और इकाई अध्यक्ष सौरभ शर्मा भी उपस्थित रहे।

## खुंडियां का नितिन जेएनयू के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां के बारी कलां का नितिन ठाकुर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली में पीएचडी के लिए चयनित होने से चंगर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है । पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य संजय राणा ने बताया कि इतिहास में पहली बार ऐसा पहली बार हुआ है कि चंगर क्षेत्र से नितिन ठाकुर का दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में चयन होना चंगर क्षेत्र के लिए बड़े ही गर्व की बात है। नितिन के पिता सतवीर सिंह ने बताया कि नितिन ने पहली कक्षा से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में ही की है। माता बीना देवी ने अपने गुदड़ी के लाल की इस उपलब्धि के लिए खुशी जाहिर की है। नितिन ठाकुर ने बताया कि अगर व्यक्ति में पढ़ाई की लगन हो तो सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई करके उच्च बुलंदियों को छुआ जा सकता है।

## पठानिया ने महिला को भेंट की व्हील चेयर



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** क्यारी गांव निवासी 65 वर्षीय गुडो देवी पत्नी प्रभात चंद पैरालाइज होने से चलने में असमर्थ हो चुकी हैं। विधायक केवल सिंह पठानिया को जैसे ही इस बारे में पता चला तो उन्होंने समाजसेवी डॉक्टर कांत लगवाल के साथ घर जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। महिला को व्हील चेयर देकर उसकी मदद भी की। विधायक ने गुडो देवी की परिवार सहित आर्थिक मदद भी की। पठानिया ने कहा कि मेरा ध्येय ही जनता की सेवा करना है। जनता हमेशा मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद रखे।

## मजदूरों को कानूनी सहायता से करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उत्थान संस्था के साथ मिलकर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम के पास रह रहे मजदूरों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 75 से 80 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को शुरू करते हुए उत्थान संस्था के निर्देशक स्वास्तिक मस्ताना द्वारा सभी का स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से संतोष व सुरेश उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मजदूरों व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त में मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। इसके साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से कुलदीप उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मजदूरों को आपदा के समय होने वाली जान माल की हानि से किस प्रकार से बचा जा सकता है, के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में जिला श्रम विभाग से कुलदीप द्वारा श्रम अधिनियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संतोष व सुरेश, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से कुलदीप, जिला श्रम कार्यालय से कुलदीप तथा उत्थान संस्था के निर्देशक स्वास्तिक मस्ताना व आरंभ संस्था से अभिषेक, साहिल व दीपक उपस्थित रहे।

## बोदा स्कूल की अनंत को मिलेगी छात्रवृत्ति



**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट छात्रवृत्ति हेतु राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोदा की अनंत भाटिया का चयन हुआ है। अनंत भाटिया ने जिला कांगड़ा की मेरिट सूची में पांचवा स्थान हासिल कर सफलता पाई है। इसके अंतर्गत अनंत भाटिया को कक्षा छठी, सातवीं तथा आठवीं में क्रमशः चार, पांच व छह हजार प्रति माह के हिसाब से तीन कक्षाओं में एक लाख अस्सी हजार रुपए मिलेंगे। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति अभिभावकों तथा अध्यापकों ने खुशी जताई है तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि इस योजना के तहत जिला कांगड़ा में 14 बच्चों तथा पूरे प्रदेश में कुल 100 बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

## पंजाब के दो युवकों से 24.25 ग्राम चिट्टा पकड़ा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत बीती रात पुलिस ने मुकाम सुनेहड़ में गश्त के दौरान सड़क किनारे खड़े सागर भट्टी पुत्र किशन चंद निवासी अमृतसर पंजाब और मनीष पुत्र किशन लाल निवासी अमृतसर, पंजाब से 24.25 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा की अगुवाई में पुलिस ने गश्त के दौरान सुनेहड़ में पैदल चल रहे दो व्यक्तियों को देखा। पुलिस गाड़ी को देखते ही आरोपियों ने सड़क को किनारे चिट्टा फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। थाना प्रभारी चमन लाल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

## धर्मशाला में एकता हेल्प ग्रुप की नई टीम गठित



**अनंत ज्ञान, गगल।** एकता हेल्प ग्रुप नाम से बने गैर राजनीतिक समाजसेवी संगठन ने धर्मशाला विधानसभा हलके में अपनी नई टीम उतार दी है। रविवार को गगल के निकट भीम टिल्ला में एकता हेल्प ग्रुप की बैठक में आम सहमति से चुनाव हुए। इसमें सिंपल भुल्लर सराह को संगठन का चेयरमैन चुना गया,जबकि वाइस चेयरमैन का जिम्मा कमला नाग ढगवार को दिया गया। कमला देवी और जागृति को संगठन में सचिव की बागडोर सौंपी गई। कोषाध्यक्ष अजय चुने गए, जबकि संयोजक नेरटी से राम कुमार शर्मा व गंगभैरो से सतीश चौधरी चुने गए। मीडिया प्रभारी की कमान मनेड से विकास सैणी को दी गई है। धर्मशाला हलके में नगर निगम एरिया, ग्रामीण 28 पंचायतों के अलावा आसपास के विधानसभा क्षेत्रों में भी यह संगठन लोगों की मदद करेगा। ग्रुप ने इसी कड़ी में तीन जरूरतमंद परिवारों को बेटियों की शादी के लिए मदद भी सौंपी है।

## अवैध खनन करने पर किया 50 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** खनन विभाग के माइनिंग ऑफिसर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए रविवार को अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी को जब्त किया गया। माइनिंग गार्ड सनी जायसवाल द्वारा मौके पर जेसीबी चालक से 50 हजार का जुर्माना वसूला किया गया है।

# नशा माफिया से सख्ती से निपटेंगे : सीएम

## कहा, नशे के विरुद्ध छेड़े अभियान में नशा तस्करों की 11 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

**भूषण शर्मा, नूरपुर**





मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशा माफिया को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ माह से पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक अभियान आरंभ किए हैं तथा इस अभियान के तहत नशा तस्करों की 11 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

उन्होंने कहा कि नशा माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को राज्य में लागू किया है, जो कि मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में लगातार शामिल अपराधियों को हिरासत में लेने में सक्षम बनाता है, जिससे सार्वजनिक हितों की रक्षा होती है। मुख्यमंत्री रविवार को कांगड़ा जिला के नूरपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने आर्या राजकीय स्नातक महाविद्यालय नूरपुर के लिए 5 करोड़, मदर एंड चाइल्ड अस्पताल को आरम्भ करने के लिए 3 करोड़, वजीर राम सिंह पठानिया स्टेडियम में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 2 करोड़, नूरपुर में सड़कों के रख-रखाव के लिए 2 करोड़ और जसूर-कटाहल सड़क के लिए 2 करोड़ प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने नूरपुर में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने पार्किंग की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री सत महाजन को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह प्रदेश अध्यक्ष थे तो मैं युवा कांग्रेस का अध्यक्ष था। आज अजय महाजन के दिल में अपने लोगों के लिए वही दर्द है जो सत महाजन के दिल में था, लेकिन चुनाव हारने का नुकसान उस विधानसभा क्षेत्र को होता है।

वहीं, पूर्व विधायक अजय महाजन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश के छह हजार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रुप में अपनाया है और पहली बार उन्हें देश के भ्रमण के लिए हवाई जहाज से भेजा और उन्हें थ्री स्टार होटल में ठहराने की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बहुत जोश है और वह प्रगति के लिए एक नई दिशा दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### हेल्थ सर्विस निदेशालय और मेडिकल कॉलेज का काडर होगा अलग-अलग

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्तमान सरकार व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से प्रदेश में लोगों को गुणात्मक सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रही है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और बड़े अस्पतालों में अत्याधुनिक तकनीक की मशीनें उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि लोगों को प्रदेश के भीतर से विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए हेल्थ सर्विस निदेशालय और मेडिकल कॉलेज का काडर अलग-अलग किया जाएगा।

# हैप्पी बर्थडे



पनापर की प्रांजल राणा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## 723 छात्रों ने दी जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला इंदौरा में 391 छात्र-छात्राओं और ब्लॉक नगरोटा सूरियां और जवाली के 332 छात्रों ने छठी कक्षा में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा दी। इंदौरा स्कूल के प्रधानाचार्य मोहन शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में 463 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था, इनमें से 72 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, नगरोटा सूरियां स्कूल के प्रधानाचार्य हरभजन सोहल ने बताया कि नगरोटा और जवाली दोनों ब्लॉकों से कुल 375 छात्रों ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें से 43 छात्र अनुपस्थिति रहे।

## एलआईसी ने 28 लाख करोड़ देश के विकास पर लगाए : मिन्हास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संगठन के आह्वान पर उपमंडल पालमपुर के अंतर्गत साथी भवन सुलह में रविवार को 'एक मजबूत भारत के लिए एक मजबूत एलआईसी' विषय पर एक विशाल जन जागरण सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संगठन शिमला मंडल के सचिव प्रदीप मिन्हास ने कहा कि एलआईसी ने 28 लाख करोड़ से ज्यादा का धन देश के आधारभूत ढांचे जैसे पावर, सड़क, रेलवे, बिजली और पानी की योजनाओं में लगाया है और देश को प्रगति के पथ पर लाने में एलआईसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# सीएम ने पौंग झील व बाथू की लड़ी का किया दौरा

## प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को दिए निर्देश

**अनिल छांगू, जवाली**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला कांगड़ा के पौंग डैम में पक्षियों को निहारा और प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बाथू की लड़ी में प्राचीन मंदिरों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि साइबेरिया और मंगोलिया से प्रवासी पक्षी पौंग डैम में आते हैं। यह देशभर से आए पर्यटकों का मुख्य आकर्षण होते हैं। उन्होंने वन विभाग को इन पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए दो नावें पहले ही तैनात की जा चुकी हैं और आगंतुकों के लिए दो अन्य स्पीड बोट की सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पहल से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पिछले वर्ष इस क्षेत्र में लगभग 25 से 30 हजार पर्यटकों ने भ्रमण किया था। क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौंग झील के निकट क्षेत्रीय जल केंद्र में जल क्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पौंग बांध पर आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षेत्र में दिसंबर, 2024 तक 92,885 प्रवासी पक्षियों की संख्या दर्ज की गई हैं तथा सीजन के अंत तक इनकी संख्या एक लाख होने की संभावना है। इसकी तुलना में पिछले वर्ष अक्तूबर से जनवरी तक पूरे सीजन के दौरान 85,000 पक्षी यहां आए थे। उन्होंने कहा कि औसतन प्रतिवर्ष 100 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी पौंग बांध आते हैं, इस वर्ष इनकी 85 प्रजातियां देखी जा चुकी हैं। इस मौके पर उनके साथ कृषि एवं मंत्री चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, पुलिस जिला नूरपुर एवं देहरा अशोक रतन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## नूरपुर विधानसभा क्षेत्र को दी 30.85 करोड़ की सौगात



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** मुख्यमंत्री ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र को 30.85 करोड़ रुपए की सात विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दीं। उन्होंने 13.07 करोड़ रुपए लागत की योजनाओं के लोकार्पण और 17.78 करोड़ रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखीं। मुख्यमंत्री ने 7.82 करोड़ से बने दरड़ नाला-डमोह संपर्क मार्ग तथा दो पुलों का लोकार्पण किया तथा 2.05 करोड़ रुपए से बने जिला फॉरेंसिक यूनिट का उद्घाटन किया। उन्होंने 2.84 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित खज्जियां हार सम्पर्क मार्ग तथा 36.66 लाख रुपए से बने विद्युत विभाग के उपमंडलीय भवन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने नूरपुर के जाच्छ में 13.91 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कंडवाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवन तथा 86.83 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले गरेली खड्डु पुल की आधारशिला रखी तथा भूमि पूजन किया।

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी का मामला संसद में उठाएंगे : डॉ. भारद्वाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि हर्बल आधारित इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के मामले को संसद में पुरजोर ढंग से उठाया जाएगा, ताकि देश को इसका लाभ मिल सके। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के संस्थापक काऊंट सीजर मैट्टी के चित्र पर माल्यार्पण करने के दौरान डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि ऐसे लोग विरले होते हैं, जो विश्व कल्याण की भावना से कार्य करते हैं। डॉ. राजीव भारद्वाज ने धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर का दौरा किया और यहां पढ़ाई कर रहे देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने पद्धति की बारीकियों के संबंध में जानकारी ली तथा हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रोहोमोपैथिक चिकित्सक संघ द्वारा उठाई गई मांग पर विचार विमर्श करने का आश्वासन दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व प्रधानमंत्री के संज्ञान में लाकर उचित कार्रवाई करने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा, निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कोंडल और छात्र-छात्राओं ने सांसद का अभिनंदन किया।

## खैर की लकड़ी चोरी करने के आरोप में तीन पर मामला दर्ज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पठानकोट पुलिस की ओर से जंगलात विभाग की शिकायत के आधार पर खैर के वृक्ष काटने संबंधी हिमाचल के तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मोहित टांक ने बताया कि लखबीर सिंह फॉरेस्ट ब्लॉक अफसर पठानकोट की ओर से शिकायत दी गई है कि 3 जनवरी को सुबह 3:15 बजे सरकारी स्टिप रावी-ब्यास लिंक नजदीक टी पॉइंट से एक गाड़ी चौक वाला खूह की तरफ गई। इसमें लकड़ी लदी हुई थी। इसको रोकने की कोशिश की गई, लेकिन गाड़ी के ड्राइवर ने तेज रफ्तार गाड़ी चला कर हमारे ऊपर चढ़ने की कोशिश की। गाड़ी की जांच को अलग-अलग जगह पर सीसीटीवी कैमरे चेक कर लोगों का पता लगाया गया। जांच में अजय निवासी डमटाल तथा उसके दो साथियों गोविंदा तथा विशु पर सुजानपुर पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू ने शीतकालीन प्रवास पर विकास के लिए खोल दिया खजाना

## कांगड़ा जिले की जनता कांग्रेस सरकार का कर रही जोरदार स्वागत

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने शीतकालीन प्रवास के दौरान जिला कांगड़ा के विकास हेतु खजाना खोल दिया है। मुख्यमंत्री जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर वहां करोड़ों रुपए से निर्मित होने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं व कई योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। विकास को लेकर मुख्यमंत्री का शीतकालन प्रवास नया इतिहास लिखता नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों की फोन खुद वहां की विस्तृत रिपोर्ट लेकर वे वह संबंधित अधिकारी को अपने दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शीतकालीन प्रवास के दौरान गांवों के विकास की रुपरेखा वहां के लोगों से बातचीत कर बनाने बनाने के आदेश भी अधिकारियों को रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है जनता मालिक है शासन व प्रशासन इस बात को ध्यान में रखकर परिवारजनों से जुड़े कार्यों में अधिकारी तीव्रता दिखाएं और समयबद्ध तरीके से परिवारजनों से जुड़े कार्य पूरा करें।

सेवा, सुरक्षा, सहयोग के भाव के साथ अधिकारी जनसंपर्क बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा जनता से संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के अधिकारियों को आदेश हैं के वे जनता से मिलें। और उनके कार्य पूरा करें। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इसके साथ ही जनता को योजनाओं से संबंधित आ रही समस्याओं का तुरंत निवारण करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं पर 80 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है, उनका निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए तथा लोक निर्माण विभाग को निविदा फार्मों के शुल्क को तर्कसंगत बनाने के निर्देश दिए हैं। अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सरकार के मंत्री व विधायक भी जनता से मिलकर विकास को गति देने में आगे बढ़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## 6.11 ग्राम चिट्टा और देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ/भवारना।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत ढाडू बावड़ी नजद सकड़ी स्कूल के अजय कुमार निवासी जमरैला से 6.11 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, पुलिस थाना भवारना के तहत पनापर खोली में मंगत राम से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर करवाई शुरू कर दी है।

# रक्तदान शिविर में एकत्रित किया 15 यूनिट रक्त

**अनंत ज्ञान, नगरी**



ग्राम पंचायत बड़सर में रविवार को भारत भूषण डेजीगनेशन फाउंडर मैनेजिंग डायरेक्टर पियूर अर्थ ईको वेंचर्स के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

इसमें बुद्धाचार्य ब्लड टीम ने रक्त इकट्ठा किया। समाजसेवी बाबा त्रिलोक नाथ ने रक्तदान करने वालों को प्रणामपत्र बांट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अजय कुमार उपप्रधान ग्राम पंचायत बड़सर, आशा वर्कर तृप्ता रीना, डॉक्टर संजय भारद्वाज सेवा निवृत बीएमओ भी मौजूद रहे। कैंप में 15 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। बड़ी बात यह रही कि दो बच्चे जिनकी उम्र अभी रक्तदान करने की नहीं है, वे भी रक्तदान करने पहुंच थे। उनका रक्त तो नहीं लिया, लेकिन उनके हौसले को देखते हुए पुरस्कृत जरूर किया गया।

## समझ को बढ़ाने के लिए वाद-विवाद बहुत महत्वपूर्ण : धर्मगुरु दलाईलामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**



बायलाकुप्पे में तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा ने प्रमुख गेलुक मठवासी शिक्षण केंद्रों के भिक्षु-विद्वानों द्वारा वाद-विवाद कौशल की प्रस्तुति में भाग लिया। दलाईलामा ने कहा कि वास्तविकता के बारे में गलत धारणाओं पर काबू पाने के लिए वाद-विवाद प्रभावी तरीका है। कहा कि जब मैं पढ़ाई कर रहा था, तो मैं अपने वाद-विवाद सहायकों के साथ वाद-विवाद का अभ्यास करता था। इससे मुझे बहुत मदद मिलती थी।

**संबोधन** देहरा भाजपा कार्यालय में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

# सच्चे राष्ट्रवादी थे भीमराव अंबेडकर: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, देहरा**



संविधान निर्माण में बाबा साहेब के अतुल्य योगदान का ऋणी है हर भारतीय। उक्त उद्गार भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने संगठनात्मक जिला देहरा भाजपा कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कपूर ने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर यह पूरा राष्ट्र उत्सव रूपी अभियान के रूप में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, इस अभियान के माध्यम से संविधान के मूल्य और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा। संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने का एक और अवसर प्राप्त हुआ है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि संविधान पूर्ण रूप से किसी भी देश का सर्वोच्च ग्रंथ होता है। यह वह किताब है जिसमें देश की संवैधानिक संरचना टिकी होती है। भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया में सबसे लंबा और सबसे विशाल संविधान है, जिसमें 25 भाग हैं, 12 अनुसूचियां और 448 अनुच्छेद हैं। भारत एकमात्र संप्रभु व गणतंत्र देश है, जिसमें इतनी विभिन्नताएं हैं। इसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जो योगदान है उसको हर भारतीय कभी नहीं भूला सकता है।

## विपन बने पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स संघ के जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर संघ शिक्षा विभाग जिला कांगड़ा की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला कांगड़ा के सभी ब्लॉक अध्यक्षों समेत सभी मल्टी टास्क वर्कर मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से विपन ठाकुर को जिलाध्यक्ष तथा मदन कुमार को सचिव चुना गया। इस बैठक में सुरेंद्र, रविंद्र कुलदीप, गौरव, पुष्पा देवी, सुकन्या निर्मला, दिनेश, सीमा, मोनिका, सुमना रितिक, रजनी, अनिता, कुलदीप, नीता व अन्य मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना

मैं, धर्म पाल (70) पुत्र स्वर्गीय दित्तू राम, गांव भनाला डाकघर और तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा राजू कुमार और उसकी पत्नी नीलम कुमारी व उसके बच्चे जो कि मेरे और मेरी पत्नी के कहने से बाहर हैं। उनको मैं अपने घर व अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अगर किसी का इनके साथ कोई लेना-देना होगा तो वह खुद जिम्मेदार होगा। सभी नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी आबिद हुसैन सादिक को मिलेगा कहलूर गौरव अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं लाडली फाउंडेशन की बैठक का आयोजन गोबिद सागर वॉटर स्पोर्ट्स कार्यालय मंडी भराड़ी फोरलेन के पास में किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि मंडी भराड़ी गोबिंद सागर झील बिलासपुर में पर्यटन की दृष्टि से वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां को नोटिफाइड करवाने हेतु उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक कहलूर गौरव अवॉर्ड 2025 से मंगलवार 21 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर सदस्य हेमराज ठाकुर, शालु, विक्की ठाकुर ने बताया कि 25 फरवरी 2023 को एसोसिएशन द्वारा लिखित रूप में उपायुक्त बिलासपुर अबिद हुसैन सादिक को ज्ञापन सोंपा गया था, जिसमें मांग की गई थी कि गोविंद सागर झील में पर्यटकों के लिए वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां करवाने हेतु नोटिफाई करवाया जाए। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के सफल प्रयासों से गोबिंद सागर झील की जगह नोटिफाईड हो पाई है। गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन गोबिंद सागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरने के लिए पिछले लगभग 10 वर्षो से कार्य कर रहा है। गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, ब्लाक महासचिव हेमराज ठाकुर ने बताया कि गोविंद सागर झील बिलासपुर एवं कौल डैम को पर्यटन की दृष्टि से वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां को नोटिफाइड करवाने हेतु तथा बांदला की धार में पैराग्लाइडिंग की सुचारू अधिसूचना करवाने एवं जिला बिलासपुर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरने हेतु उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को कहलुर गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर हिमाचल एडवेंचर वॉटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### सेऊ गांव में पौड़ियों से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवी थाना के तहत सेऊ गांव में पौडियों से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला घर में रोजमर्रा के कार्य कर रही थी कि अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गई। परिजन उसे हमीरपुर अस्पाल ले गए जहां से उसे एम्स बिलासपुर रैफर किया गया। एम्स में उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान कौशल्या देवी उम्र करीब 85 बर्ष गांव सेऊ के तौर पर हुई है। स्थानीय पंचायत प्रधान पवन कुमार ने बताया की सेऊ गांव की बुजुर्ग कौशल्या देवी शनिवार को घर पर मौजूद थी। गजर के कार्यो को करना कौशल्या देवी की दिनचर्या थी। शनिवार को भी कौशल्या देवी अपने घरेलू कार्य में लगी थी। दिन में करीब 11 बजे वह पौडियों से गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे हमीरपुर आपताल ले गए। अचेत अवस्था में ही बुजुर्ग महिला को हमीरपुर से एम्स बिलासपुर रैफर किया गया। जहां पर शनिवार देर शाम को महिला की मौत हो गई। प्रधान पवन के मुताबिक पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं वुजूर्ग महिला के शव का रविवार को पैतृक श्मशानघाट सेऊ में अंतिम संस्कार किया गया।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच बिलासपुर की बैठक एचआरटीसी वर्कशाप स्थित दुर्गा मंदिर मंदिर परिसर में वरिष्ठ सदस्य रामलाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लंबित मांगों को लेकर गहनता से चर्चा की गई और अगली रणनीति तैयार की गई। बैठक में रामलाल ठाकुर के साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष श्याम राणा, महासचिव किशोरी लाल शर्मा, ज्ञान सिंह, शिव कुमार और बाबूराम आदि ने कहा कि जनवरी महीने की पेंशन पंद्रह जनवरी को जारी की गई जबकि पेंशनरों को हर माह की पहली तारीख को पेंशन मिलती थी। लेकिन अब यह नई व्यवस्था पेंशनर्ज पर भारी पड़ रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि पेंशन हर महीने की पहली तारीख को ही डाली जाए। इसके साथ ही महंगाई भत्ते और चिकित्सा बिलों का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। वहीं, 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को बकाया राशि का भुगतान किया जाए। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र अमलीजामा नहीं पहनाया गया तो पेंशनरों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार व निगम प्रबंधन की होगी।

### एसोसिएशन ने तीन पेंशनरों को किया सम्मानित




**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर सदर खंड के अंतर्गत कंदरौर इकाई की बैठक प्रधान बाबू राम धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला प्रधान जगदीश दिनेश, जिला महामंत्री चेत राम वर्मा, सदर खंड सचिव राम प्रकाश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत आत्माओं की शांति के 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में कंदरौर इकाई का वार्षिक समारोह भी मनाया गया, जिसमें 70 वर्षीय की आयु पूर्ण करने वालों को शाल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं 3 पेंशनरों जीत राम कटवाल, बोहरा राम, सल्लो राम को सम्मानित किया गया। बैठक में प्रधान बाबू राम धीमान द्वारा इकाई का लेखा जोखा रखा गया जिसे सभी समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा पारित कर दिया गया तथा पिछले तीन सालों की गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके बाद प्रधान बाबू राम धीमान ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करते हुए आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव करवाने की घोषणा की। जिला महामंत्री चेत राम वर्मा को चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए अधिकृत किया गया और राम प्रकाश सचिव सदर खंड को सहायक नियुक्त किया गया। कंदरौर इकाई के चुनाव सर्वसमिति से करवाए गए। जिसमे बाबूबराम धीमान को दोबारा से प्रधान बनाया गया जबकि प्रकाश सिंह ठाकुर को वरिष्ठ उपप्रधान, प्रेम लता व भूरी सिंह ठाकुर को उपप्रधान, बालक राम कटवाल को सचिव, दिला राम कटवाल को वित्त सचिव, छोटा राम को सह सचिव , रूप लाल वर्मा को लेखा परीक्षक , हेमा राज धीमान को संगठन सचिव, डा. धर्मेंद्र कुमार शर्मा को मुख्य सलाहकार व मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया।

## नगर परिषद बिलासपुर ने शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए दर्जनों साइन बोर्ड

# खुले में कूड़ा फेंकने पर लगेगा 2 हजार जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**

अब अगर आपने शहर के किसी भी कोने पर खुले में कूड़ा फेंका तो नगर परिषद बिलासपुर आपका चालान कर सकती है। शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए नगर परिषद ने शहरवासियों से सहयोग की अपील की है।

नगर परिषद बिलासपुर ने शहर के डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर, निहाल, कोसरियां, गुरुद्वारा मार्किट व अन्य स्थानों पर साइन बोर्ड लगा दिए हैं, जिसमें साफ तौर पर लिखा गया है कि आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं, अगर कोई कूड़ा फेंकता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नगर परिषद कार्रवाई करेगी साथ ही 500 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

आपको बता दें कि शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए है। वहीं, खासकर उन स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं, जिन स्थानों पर खुले में लोगों द्वारा कूड़ा फैंका जाता था। गौरतलब है कि नगर परिषद बिलासपुर द्वारा काफी सालों से




डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना शुरू की गई है। ऐसे में प्रतिदिन नप की गाड़ियां सुखा और गीला अलग-अलग से कूड़ा उठाती है, लेकिन शहर के कुछ घर अभी भी ऐसे हैं जो इस योजना के तहत कूड़ा नहीं देते हैं और रात में वह खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं।

नगर परिषद के पास इस तरह की काफी शिकायतें आ रही है। ऐसे में इन सभी शिकायतों का निवारण करने के लिए नप ने यह सख्त कदम उठाए हैं, ताकि शहर को साफ सुथर बनाया जा सकें।(अनंत ज्ञान)

### आप कैमरे की नजर में हैं

शहर की बात करें तो नप द्वारा दर्जनों सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। ताकि प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सकें। अब कूड़ा की समस्या को लेकर यह कैमरे काफी कारगार भी सिद्ध होंगे।

### नगर परिषद ने अपनी डंपिंग साइट की चिन्हित

नगर परिषद ने डंपिंग साइट भी चिन्हित कर ली है, जिसकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नई डंपिंग साइट भी शुरू हो जाएगी। अभी तक डंपिंग साइट न होने के चलते नप को सूखा कूड़ा अपने ही प्रांगण में एकत्रित करना पड़ रहा है, लेकिन नप के अधिकारियों का कहना है कि यह सूखा कूड़ा जल्द ही सीमेंट कंपनियों में भेजा जाएगा, ताकि नप प्रांगण साफ-सुथरा रहेगा।

### चालान करने के आदेश जारी

**नप** अधिकारियों का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई चालान नहीं किया गया है, लेकिन शिकायतें अधिक मिलने की वजह से नप ने यह चालान करने को लेकर आदेश जारी किए हैं। ताकि खुले में कूड़ा फैंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सकें।




"शहर के विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। अगर खुले में कोई कूड़ा फेंकता हैं तो उक्त परिवार के मुखिया से 500 से लेकर 2 हजार रुपए तक का चालान वसूला जाएगा। शहर को साफ सुथरा बनाए रखने में नगर परिषद बिलासपुर कार्यरत हैं।
–कमल गौतम, नगर परिषद अध्यक्ष बिलासपुर।

## जमीन कुर्की पर निदेशक ने रखा अपना पक्ष

# किसानों ने समय दिए जाने के बावजूद नहीं सुलझाए मामले

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



जिला में हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा किसानों की जमीनों को कुर्क करने के संवेदनशील मामले को लेकर इसके निदेशक ने अपना पक्ष रखा है। परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक बिलासपुर के निदेशक अधिवक्ता नंदलाल ठाकुर ने कहा कि जिले में 10 लोगों की जमीनें कुर्क हुई हैं, लेकिन संबंधित किसानों को बैंक ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के आधार पर अपना मामला सुलझाने का अवसर प्रदान किया था। जिसके तहत प्रदेश में 46 किसानों के मामले सुलझाए गए।

उन्होंने बताया कि जिन किसानों की जमीनें कुर्क हुई हैं, वह मामले 10 साल पुराने हैं तथा संबंधित किसानों ने समय दिए जाने के बावजूद अपने मामले नहीं सुलझाए। संबंधित जमीनें बैंक के नाम पर हो चुकी थीं। उन्होंने बताया कि निदेशक होने के नाते वह किसानों के हितों की पैरवी करने और उनके हितों को सुरक्षित रखने के लिए वचनबद्ध हैं, लेकिन इसके साथ ही वह बैंक को बचाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन व निदेशक मंडल में तालमेल की कमी है, पिछले 8 महीनों से बैंक की बैठक नहीं हो पाई है। जिस कारण वह किसानों का पक्ष नहीं रख पाए हैं। स्पष्ट किया कि कुछ लोग जानबूझकर बैंक का ऋण लौटाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते। उन्होंने कहा कि बैंक के पास अपना स्थाई एमडी भी नहीं है। जिस कारण बैंक की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

उन्होंने मांग की है कि बैंक को स्थाई एमडी प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त वह किसानों के हितों को लेकर सजग हैं तथा जिन किसानों के एलपीए होने वाले हैं, उनसे उनके ऋण को सुलझाने लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, जिसे वह बैंक प्रबंधन को भेज रहे हैं।

# 12 बोरी तंबाकू के नहीं मिले बिल 8 लाख रुपए का जीएसटी चोरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के एक व्यापारी की गोदाम में हुई केंद्रीय माल एवं सेवाकर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय (जीएसटी इंटेलिजेंस) नई दिल्ली की टीम की दबिश में बहुत काफी सामग्री बिना बिल के पाई गई है। शनिवार दिन भर चली दबिश में टीम सारा रिकार्ड लेकर दिल्ली लौट गई है।

जानकारी के मुताबिक व्यापारी के पास 12 बोरी ऐसे तंबाकू उत्पाद खैनी बरामद हुई है, जिनके बिल ही नहीं थे। व्यापारी ने यह सामान चोरी से लाया था और जिसका कोई बिल भी नहीं था एवं जीएसटी चोरी की

**केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय दिल्ली की टीम ने दी दबिश**

थी। बताया जा रहा है कि व्यापारी ने करीब आठ लाख रुपए की जीएसटी चोरी की थी। अब आयुक्तालय ने व्यापारी के खिलाफ आगामी कार्रवाई होगी।

यहां बता दें कि गत शुक्रवार रात को जीएसटी इंटेलिजेंस टीम बिलासपुर पहुंच गई थी। शनिवार को टीम ने बिलासपुर शहर के एक बड़े कारोबार के गोदाम में दबिश दी। टीम ने दिन भर व्यापारी के गोदाम में रहकर रिकार्ड जांचा।

उक्त कारोबारी सिगरेट, बीडी, तंबाकू व अन्य उत्पादों को थोक व्यापारी है। उक्त व्यक्ति इन पदार्थों की खरीद में जीएसटी की हेराफेरी करता था या कहें तो जीएसटी चोरी करता था। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर हुई जांच की गया कि उक्त व्यक्ति केंद्रीय जीएसटी में बड़े स्तर पर हेराफेरी कर रहा है।

उधर डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि उक्त केंद्रीय जीएसटी टीम ने शुक्रवार रात को बिलासपुर पुलिस के साथ संपर्क किया था। टीम को पुलिस बल उपलब्ध करवा दिया था।

# लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ), राजेश कुमार कौशल ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ), बिलासपुर और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता मास–जनवरी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को जन–जन तक पहुंचाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का ध्येय है 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा', जिसके तहत लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही, वाहन चालकों और आम जनता के




स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए आई टेस्ट कैंप, हेल्थ चेकअप और ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को 11:30 बजे बिलासपुर बस स्टैंड, 22 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे पंचायत घर झंडूता नजदीक बस स्टॉप, 24 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे घुमारवीं बस स्टैंड तथा 28 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे स्वारघाट बस स्टैंड में वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त

सड़क सुरक्षा नियमों, वाहन चलाने की सही तकनीक, और यातायात संकेतों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बिलासपुर जिले के सभी निवासियों, वाहन चालकों, और युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल आपकी सुरक्षा के लिए है, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# प्रेस इलेवन की टीम ने 60 रनों से जीता दोस्ताना मैच



प्रेस इलेवन टीम के सदस्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

रविवार को राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में प्रेस इलेवन व बागवानी विभाग बिलासपुर के मध्य दोस्ताना मैच आयोजित किया गया, जिसमें पहले टॉस जीतकर बागवानी विभाग की टीम ने फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। प्रेस इलेवन की ओर से ओपनर सलामी बल्लेबाज हेमतं नेगी और शुभम राही ने शानदार ओपनिंग की, लेकिन तीसरे ओवर में हेमतं नेगी मात्र 13 रन बनाकर आउट हो गए और वापस पवेलियन लौट गए। ऐसे में बल्लेबाज शुभम राही ने कुल 48 रनों की पारी खेलते हुए अपनी टीम को अच्छी शुरूआत की। इसके बाद बल्लेबाज अनिल पटियाल ने रनों को आगे बढ़ाते हुए बेहतर बल्लेबाजी की। बल्लेबाज में गोल्डी ठाकुर, नेत्र सिंह, राहुल दबड़ा, और मनीश गारिया ने बेहतर पारी खेली और 12 ओवर में कुल 118 रन बनाए गए। दूसरी ओर विपक्षी टीम में बागवीन विभाग की टीम के कप्तान अधिकारी अभिषेक कुमार ने शुरूआती पारी खेली। बागवानी टीम के सभी खिलाड़ियों बल्लेबाजी करते हुए कुल मात्र 42 रन ही बना पाए। अंत में प्रेस इलेवन बिलासपुर की टीम ने यह दोस्ताना मैच जीत लिया।

अनिल पटियाल ने कहा कि इस तरह की खेलों से अधिकारियों और कर्मचारियों में अच्छा समन्वय बना रहता है और वह अपने मानसिक और शारीरिक तौर से भी अपने आप को स्वस्थ्य रखता है। बागवानी विभाग बिलासपुर के अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि ऐसी खेलों को बढ़ावा देना चाहिए।

# जनकल्याण ही कांग्रेस का संकल्प : संदीप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार चुनौतियों के साथ साथ जनकल्याण की योजनाओं पर खरा उतर रही है और प्रदेश सरकार का एक मात्र लक्ष्य ही जनकल्याण है। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जनकल्याण की अवधारणा से आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों को 7 लाख रुपये की राशि का प्रावधान जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए 1 लाख रुपए का प्रावधान, गौशाला निर्माण के लिए 50000 रुपये ही वित्तीय सहायता, अग्निकांड में जले हुए मकान के रिहायसीयों को रहने हेतु 5000 रुपये प्रतिमाह किराया जैसे प्रावधान करके प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनकल्याण योजनाओं का साफ संदेश दिया है।

संदीप सांख्यान ने कहा कि इस जनकल्याण की योजनाओं के साथ अनुदान छोड़ने वाली अपीलों से साफ झलकता है कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रदेश सरकार संकल्पित है। लोगों द्वारा चुनी गई सरकार को गिराने की चुनौती विधानसभा में दी गई थी और इस चुनौती को लोंगो ने ही स्वयं स्वीकार किया और एक बार नहीं, दो बार भाजपा को लोकतंत्र का पाठ पढ़ा कर प्रदेश ही नही बल्कि देश को भी लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार बार यह संदेश दे रहे हैं कि वह सत्ता सुख के लिए बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए है और प्रदेश से भ्र्ष्टाचार, सामाजिक असमानता को मिटाकर प्रदेश के हर नागरिक को सामजिक न्याय से जोड़ कर आत्मनिर्भर हिमाचल बना कर ही दम लेंगे।

# हर मजदूर को केवाईसी करवाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत बैरी मियां मे श्रम कल्याण बोर्ड की तरफ से एक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में ई केवाईसी की गई। इस कैंप में विशेष रूप से प्रधान मधु चन्देल, जितेंद्र कुमार वासू और श्रम कल्याण बोर्ड की तरफ से मोटिवेटिड सुमित कुमार और जेओए आईटी कौशल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हर मजदूर को केवाईसी करवाना जरूरी है। इसके लिए पंचायतों में प्रधानों के माध्यम से कैंप आयोजित करवाए जा रहे हैं। जिसमें मजदूर को अपना आधार कार्ड, अकाउंट नंबर , परिवार नकल व श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा जारी पत्र और जिस मोबाइल नम्बर से आधार लिंक हो वह फोन लेकर आना है। उन्होंने बताया कि ई केवाईसी के बिना कोई भी सुविधा नहीं दी जाएगी।



# निर्माणाधीन मकान के ताले तोड़कर की चोरी



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर में निर्माणाधीन एक मकान से चोरों ने घर के ताले तोड़कर चोरी कर ली।

पुलिस को दी गई शिकायत में इंद्र मोहन छाबड़ा निवासी मकान नंबर 48ए मेन मार्किट, बिलासपुर ने कहा है कि उन्होंने रौड़ा सेक्टर बिलासपुर में मकान बनाने का काम शुरू किया है। मकान निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन इस मकान में वह अभी तक शिफ्ट नहीं हुए हैं। जिस कारण यहां आना–जाना कम ही होता है।

गत दिवस जब वह इस मकान में गए तो मकान के ताले टूटे पाए। जब मकान का निरीक्षण किया तो बाथरूम से फिटिंग का सामान, गैस स्टोव व सिलेंडर गायब पाए। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया है।

## मैराथन | खेलो इंडिया और फिट इंडिया के तहत मैराथन में 647 प्रतिभागियों ने लिया भाग

# गुरबानी ने हॉफ मैराथन में जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर की रहने वाली 8 वर्षीय गुरबानी ने शिमला में आयोजित हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान हासिल किया है। रविवार को शिमला के रीज मैदान में सेना दिवस के उपलक्ष्य पर सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा हॉफ मैराथन का आयोजन किया था, जिसमें खेलो इंडिया और फिट इंडिया के अंतर्गत विभिन्न आयु समूहों के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित 647 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ऐसे में 5 किलोमीटर की हॉफ मैराथन में बिलासपुर की गुरबानी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया साथ ही उनको इंडियन आर्मी की ओर से प्रशस्ति पत्र व 5 हजार रुपए ईनामी राशि भी दी गई।

बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर के वार्ड नंबर नौ की रहने वाली 8 वर्षीय गुरबानी एथलीट के रूप में प्रतिदिन अभ्यास करती है।



बिलासपुर जिला की सबसे कम उम्र की एथलीट गुरबानी ने बिलासपुर या फिर शिमला ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जिलों में अपना दमखम दिखा चुकी है।

गुरबानी के पिता विशाल सागर एक निजी बैंक में कार्यरत हैं और उनकी माता परमिंद्र सरकारी नौकरी करती हैं। पिता विशाल सागर ने बताया कि प्रतिदिन वह लुहणू मैदान में खेलो इंडिया के कोच से एथलीट की बारिकियां सीखती है। वहीं, हाल ही में बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित हॉफ मैराथन में भी गुरबानी ने अंडर 12 में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी के साथ ही




गुरबानी ने शिमला में आयोजित अंडर 12 में भी प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। बिलासपुर के डीएवी स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ने वाली गुरबानी शिक्षा के साथ खेलों के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

### कई स्पोर्ट्स अथॉरिटी गुरबानी को कर चुकी है सम्मानित

**बिलासपुर** जिला के कई स्पोर्ट्स अथॉरिटी गुरबानी को सम्मानित कर चुकी है। गुरबानी के पिता विशाल सागर का कहना है कि वह उनको खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसी लक्ष्य को देखते हुए वह उनको प्रतिदिन सुबह 5 बजे लुहणू मैदान में अभ्यास के लिए लेकर आते हैं। आपको बता दें कि वैसे तो गुरबानी की उम्र अभी तक मात्र 8 साल की है, लेकिन वह 12 से 14 साल से उम्र के खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ देती है। वहीं, बिलासपुर जिला में गुरबानी को मिनी पीटी उषा के नाम से भी लोग पुकारने लगे हैं। इसी के साथ जिला उपायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व खेल विभाग से जुड़ खिलाड़ियों ने गुरबानी को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# बरठीं में जिला पत्रकार संघ की बैठक आयोजित



**निक्कू राम, बरठीं।** पत्रकार महासंघ की बैठक जिला अध्यक्ष राम सिंह की अध्यक्षता में विश्राम गृह बरठी में सम्पन्न हुई ढ्ढ बैठक के इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पंडित जय कुमार शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेस क्लब झंडूता के आह्वान पर आयोजित की गई इस बैठक में शाहतलाई, झंडूत्ता, गेहड़वी, स्वारघाट व बिलासपुर के करीब दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पत्रकारिता जगत के महत्व तथा समाज के लिए पत्रकारिता की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर परस्पर सहयोग, समरसता के साथ स्वच्छ पत्रकारिता की बात पर बल दिया गया।

बैठक के इस मौके पर पत्रकारों ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र से कांग्रेस घोषणा पत्र में वर्णित पत्रकारों के लिए पेंशन सुविधा दिए जाने की पुरजोर मांग की। पत्रकारों ने समाज के उत्थान के लिए हर वक्त तत्पर रहने वाले पत्रकारों के हित में प्रदेश सरकार फैसला ले तथा पत्रकारों के लिए पेंशन सुविधा दे। बैठक के इस मौके पर झंडूत्ता प्रेस क्लब के प्रधान बाबूराम भारद्वाज, पत्रकार महासंघ बिलासपुर के महासचिव विजय कुमार आदि मौजूद थे।

# राजस्व सदन में प्रवासी युवक ने की चोरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



**नल, टूटियां, पंखे, बिजली की तारे और गीजर आदि सामान किया चोरी**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत उपमंडलीय अधिकारी कार्यालय घुमारवीं के समीप राजस्व सदन में एक प्रवासी युवक द्वारा सदन से नल, टूटिया, बिजली की तारे, पंखे, गीजर इत्यादि समान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी ऑफिस के नजदीक राजस्व सदन में शनिवार को कुछ लोगों ने सदन के भीतर एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में लेटा हुआ पाया, जिसके बाद इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर एक व्यक्ति को सदन के भीतर बेसुध हालत में पाया, जिसने नशे का सेवन कर रखा था। मौके पर शराब की बोतल भी बरामद की गई है। पुलिस ने जब राजस्व सदन में तहकीकात की तो पाया कि युवक ने सदन के भीतर लगे नल, टूटिया, पंखे, बिजली की तारे तथा गीजर आदि सामान गायब था। जबकि कुछ सामान बिस्तर पर रखा गया था। पुलिस ने जांच में पाया कि यह व्यक्ति सदन के लेंटर से होता हुआ वेंटीलेटर के जरिए अंदर घुसा तथा इसमें सदन में जाकर पहले कार्यालय में लगा हुआ काफी सामान चोरी किया जिसके बाद उसने अंदर तोड़फोड़ को भी अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया है । व्यक्ति की पहचान महेश पुत्र विजयपाल गांव लेहरावन डाकघर मझोला तहसील चंदौसी जिला संबल उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। प्रत्यक्ष दर्शियों अनुसार यह प्रवासी इस सदन के निर्माण कार्य में भी काम कर चुका है यही कारण था कि इसे अंदर की सारी जानकारी होने के कारण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। क्षेत्र में प्रवासी लोगों द्वारा लगातार चोरी तथा अन्य घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे लोगों में दहशत बढ़ती जा रही है।

वहीं मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उप मंडलीय अधिकारी घुमारवीं के वरिष्ठ सहायक अजीत कौर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ जारी है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलंबम में 10 प्रतिभागियों ने जीता स्वर्ण पदक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में पहली बार सिलंबम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 लड़कों और लड़कियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जन कल्याण फाउंडेशन की अध्यक्ष अनीता के कर कमलों से किया गया। इस प्रतियोगिता के 10 प्रतिभागी स्वर्ण पदक जीत कर प्रतियोगिता के विजेता बने, जबकि 10 प्रतिभागी रजत पदक जीत कर प्रतियोगिता के उपविजेता रहे। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश सिलंबम एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। सिलंबम एसोसिएशन के सचिव पंकज कुमार ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के बाद नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है, जोकि कन्याकुमारी तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सिलंबन प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर की सिलंबन चैंपियनशिप में भाग लेंगे। सिलंबन प्रतियोगिता के समापन समारोह में डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनकी हौंसला-अफजाई करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भेंट की। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक करवाने के लिए सिलंबम एसोसिएशन के सभी सदस्यों नितिन कुमार, अजय धामी, मीना शर्मा, अजय कुमार, सोनू कुमार, तुषार आदि सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

### सुधार समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, बढ़ते नशे को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद ने कहा कि बढ़ते नशे को लेकर कहीं न कहीं हमारा समाज भी दोषी है, जो नशा तस्करों की हरकतों को देख कर भी खामोश है। अपने घर में ही बच्चों पर ध्यान देना होगा, उनकी अच्छी शिक्षा व खेल प्रतियोगिता में रुचि बढ़ानी होगी। अगर बच्चा कहीं अजीब हरकत करता दिखे, तो ध्यान देना होगा कि वह कहीं गलत संगत में तो नहीं चला गया। बैठक में नशे के प्रति समाज में जागरूकता लाने पर लंबी चर्चा की गई। वहीं, निर्णय लिया कि समिति द्वारा तेगुबेहड़ अस्पताल में चलाई सेवा को और भी बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाएं जाएंगे। वैसे तो सरकार द्वारा अस्पताल में पूरी व्यवस्था रहती है, लेकिन इंसानियत के नाते जरूरत पड़ने पर संस्था सहयोग को हमेशा तैयार रहती है। सुबह से शाम तक एक सेवादार जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अस्पताल में मौजूद रहता है। वहीं, रात्रि सेवा पर भी विचार किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल हार्डवेयर कलैहली, महासचिव रविंदर परमार, सहसचिव झावे राम पहलवान, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद, आजीवन सदस्य अनिल धीमान, घनश्याम वर्मा, महिला विंग की अध्यक्ष नीना घई, सचिव मीना जसवाल, कोषाध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्षा रविंद्रा डोगरा, प्रवक्ता नीलम घई आदि उपस्थित रहे।

# बर्फबारी के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में शीतलहर का बढ़ा प्रकोप

## लाहौल व मनाली घाटी में दिनभर छाए रहे बादल, बर्फबारी की बढ़ी उम्मीद





**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। रविवार सुबह 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। रविवार सुबह से लेकर शाम तक निचले क्षेत्रों में मौसम खराब रहा और आसमान पर दिनभर बादल छाए रहे।

दोपहर बाद रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजुम दर्रे सहित कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का दौरा शुरू हो गया। रविवार सुबह ही लाहौल-स्पीति और कुल्लू में मौसम ने करवट बदली। दर्रे सहित ऊंची चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई। उधर, चोटियों पर हल्की बर्फबारी के बाद कुल्लू और लाहौल में शीतलहर बढ़ गई है। इसके बावजूद फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक अटल-टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की। वहीं, बागवान व किसानों को बर्फबारी व बारिश की उम्मीद है। उधर, मनाली में सोमवार से विंटर कार्निवाल का आयोजन होने जा रहा है, ऐसे में मनाली आने वाले पर्यटकों को बर्फ के फाहों का इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. सूरत चौथी बार बने श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


श्याम संगीत सम्मेलन समिति की साधारण सभा की बैठक अटल सदन के प्रांगण में हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन रणधीर सल्हुरिया ने की।

कार्यकारिणी में डॉ. सूरत ठाकुर को चौथी बार अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष पंडित विद्या सागर को बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेणुका शर्मा, उपाध्यक्ष अलका संदीप आचार्य, महासचिव कैलाश गौतम, सह सचिव जीवन बुढाल, कोषाध्यक्ष निशांत गौतम को चुना गया। सलाहकार जितेंद्र ठाकुर, ठाकुर हलेंदर गिरिराज, दूनी चंद यादव, कैप्टन रणधीर सलहुरिया, संजीव भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य संगीता, प्रीति, वंदना, शोभा शर्मा, अमित महंत, कृष्णा शर्मा, जगदीश, यशपाल, संजय, विद्या ठाकुर, मंजूबाला, सुंदर श्याम महंत, ऋतु सूद, ट्विंकल को बनाया गया। श्याम संगीत सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी कांत देव, कृष्ण कुमार गुप्ता, विपिन खट्टर और संजीव भारद्वाज को संरक्षक सदस्य बनाया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष 24वां श्याम संगीत सम्मेलन स्व. प्रोफेसर श्याम लाल ठाकुर की जयंती पर सात फरवरी, 2025 को मनाया जाएगा। इसमें देश के प्रसिद्ध गायक पद्मभूषण साजन मिश्रा का गायन मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय कलाकार भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## कुल्लू में 21 से होगा संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आगाज : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में 21 जनवरी को जिला स्तरीय संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन होटल वैशाली परिसर गांधीनगर में 11:30 बजे किया जाएगा।



इस कार्यकम में प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा बतौर मुख्यवक्ता शामिल होंगे। इसी क्रम में कुल्लू जिला के नव गठित 12 मंडलों में भी तय तिथियों के अनुसार संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन होगा। मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मनाली मंडल में 24 को होटल शुभम कटराइन में प्रातः 11 बजे यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा होंगे। नगर मंडल के अंतर्गत यह कार्यक्रम 24 को होटल सिक्स सीजन में दोपहर एक बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद होंगे। कुल्लू सदर मंडल में खलाड़ा नाला में 24 को प्रातः 11:30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद होंगे। भुंतर मंडल में यह कार्यक्रम अप्पर मौहल में 22 को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद महेश्वर सिंह होंगे। बंजार मंडल में यह कार्यक्रम दवाला माता मंदिर में 22 को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर होंगी।

## भूपन में मनाया जाएगा माघ महोत्सव

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज तहसील की रैला-दो पंचायत के भूपन गांव में तीन दिवसीय माघ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन नागेश्वर युवक मंडल भूपन द्वारा किया जाएगा। युवक मंडल प्रधान चुने राम व सचिव डाबे राम राणा ने बताया कि हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व दिवस एवं देश के गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर 24 से 26 जनवरी तक माघ महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि माघ महोत्सव में महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व शैक्षणिक संस्थानों की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंग, जिसमें वॉलीबाल, रस्साकसी, लोकनृत्य तथा लोक गान सहित विभिन्न गतिविधियों होंगी।

## डोहलू नाला टोल प्लाजा में टोल टैक्स शुरू होने से पहले फिर उठने लगे विरोध के स्वर

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

डोहलू नाला टोल प्लाजा से टैक्स लेने की तैयारियां एक बार फिर शुरू हो गई हैं। अब कुल्लू से मनाली के मध्य लगे इस टोल पर लोगों को टोल टैक्स देना होगा। डोहलूनाला टोल प्लाजा शुरू होने से पहले ही विवादों में रहा है, जो 2023 में आई आपदा के दौरान सड़क मार्ग के खस्ताहाल होने के बाद बंद कर दिया गया था। करीब 16 माह बाद टोल प्लाजा में टोल टैक्स शुरू होने से पहले एक बार फिर इसके खिलाफ लोग लामबंद होना शुरू हो गए हैं।

इसी के मद्देनजर कटराईं के शुभम कैफे में टोल प्लाजा संघर्ष समिति ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में टोल प्लाजा समिति के अध्यक्ष राजगीर महंत ने बताया कि समिति पिछले 4 सालों से टोल प्लाजा का विरोध करती आ रही है। उन्होंने कहा केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी संसद में बयान दिया है कि 60 किलोमीटर के नियम को पूरा न करने वाले टोल प्लाजा इलीगल हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू से मनाली सहित सड़क अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। वहीं, कुल्लू से मनाली फोरलेन बना ही नहीं है, इसके वाबजूद यहां की जनता पर टोल का बोझ डाला जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



### सीएम से मिलकर टोल प्लाजा का जताया जाएगा विरोध

समिति ने निर्णय लिया कि विंटर कार्निवाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर उनसे भी टोल प्लाजा का विरोध जताया जाएगा और उनसे आग्रह किया जाएगा कि इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री से भी बात करें। विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित समिति के सदस्यों पर कोर्ट में केस चल रहे हैं। एक केस भुवनेश्वर गौड़ व दूसरा केस समिति के अध्यक्ष राजगीर महंत के नाम से चल रहा है, जिसमें कुल 16 लोगों के नाम शामिल हैं। टोल प्लाजा के मैनेजर ने कहा कि वे अपने उच्च अधिकारियों से समिति के विरोध के बारे में अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा हालांकि बीते शनिवार से शुरू होना था, लेकिन अभी काम पूरा नहीं होने कारण कुछ दिनों में शुरू किया जाएगा।

## 88 ग्राम चरस के साथ पंजाब के दो युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

स्थानीय पुलिस का दल रोजाना की तरह गश्त पर था कि तलेरू के पास एक पंजाब नंबर पीबी 35 एएच 7702 मोटरसाइकिल भी लचोड़ी की तरफ से आ रही थी। जैसे ही पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार पुलिस दल को देखकर बुरी तरह से घबरा गए। पूछताछ करने पर जब दोनों युवक संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए तो पुलिस ने दोनों की तलाशी ली। उनके कब्जे से कुल 88 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल हुई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस थाना खैरी में मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 20 एवं 29 के तहत मामला दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों युवकों की पहचान 22 वर्षीय सौरभ पुत्र दलबीर सिंह निवासी गांव व डाकघर रानीपुर तहसील में जिला पठानकोट तथा 25 वर्षीय पारस पुत्र जोगेंद्र पाल निवासी गांव डाकघर रानीपुर तहसील में जिला पठानकोट पंजाब के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ चलाएंगे अभियान के अंतर्गत किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरत रही है।



## परमात्मा को जानने के लिए सद्गुरु की जरूरत: शिवानी

### निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा ने साप्ताहिक सत्संग का किया आयोजन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा ने रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया। इसमें बहन शिवानी ने आई हुई संगत को अपने प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन सच का संदेश देश-विदेश और गांव-गांव में पहुंचा रहा है। सच परमात्मा है और यह हमारे अंग-संग विराजमान है जिसकी अनुभूति निरंकारी मिशन करवाता आ रहा है बहन ने कहा कि परमात्मा का बोध सद्गुरु की कृपा से संभव है, जिसे ब्रह्मज्ञान कहा गया है। उन्होंने कहा कि जब हमें परमात्मा का दीदार हो जाता है उसके बाद कोई भ्रम शेष नहीं रह जाता है। ब्रह्मज्ञानी वही कहलाता है जो परमात्मा को हमेशा अपने अंग-संग महसूस करते हुए सदमार्ग पर चलता है। नफरत निंदा से परे हो जाता है और दूसरे के सुख में अपनी खुशियां मनाता है।





उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन यह संदेश दे रहा है कि परमात्मा को जाना जा सकता है जिसके लिए किसी तपस्या या भक्ति की जरूरत नहीं। जिज्ञासू पल भर में पूर्ण सद्गुरू से पल भर में कण-कण में व्याप्त इस निराकार सत्ता की अनुभूति कर सकता है।

महात्मा ने कहा कि निरंकारी मिशन के उपदेशों का अनुसरण ही मिशन की शिक्षा है। हमारा व्यवहार सौहार्दपूर्ण और मेल-मिलाप वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यवहार से निरंकारी होना चाहिए, न कि हम बोलकर बताएं कि हम निरंकारी हैं। इस दौरान महात्मा राज, अनिल गुप्ता, प्रीतम चंद, वंदना, ईच्छा राम, संजीव कुमार, आदि ने भजन प्रवचनों क माध्यम से निरंकार प्रभु का गुणगान किया। (अनंत ज्ञान)

## आवाम संस्था 26 को चंबा की 5 हस्तियों को करेगी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

देश समाज और मानवता के लिए भिन्न- भिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चंबा कि 5 हस्तियों को इस बार आवाम संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान राज्य स्तरीय कार्यक्रम ग्रामीण खेल एकता मैदान नोरा जसोर नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा में किया जाएगा।

संस्था के संयोजक उत्तम सूर्यवंशी ने बताया कि राज्य भर से कई समाजसेवियों, अधिकारियों रक्तदाताओं सहित चंबा की भी पांच शख्सियतों को अवाम संस्था की चयनित समिति ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसमें डीसी चंबा मुकेश रेप्सवाल जिन्हें अच्छे प्रशासनिक कार्य करने के लिए सोसाइटी अवाम डायनामिक पर्सनेलटी सम्मान, चंबा से संबंधित और बीडीओ कांगड़ा के पद पर सेवारत राजेश चाढ़क को सोसायटी डेडिकेटेड सम्मान, बनीखेत से अशोक दर्द को साहित्य के योगदान के लिए हिमाचली पहाड़ी भाषा सम्मान, हिमगिरी चुराह क्षेत्र से संबंधित हिमाचली लोकगायक जगदीश सोनी और समाजसेवी अंजू धीमान को अवाम डायमंड सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 जनवरी को खेल एकता मैदान नोरा जसोर नगरोटा बगवां में आयोजित किया जाएगा।

### सूडोकु 0049 ✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0048 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## डीएस ठाकुर ने कुटेड़ी में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के अंतर्गत विधायक डीएस ठाकुर ने रविवार को भाजपा मंडल सलूणी के बूथ नंबर 31 कुटेड़ी में एक विशेष बैठक में हिस्सा लिया। जहां क्षेत्र के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तो वही आए हुए विभिन्न कार्यकर्ता तथा समर्थकों के साथ खास मुलाकात भी की। इस दौरान उन्होंने कुछ जन समस्याओं को मौके पर ही निपटाया तो वहीं कई समस्याओं को लेकर उचित दिशा निर्देश भी जारी कर दिए । इस बैठक को लेकर विधायक डीएस ठाकुर ने जानकारी देते हो बताया कि विधानसभा क्षेत्र डलहौजी का हर कोना मेरा घर है और इसमें रह रहे समस्त लोग मेरे परिवार का अभिन्न हिस्सा है। और अपने परिवार के लिए जो भी समस्याएं,मांगे तथा ज़रूरतें रहेगी उसके लिए मैं कतई भी पीछे नहीं रहूंगा, जिसके लिए मैं वचनबद्ध हूं।

## बारिश और बर्फबारी किसानों-बागवानों के लिए वरदान से कम नहीं : प्रमोद शाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा जिले में बारिश और बर्फबारी से सेब के बागानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। दरअसल इन दिनों सेब के पौधे के लिए चिलिंग ऑवर की बहुत जरूरत होती है और जब बारिश और बर्फबारी होती है उस समय इन पौधों के लिए यह चिलिंग ऑवर काफी लाभदायक सिद्ध होते हैं। इन चिलिंग ऑवर की वजह से जहां पैदावार में बढ़ोतरी होती है, वहीं कई प्रकार की बीमारियों से भी सेब के पौधों को निजात मिलती है। उपनिदेशक बागवानी चंबा प्रमोद शाह ने बताया कि इस बार हुई बारिश व बर्फबारी की वजह से सेब के पौधों को काफी फायदा हुआ है, जिससे आने वाले समय में पैदावार बढ़िया होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऊपर व निचले क्षेत्रों में सेब के पौधों के लिए करीब 800 से 1600 चिलिंग ऑवर की जरूरत रहती है, जो इस बारिश और बर्फबारी से काफी हद तक पूरे हो चुके हैं और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में और बर्फबारी होगी और इन सेब के पौधों के लिए चिलिंग ऑवर पूरे होंग।



अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

**20 जनवरी, 2025, सोमवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** षष्ठी (10:01): **नक्षत्र** हस्त (8:31), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** सुकर्मा (2:51) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:53), **राहुकाल** (08:33 - 09:53)।

### विशेष दिन

- 20 जनवरी : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का स्थापना दिवस।
- 21 जनवरी : श्री रामानंदाचार्य जयंती।

**मेषः** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। व्यापार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। जीवनसाथी के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें।

**वृषभः** रु के कार्य बनेंगे। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। समय अनुकूल है।

**मिथुनः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**कर्कः** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हुए है। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह :** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट के आशीर्वाद से नई सफलताएं मिलेंगी। नए शत्रु उभर सकते है। पारिवारिक खर्च बढ़ेगा।

**कन्या :** अध्ययन में अवरोध हो सकता है। कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते हैं। जीवनसाथी अनादर कर सकता है।

**तुलाः** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे। प्रेम प्रकट करने का उचित समय है।

**वृश्चिकः** समय रहते अपने मन की बात कह दें। यदि आप स%चे हैं तो सफलता मिलेगी। आप के सीधेपन का लोग फायदा उठायेंगे, सतर्क रहें।

**धनु :** कारोबार में जल्दबाजी में निर्णय न लें। बीती बातों को लेकर समय बर्बाद न करें। अपनों का साथ मन को शांति देगा। प्रेम प्रसंगों के चलते विवाद संभव है।

**मकर :** धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। विवाह प्रस्ताव संबंधों में बदल सकते हैं। मनचाही नौकरी मिलने के आसार है। भावनात्मक संबंधों में नजदीकियां आएगी।

**कुंभ :** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते है। विदेश जाने के योग हैं। उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें।

**मीन :** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते कि आप आगे बढ़ें, सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालों से सावधान रहें।

## खनन माफिया को जंगल से खदेड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा की कुठेड़ पंचायत में रात के अंधेरे में चोरी-छुपे कशमल का अवैध खनन हो रहा है और इस क्षेत्र में वन भूमि पर कशमल के ढेर लगे हैं। विभाग के बाद स्थानीय निवासियों ने भी जड़ी-बूटियां का अवैध खनन करने वाले माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। कई ग्रामीणों ने अवैध रूप से खनन करने वाले कशमल माफिया को जंगलों से खदेड़ा भी है। कुछ समाजसेवी संस्थाएं भी जड़ी बूटियां के अवैध खनन माफिया तथा वन माफिया के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं, जिसको लेकर वन विभाग ने उचित जांच कमेटी का गठन किया है, जो जांच प्रक्रिया को अंजाम दे भी रही हैं।

**प्रशिक्षण** चंबा रुमाल कढ़ाई, चंबा थाल, शॉल और टोपी बनाने की दी गई ट्रेनिंग

# आश्रय फाउंडेशन ने प्रशिक्षित की 150 महिलाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**



आश्रय फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत 150 ग्रामीण महिलाओं को 90 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आश्रय फाउंडेशन के प्रमुख डॉ.नवीन शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला चंबा के उदयपुर, राजनगर खास, भड़ोह, हरिपुर और कियानी गांवों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सांस्कृतिक और पारंपरिक उत्पादों को संरक्षित करना, रोजगार निर्माण, और आजीविका के स्थायी साधनों को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र पर 25 प्रशिक्षार्थियों का बैच बनाया गया, जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं को चंबा रुमाल कढ़ाई, चंबा थाल, पाइन नीडल उत्पाद, शॉल और टोपी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. नवीन ने बताया कि कियानी में महिलाओं के उत्साहजनक प्रतिक्रिया के चलते दो बैच बनाए गए, जिनमें 50 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण की शुरुआत अक्तूबर, 2024 में की गई तथा इसका अंतिम बैच 18 जनवरी 2025 को समाप्त हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन संबंधी वित्तीय सहायता एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा प्रदान की गई तथा आश्रय फाउंडेशन ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बाजार से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

**कश्मीर** से लेकर कन्याकुमारी तक फैला हुआ यह भारत एक राष्ट्र है, अनेक राष्ट्रीयताओं का समूह नहीं। –**अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

## सरकार की चिंता

हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार कई कदम उठाने जा रही है। सीएम सुक्खू ने कांगड़ा जिले के अपने शीतकालीन प्रवास के दौरान यह संकेत दिया है। उन्होंने आगामी बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विस्तृत योजना लाने की बात कहकर अपना तथा सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट कर दिया है। सरकार का यह प्रयास सिरे चढ़ता है तो सरकार की आर्थिक सेहत भी काफी हद तक सुधर जाएगी। कर्ज के बोझ तले दबी प्रदेश सरकार जब तक अपने संसाधनों से राजस्व बढ़ाने की तरफ ध्यान नहीं देगी तब तक बार–बार कर्ज लेने का दौर यूं ही चलता रहेगा। यह अच्छी बात है कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाने की सोची है। सुक्खू सरकार राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सरकार ने पिछले दो सालों में गाय के दूध की खरीद मूल्य में 15 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।

अब राज्य में गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से खरीदा जा रहा है। राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी प्रदान किया है। सरकार प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की को 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही है। इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के गरीब किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुधर रही है । फ्री में कुछ भी चीज नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे मुफ्तखोरी को बढ़ावा मिलता है और लोग निक्कमे हो जाते हैं। अमीरों को तो सब्सिडी बिलकुल भी नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे हिमाचल पर वित्तीय बोझ बढ़ता है। पहले राज्य में बड़े होटल व्यवसायियों को भी कई तरह की सब्सिडी दी गई, लेकिन वर्तमान सरकार ने राज्य में अति धनवानों को दी जाने वाली सब्सिडी अब वापस ले ली है। सब्सिडी पर सिर्फ राज्य के सबसे गरीब लोगों का ही अधिकार होना चाहिए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने के लिए कृषि और पशुपालन क्षेत्र में सुधार आवश्यक है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की सुविधाएं प्रदान करने से किसानों की आय बढ़ सकती है। पशुपालन और डेयरी विकास को बढ़ावा देने से भी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ सकते हैं, जिनका लाभ आमजन को भी होगा। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने से किसानों की आय बढ़ सकती है और पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सकती है। वैसे भी आजकल फसलों में अत्यधिक फर्टिलाइजर का इस्तेमाल होने से लोगों की सेहत खराब हो रही है। लोग ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं और डॉक्टरों के चक्कर लगा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ऑर्गेनिक खेती से उपजा अन्न और फल लोगों को तंदुरुस्त रखेगा और वो अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ सकते हैं।

गांवों में ऐसी बहुत सारी चीजें दर्शनीय हैं, जिन्हें देखने के लिए पर्यटक लालायित रहते हैं, लेकिन वे गांवों में जाने से इसलिए संकोच करते हैं, क्योंकि वहां उन्हें मूलभूत सुविधाएं मयस्सर नहीं हो पाती हैं। हस्तशिल्प और कारीगरी को बढ़ावा देने से भी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ सकते हैं। जितने ज्यादा उत्पाद बिकेंगे ग्रामीणों को उतना ही लाभ होगा, बशर्ते स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा मिले। अच्छे उत्पाद बनने के साथ–साथ बेहतर मार्केटिंग की आवश्यकता भी होती है, क्योंकि जब तक ग्रामीणों के हाथों से बने उत्पादों की मार्केटिंग नहीं होगी, तब तक उन्हें अच्छे दम नहीं मिल पाएंगे और उन्हें उनकी मेहनत का रिटर्न नहीं मिलेगा, तो एक वक्त ऐसा आएगा कि वह निरुत्साहित होकर अपने काम से मुंह मोड़ लेंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार भी समय की मांग है।

गांवों में सड़कों और परिवहन की सुविधाएं चकाचक होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और परिवहन की समुचित व्यवस्था होने से एक तरफ जहां समय की बचत होगी, तो वहीं लोगों को आने–जाने में भी आसानी होगी और इससे पर्यटक भी धड़ाधड़ गांवों की ओर रुख करेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ाने की संभावना रहेगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पानी की सुविधाएं प्रदान करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के साधन सृजित किए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाएं प्रदान करने से हर काम में आसानी होगी और चीजों को समझने में भी मदद मिलेगी। यही नहीं, ग्रामीण सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठा पाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तो बेहद जरूरी है वरना ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का पलायन होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि हर मां–बाप अपने बच्चों का करियर बनाने के लिए गंभीर रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम चलाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर मिलेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ सकते हैं। ■

# नशा मतिभ्रम वाला जाल, कर न दे नरक जैसा हाल

दुनिया में हर इंसान अपनी जिंदगी इंजॉय करना चाहता है। कुछ लोग जिंदगी को ज्यादा अनुभव करना चाहते हैं। इसके लिए वह कई तरीके इजाद करते हैं और उन्हें अपनाते हैं। इनमें से कुछ सही होते हैं और कुछ गलत। यदि किसी को सही तरीका नजर नहीं आएगा तो स्वाभाविक है वह शॉर्टकट के रास्ते पर चला जाएगा और यही शॉर्टकट उसके जिंदगी के दिन भी शॉर्ट कर देता है। नशा भी जिंदगी को आनंदपूर्ण बनाने का एक शॉर्टकट है। नशा सिर्फ इंसान की मतिभ्रम करता है और इंसान को लगता है उसे आनंद आ रहा है, लेकिन जब होश आता है तो समझ में आता है कि जिसे वह आनंद समझ रहा है वह उसका अंत है। दरअसल, नशा एक कैमिकल है। ठीक इसी तरह इंसान के दिमाग में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं जैसे–ऑक्सीटॉक्सीन, सिरोटोनिन, एंडॉर्फिन और डोपामाइन। इन सबका राजा होता है डोपामाइन। यह चारों हमारे शरीर में रिलीज होते हैं, जिनके संतुलन से हम खुश रहते हैं। जब हम हाथ मिलाते हैं या किसी को छूते हैं तो दिमाग से ऑक्सीटॉक्सीन रिलीज होता है। जब कोई आपकी तारीफ के पुल बांधता है तो सिरोटोनिन रिलीज होता है, जिसकी वजह से आप फूले नहीं समाते हो। जब आप कोई एक्सरसाइज या शारीरिक गतिविधि करते हो तो आपको अच्छा लगता है तो उस समय एंडॉर्फिन रिलीज हो रहा होता है। डोपामाइन ही वह कैमिकल है जो सिगरेट, गुटखा, अल्कोहल, ड्रग्स, हेरोइन और चिट्टे जैसे मादक पदार्थों के इस्तेमाल के समय निकलता है। प्यार के समय भी डोपामाइन निकलता है, लेकिन यह भी सत्य है कि डोपामाइन के साथ ऑक्सीटॉक्सीन, सिरोटोनिन और एंडॉर्फिन भी एक साथ रिलीज हो जाते हैं। यह वह क्षण होता है जो किसी भी ड्रग्स से होने वाले नशे से ज्यादा होता है। इन सारे कैमिकल्स का इंसान को गुलाम नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सोचना चाहिए कि आपके साथ वास्तव में क्या हो रहा है। कैमिकल्स को सही दिशा में लाने की जरूरत है। ऐसा बनो कि डोपामाइन नशे से नहीं, बल्कि सफलता से मिले। नशा करना है तो सफलता का करो, नाम का करो, पैसे का करो। अगर मानवता 90 प्रतिशत कैमिकल्स पर निर्भर है तो दस प्रतिशत ऐसा होना चाहिए, जो सभी तरह के बंधन से मुक्त हो। नशे के बढ़ते प्रचलन की यही हालत रही तो हमारी मानवता की रेटिंग 90 प्रतिशत से घटकर 40 प्रतिशत तक ही रह जाएगी। नशे की वजह से सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता और गुणवत्ता कम हो जाती है। नशा एक ऐसा जाल है जो कुछ देर के लिए आपको स्वर्ग जैसा अनुभव तो करा देता है, लेकिन जिंदगीभर के लिए नरक तक ले जाता है। यदि जिंदगी को जीने के लिए नशे का सहारा लोगो तो ब्रह्मांड की कोई भी शक्ति आपको नहीं बचा पाएगी।

खुशी ऐसी पाओ जो भौतिकवादी हो, यथार्थवादी हो। जिंदगी को जितना वास्तविक तरीके से जिया जाए, तो आपको वास्तविक खुशी मिलेगी तथा उतना ही घमंड भी कम होगा। हर इंसान को इज्जत और महत्व दो। यदि आप यह करने में कामयाब होते हो तो दूसरी



तरफ से भी आपको उतनी ही इज्जत और प्यार मिलेगा। अगर ऐसी घमंड रहित सोच रखोगो तो सफलता आपके पीछे दौड़ी चली आएगी। जब हम सबको इज्जत देना शुरू कर देंगे तो निश्चित रूप से उसका घमंड भी चूर हो जाएगा और जब घमंड खत्म होगा तो इंसान नशे की तरफ जाने की सोच ही नहीं सकता। नशा हमेशा इंसान का घमंड बढ़ाता है। यदि कोई व्यक्ति सफल है तो इसका यह मतलब नहीं कि वह घमंडी है। यदि कोई व्यक्ति सफल होता है तो वह घमंडी नहीं, बल्कि विनम्र होता है और विनम्रता की वजह से ही वह सफल होता है। आपके शरीर का डीएनए आपको जिंदा रखने का हौसला देता है। मादक पदार्थ इंसान के दिमाग को चलाते नहीं हैं, बल्कि सुन्न और जाम कर देते हैं। यदि आपको लग रहा है कि नशा आपको जिंदा रख रहा है, तो वह सिर्फ भ्रम होता है। यह भी कटु सत्य है कि नशे के वक्त खराब के बजाए अच्छे कैमिकल्स दिमाग से निकालने लगते हैं। नशा करते वक्त इंसान अक्सर अपने दिमाग को धोखा देता है। नशे में डोपामाइन निकलने से सिर्फ बर्बादी ही होती है। एक शोध के अनुसार, 13 साल की उम्र में बच्चे नशे की दलदल में अपना पैर रखना शुरू कर देते हैं। नशे की दुनिया में तंबाकू नंबर वन पर काबिज है। इसके बाद दूसरे नंबर पर शराब है।

**यथार्थ**



**लेखक : समरजीत**
संपादक, अनंत ज्ञान

कोकीन, हेरोइन, मेथाम्फेटामाइन और निकोटीन भी सबसे अधिक नशे की लत वाले पदार्थों में शामिल हैं। इसके अलावा ड्रग्स में आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा होती है, वह है चिट्टा। चिट्टा शब्द की उत्पत्ति पंजाब में हुई, जहां शुरू–शुरू में हेरोइन को चिट्टा कहा जाता था, क्योंकि उसका रंग सफेद होता था, लेकिन समय के साथ चिट्टे की परिभाषा अब काफी बदल गई है और व्यापक भी हो गई है। हेरोइन तो अफीम से बनने वाला ड्रग है, लेकिन अब और भी कई सिंथेटिक ड्रग्स इस्तेमाल होने लगे हैं जो देखने में सफेद होते हैं। इस कारण उन्हें भी चिट्टा ही कहा जाने लगा है। चिट्टे का असल पता लैब टेस्टिंग के बाद ही चलता है।

ड्रग्स, हेरोइन और मेथाम्फेटामाइन हमारे शारीरिक ढांचे को उत्तेजक बनाते हैं। वहीं, असहनीय दर्द से बचाने के लिए मरीजों को दी जाने वाली मॉरफीन दवा का इस्तेमाल भी नशे के तौर पर होने लगा है। मॉरफीन और हेरोइन, दोनों ही अफीम से तैयार होते हैं। फर्क इतना है कि मॉरफीन की तुलना में हेरोइन करीब तीन गुना ज्यादा स्ट्रांग होती है। मादक पदार्थों का उपयोग न केवल शहरों, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी लंबे समय से प्रचलित है। ग्रामीण वयस्कों में तंबाकू और मेथाम्फेटामाइन के उपयोग की दर अधिक है, जबकि शहरों में ओपिओइड का उपयोग बढ़ गया है। ग्रामीण किशोर और युवा वयस्क अधिक दर में शराब का सेवन करते हैं और शहरी समकक्षों की तुलना में उनके उच्च जोखिम वाले व्यवहार, जैसे कि शराब पीना या नशे में गाड़ी चलाना, में शामिल होने की अधिक संभावना होती है। दुनिया में 50 प्रतिशत से ज्यादा सड़क हादसे नशे की वजह से होते हैं। यही नहीं, नशे के कारण दुनिया को हर साल पांच लाख करोड़ रुपए का नुकसान भी उठाना पड़ता है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के कारण अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन तथा अधिक मात्रा में सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का जोखिम बढ़ जाना। हिमाचल प्रदेश में चिट्टे की खपत एक गंभीर समस्या है। देवभूमि में चिट्टे की खपत के कई कारण हैं।

सबसे पहला कारण है युवाओं में बढ़ती असंतुष्टता। इसकी वजह से युवा अवसाद की समस्या से जूझते हैं और वह नशे को अपना हमदर्द समझने लगते हैं। मौज–मस्ती में आनंद के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नशा युवाओं पर भारी पड़ता है। चिट्टे की लत के शिकार लोगों के दांत समय से पहले टूटना शुरू हो जाते हैं। यह समस्या उन लोगों में ज्यादा होती है, जो ड्रग को इंजेक्शन के माध्यम से लेते हैं। भूख कम लगना, ज्यादा पसीना निकलना, मुंह सूखना, दिल की धड़कन कभी तेज होना तो कभी कम, बीपी बढ़ना या घटना, सांस तेजी से लेना, स्किन ड्राई हो जाना, धुंधला दिखाई देना, दस्त या कब्ज होना और देखने में पीला नजर आना ये सब चिट्टे के नशे के दुष्प्रभाव हैं।

नशे के आदी मानसिक नुकसान भी झेलते हैं। बेचैनी, अवसाद और आत्महत्या का विचार आना भी उन्हें परेशान करता है। इन दुष्प्रभावों से बचने के लिए नशेड़ी बार–बार नशे की डोज लेते हैं और यह ऐसी स्थिति होती है जो उन्हें मौत के मुंह की ओर धकेल देती है। डॉक्टरों के अनुसार, इससे न्यूरोटॉक्सिसिटी हो जाती है और पूरे शरीर का सिस्टम गड़बड़ा जाता है। ऐसी परिस्थिति में जरा सी ओवरडोज जानलेवा सिद्ध हो सकती है। इनमें सबसे खराब स्थिति होती है साइकोसिस की। इस स्थिति में इंसान को यह पता नहीं चलता कि वह असल जिंदगी में है या कोई सपना देख रहा है। वह कल्पनाएं करने लगता है। दिमाग उसे अजीब चीजें दिखाता है। और कई बार इलाज समय पर न मिलने पर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। चिट्टे ही नहीं, बल्कि किसी भी प्रकार के नशे की लत अगर एक बार लग जाए तो उससे छुटकारा पाना कठिन होता है। हिमाचल में आर्थिक समस्याएं, जैसे कि बेरोजगारी और गरीबी भी चिट्टे की खपत का एक कारण है। दोस्तों और साथियों का दबाव भी चिट्टे की लत लगवाता है। दोस्त कंपनी बनाने के लिए शुरू में फ्री में चिट्टा देते हैं, लेकिन बाद में वह पीछे हट जाते हैं, क्योंकि तब तक उसे लत लग चुकी होती है और इस लत को पूरा करने के लिए वह खुद ही चिट्टे के इंतजाम में जुटना शुरू हो जाता है। चाहे इसके लिए उसे घर वालों से झगड़ा करना पड़े या किसी की जेब काटनी पड़े, चोरियां करनी पड़ी।

नशा हमेशा अपराध को जन्म देता है। चिट्टे की आसान उपलब्धता भी इस नशे की और ज्यादा बढ़ावा दे रही है। जागरूकता अभियान चलाकर नशे की ओर आकर्षित हो रहे युवाओं को रोका जा सकता है। नशे के आदी लोगों का नशा मुक्ति केंद्रों में समय रहते उपचार करवाकर उनकी जान बचाई जा सकती है। चिट्टे के व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना आवश्यक है तभी नशे के तिलिस्म को नेस्तानाबूद किया जा सकता है और इस नेक काम में लोगों का सामाजिक समर्थन बेहद लाजिमी है। इसके अलावा बेरोजगारों को जल्द से जल्द रोजगार दिलाने से भी इस सामाजिक बुराई को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। खुशी के लिए बाहरी चीजों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। खुशी इंसान के अंदर छिपी होती है। यदि इंसान के अंदर शांति, सुकून और संतुष्टि है तो वह हमेशा खुश रहेगा बशर्ते इंसान को खुशी ढूंढने का तरीका आना चाहिए। आओ, हम सब मिलकर नशे के खिलाफ अलख जगाएं और भटके लोगों को जिंदगी की पटरी पर लाएं।

रिस्पांसकरें:editoranantgyaan@gmail.com

# मानव को हमेशा मानवता के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए

मानव जब कोई चीज बनाता है तो वह उसकी गारंटी तय करता है, मगर उसकी अपनी कोई गारंटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाए। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। कब, कहां सांसे थम जाएं, यह कोई नहीं जानता। फिर मानव किस बात का अंहकार करता है। मौत से आज तक कोई नहीं बच पाया है। मौत अटल सत्य है। वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है। मानव रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है। आज तक कोई उठाकर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है।



**लेखक :नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव को नीच कर्मों को छोड़ देना चाहिए। अच्छे कर्म करने चाहिए। मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार–बार नहीं मिलता। कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है। मगर आज एक दूसरे को गिराने का घिनौना काम किया जाता है। अगर एक होकर किसी का अच्छा किया जाए, तो उससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। आधुनिक समाज का मानव आज दानवों से भी घिनौने कर्म कर रहा है। ऐसे कर्म करती वार वह न तो दुनिया से डरता है और न ही भगवान से डरता है, मगर कहते हैं जब अल्लाह की लाठी पड़ती है तो उसमें आवाज नहीं होती। मानव को उसके बुरे कर्मों की सजा जरूर मिलती है। भगवान के घर देर जरूर है, मगर अंधेर नहीं है। ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप और पापी को पिस के रख देती है। यह एक शाश्वत सत्य है। मानव आज दानवों की श्रेणी में आता जा रहा है। मंदिरों में कुकृत्य कर रहा है ऐसे कर्मों से वसुंधरा कांप रही है। मानवता आज मर चुकी है चारों तरफ अंधेर मचा हुआ है। एक दूसरे को नीचा दिखा रहे हैं। चंद कागज के टुकड़ों व सोने के सिक्कों के कारण आज मानव इतना अभिमान करता है कि दूसरे आदमी का अनादर करने में गर्व महसूस करता है। मगर पैसा तो एक वेश्या के पास भी होता है। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती।

मानव झूठ–फरेब करके अमीरी का लबादा पहन रहा है मगर झूठ के पांव नहीं होते। कभी न कभी झूठ लड़खड़ा सकता है, मगर जो सच्चाई के पथ पर चलता है उसका बाल तक बांका नहीं होता तभी तो कहते हैं कि सांच को आंच नहीं आती। राजा को रंक बनने में एक



पल भी नहीं लगता। आज ईमानदार लोगों की कद्र नहीं है, जबकि बेईमानों को पूजा जा रहा है। मगर यह सर्वमान्य है कि हमेशा ईमानदारी की जीत हुई है, बेईमानी औंधे मुंह गिरी है। बेईमानी की सदा हार हुई है। मानव आज मानव से नफरत कर रहा है। दूसरों का बुरा कर रहा है उनके जीवन में अंधकार कर रहा है पर अगर खुदा को रोशनी हो मंजूर तो आंधियों में भी चिराग जलते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि लोग अपने निजी स्वार्थों के लिए दूसरों को नुक्सान पहुंचाने से भी नहीं चुकते, जब अल्लाह की आंधी जुल्मों के खिलाफ चलती है तो पापियों का सर्वनाश होता है। चिथड़े उड़ जाते हैं।

उस फितरती मानव के जो नराधम बन कर लोगों का दमन करता है। मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए, ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी। आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है।आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं।कहते है कि हाथ से छिना जा सकता है मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरुर मिलेगा देर जरुर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है।आज कुछेक लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरुर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता । एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है । मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते है बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है। भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है।

आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है, तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं। यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा है। जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझते हैं। जिन्होंने जब जिंदा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता, मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुंह में शुद्ध देशी घी की आहुति दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने में व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है, मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन–दौलत का लालच क्यों कर रहा है। गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है, मगर पल की खबर नहीं है। मानव को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव की सहायता करनी चाहिए,। मानव को हमेशा मानवता के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए। मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भगवान श्री राम के पास ही जीवन के सुखों का अमृत कलश है

भगवान श्री राम की 'श्री रामब्धि शुक्ति मणि जिसमें श्री का अर्थ है देवी लक्ष्मी सार्वभौमिक शक्ति जो सीता के रूप में जन्मी थीं, पूर्व की उत्पत्ति समुद्र से हुई थी और बाद में पृथ्वी में पैदा हुई थी, राम ने स्वयं में शिव और विष्णु के महत्वपूर्ण बीजों को मिलाया, अब्धि का अर्थ है सागर और शुक्तिमणि जिसका अर्थ है मोती। तो यह समझा जा सकता है कि जब हम रामायण के महासागर को छूते हैं, तो हमें दो मोती मिलेंगे, एक महान सेतु (महान पुल) और दूसरा लंकानगर (लंका का शहर), दोनों का निर्माण महासागर पर किया गया था। विश्वकर्मा (दिव्य आर्कटिक), ब्रह्मा के निर्देश के तहत दिव्य शिल्पकार, निर्माता ने त्रिदेवों में से एक भगवान शिव के निवास के रूप में लंका शहर का निर्माण किया था। उसी तरह हिंदू किंवदंतियों के चित्रण राजा' नल ने विश्वकर्मा के महत्वपूर्ण तत्वों से पैदा हुए लंका नगरी और महान सेतु दोनों ही जल से संबंधित निर्माण हैं, क्योंकि दोनों ही समुद्र पर बने थे।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सेतु और लंका दोनों ही 'रामायण' के दो मोती हैं, ये दोनों ही चमकदार मोती हैं, जिस पुस्तक का विषय उनके इर्द–गिर्द घूमता है, उससे यह आशा की जाती है कि यह भगवान श्री राम के आभूषणों की एक श्रृंखला की तरह चमकेगी, जो असंख्य सूर्यों का प्रकाश बिखेरती है और बदले में हम पर प्रकाश डालती है और हमारे जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाती है।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि रामचरित्र मानस में प्रत्येक तथ्य विज्ञान और हमारी भारतीय संस्कृति के अनुरूप है। हिंदू किंवदंतियां, पौराणिक कथाएं, प्राचीन इतिहास, सूर्य सिद्धांत और आधुनिक विज्ञान सभी इसके के निर्माण में शब्द को लाए गए हैं। पुस्तक श्रीमद्रामायण में वर्णित राम सेतु और 'लंका नगर' के बारे में कुछ जानने के लिए, हमें कुछ संबंधित तथ्यों को जानना आवश्यक है। 'रामायण' में वर्णित तथ्य वर्तमान के अनुरूप हैं। विज्ञान की हर शाखा रामायण से जुड़ी हुई है। पुस्तक का उद्देश्य यह है की द्वीप में, 'भारतवर्ष' (भारत की भूमि) स्थित है, कैसे हमारे देश को 'भारत खंड' (भारत का महाद्वीप और भारत वर्ष, भारत की भूमि) के रूप में जाना जाता है और हमारे देश से अलग हुए द्वीपों के नाम क्या हैं। पुस्तक 'सूर्य सिद्धांत' में पाई जाने वाली माप की योजन



इकाइयों के बारे में मजबूत जानकारी देती है, जो दूरी मापने की वर्तमान इकाई के अनुसार इसकी गणना प्रदान करती है। रावण का लंका नगर और वर्तमान श्रीलंका, जो भारत से अलग हो गए थे, दो दूर के द्वीप हैं और एक नहीं हैं।

भौगोलिक परिवर्तन के कारण लंका नगर की 90 प्रतिशत भूमि समुद्र में डूब गई और शेष 10 प्रतिशत भूमि सिंहल द्वीप में विलीन नहीं हुई। परिणामस्वरूप वर्तमान श्रीलंका के लोग कहते हैं कि उनकी भूमि (श्रीलंका) रामायण के अवशेषों से भरी हुई है, जिसका अर्थ है कि रामायण की लंका कुछ और नहीं, बल्कि उनकी अपनी भूमि है, जिसमें महान सेतु का 90 प्रतिशत हिस्सा समुद्र में डूबा हुआ है, शेष भाग वर्तमान में 'दानुष्कोटि' (भारत में) और थलीमन्नार (श्रीलंका में) के बीच देखा जाता है। ऐसा माना जाता है कि महान सेतु का शेष भाग भी उत्तर पूर्व की ओर चला गया होगा। समय के साथ भौगोलिक परिवर्तन का एक विवरण। इस पुस्तक में हमारे देश पर शासन करने वाले सम्राटों और राजाओं के साथ–साथ आधुनिक काल में हमारे राज्य के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और राज्यपालों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। पुस्तक का उद्देश्य 'श्रीमद्रामायण' और अन्य मानक कार्यों के साथ–साथ 'भागवत' और विभिन्न पौराणिक कथाओं के आधार पर यह तथ्य स्थापित करना भी है कि रावण का लंकानगर और सिंहल (वर्तमान श्रीलंका) दो अलग–अलग संस्थाएं हैं और जैसा कि सार्वभौमिक रूप से माना जाता है, 'रामेश्वरम' (भारत में) और श्रीलंका के बीच राम सेतु का निर्माण किया गया था। भौगोलिक स्थिति मनुष्य अपनी माँ के गर्भ से बाहर निकलते ही पृथ्वी की गोद में प्रवेश करता है। जब तक वह जीवित रहता है, पृथ्वी उसका आश्रय बनी रहती है। ईश्वर ने उसके जन्म से पहले ही उसके पदार्थ की व्यवस्था कर दी है। इसलिए भौगोलिक स्थिति को मनुष्य की यात्रा का पहला चरण माना जाता है।

जैविक स्थिति पृथ्वी मनुष्य के स्थिर विकास का आधार है। वेदों और विज्ञान के अनुसार पृथ्वी पर 84 करोड़ जीव–जंतु मौजूद हैं। प्रकृति की अनियमितताओं और परिवर्तनशीलता के कारण कुछ जानवर विलुप्त हो गए हैं। अत: आप इधर–उधर की बातें से अच्छा भगवान श्री राम का स्मरण करते रहें, जैसे प्रभु के ध्यान में पूज्य हनुमान को शक्ति मिलती है जो प्रभु राम के नियंत्रण में है आपके किसी भी कर्म को माध्यम हवा, पानी पकड़ लेती है और उसका आकार प्रभु को दिख जाता है। अत: किसी भी कुकर्म को न करें उसकी छवि सामने बनकर घटना के रूप में परिवर्तित हो जाती है और जब समय घूमते हुए फिर वही आपके पास रोग लेकर आ जाती है,जिसको भोगना पड़ता है, क्योंकि पृथ्वी घूमती है जिससे दिन और रात होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री

**परवीन** बॉबी हिंदी फिल्मों की एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री थी। परवीन बॉबी ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए जानी जाती थी। परवीन बॉबी का जन्म जूनागढ़, गुजरात में हुआ था। 1972 में परवीन के मॉडलिंग करियर की शुरुआत हुई। उम्र की पांच दशक पार कर इस दुनिया से विदा लेने वाली परवीन का फिल्मी करियर 1973 में 'चरित्र' से शुरू हुआ था। अमिताभ बच्चन के साथ परवीन ने करीब आठ फिल्मों में काम किया और दर्शकों ने उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया। इसके बाद आई– चरित्रहीन, जिसमें सलीम दुर्रानी की प्रमुख भूमिका थी। बहरहाल जिस फिल्म ने उन्हें प्रसिद्धि के प्रकाश वृत्त में ला खड़ा किया वह थी, 'दीवार'। परवीन की अदाकारी की श्रेष्ठता के लिए केवल इतना कहना ही काफी है कि उन्हें करीब 10 फिल्मों में कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। ■



**परवीन बॉबी**
**जन्म** : 4 अप्रैल 1949
**मृत्यु** : 20 जनवरी 2005

## कविता: मैं बुनियाद का पत्थर हूं



सुभाष चंद कासव

*मैं बुनियाद का पत्थर हूं, भले ही मैं दिखाई न दूं।*
*मिला मिट्टी में तो मैं हूं, आस्तित आपका मैं ही हूं।*
*अपना आप मिटाकर मैं, असीमित बजन उठाकर मैं।*
*न चीख पुकार हूं कर सकता, न अपना आप दिखा सकता।*
*शुरुआत आपकी है मुझसे, और चाहूं आपको मैं दिल से।*
*हुआ निर्माण हम से मिलके, हम मिटे तभी तो आप टिके।*
*भूकंप का मुझे न रति भी डर, हे भवन तू उसकी चिंता कर।*
*आए बाढ़ तो मैं भी निकल सकूं, हाय कयामत की कामना पे न चलूं।*
*आप टिके धरा यह किस्मत तुम्हारी, यह हमें खुशी जो आप करे सवारी।*
*तुम शोभा धरा की अद्भुत सी शान, है आप और हमसे यह नवनिर्माण।*
*नीव का पत्थर हूं सुखद एहसास है, मुझपे टिकी कायनात ऐसा विश्वास है।*
*हूं अस्तित्व मिटाए, सब लुटाए,*
*पर संस्कृति बनाएं सभ्यता टिकाए बैठा हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पुनर्वास और पुर्नस्थापन की प्रक्रिया जल्द हो पूरी : चिंतराम

**अनंत ज्ञान, पधर**

▶ भू-अधिग्रहण अधिकारी से लगाई हाईकोर्ट के आदेश को पूरा करने की गुहार

फोरलेन समन्वय समिति प्रधान चिंतराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने 10 जनवरी को फैसला सुनाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सक्षम भू अधिग्रहण अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं कि भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 की सूची 2 और सूची 3 के अवॉर्ड को 15 दिन के अंदर नोटिफिकेशन किया जाए। 30 दिन के भीतर आपत्तियों को लिया जाए और आपत्तियों के निपटारे के बाद एक महीने में अधिनियम की दूसरी और तीसरी अनुसूची के अवार्ड को पारित किया जाए।

आदेश में यह भी स्पष्ट है कि अवार्ड पारित करने की प्रक्रिया जारी रह सकती है, इसी बीच भवनों को प्राधिकरण को सौंपा जा सकता है। समिति कोर्ट के आदेश के बाद अब प्राधिकरण व भू अधिग्रहण अधिकारी से आग्रह करती है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों को मानते हुए पुनर्वास और पुन:स्थापन से संबंधित अवॉर्ड की प्रक्रिया को जल्द पूरा कर लोगों को जल्द विस्थापित करें व उससे संबंधित मुआवजा राशि जारी करें। समिति माननीय उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करती है कि पुनर्वास से संबंधित अवार्ड हिमाचल प्रदेश में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से पहली बार लोगों को मिल रहा है।

## नवोदय विद्यालय पंडोह में प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्रधानाचार्य एसडी शर्मा ने बताया कि परीक्षा में भाग ले रहे बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के साथ 8 फरवरी को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व आधार कार्ड के साथ हाजिर हों।

### वाइल्ड लाइफ विंग ने मंडी पहुंची माइग्रेटरी बर्ड्स की 11 प्रजातियों को किया चिन्हित

# पक्षियों से गुलजार हुए मंडी के वेटलैंड



अनंत ज्ञान स्पैशल

▶ हिमाचल प्रवासी पक्षियों के लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित स्थान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में मौजूद वेटलैंड आजकल साइबेरियन और सेंट्रल एशियन पक्षियों से गुलजार हैं। हर वर्ष की भांति इस साल भी ठंड के सीजन में माइग्रेटरी बर्ड्स ने मंडी जिले में अपना डेरा जमाया हुआ है। विदेशी मेहमान हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर क्षेत्र के ब्यास नदी की तलहटी, कुंतभ्यो, बीएसएल परियोजना सुंदरनगर जलाशय सहित अन्य वेटलैंड में अपना घर बनाए हुए हैं।

बता दें कि साइबेरिया और सेंट्रल एशिया से विभिन्न प्रजातियों के पक्षी माइग्रेटरी साइकिल को पूरा करने के लिए हर वर्ष हजारों किलोमीटर का सफर तय कर हिमाचल प्रदेश का रूख करते हैं। अप्रैल से सितंबर महीने तक ये पक्षी साइबेरिया और सेंट्रल एशिया में रहते हैं और वहां अत्यधिक बर्फबारी से उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों के कारण पक्षियों की माइग्रेशन अपने आप शुरू हो जाती है। इस दौरान जिला मंडी में आने वाले प्रवासी पक्षियों को खाने व रहने की सुविधा के साथ संरक्षित वेटलैंड उपलब्ध हैं। हिमाचल इन प्रवासी पक्षियों के लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित स्थान हैं। जहां यहां पर उन्हें रहने के लिए वेटलैंड मौजूद हैं वहीं संबंधित विभाग द्वारा सुरक्षा भी मुहैया करवाई जाती है।

## प्रवासी पक्षियों की 11 प्रजातियां हुई चिन्हित

**साइबेरिया** और सेंट्रल एशिया से मंडी जिला पहुंचे प्रवासी पक्षियों में प्रदेश की वाइल्ड लाइफ विंग ने कुल 11 किस्म की प्रजातियों को चिन्हित किया है। इसमें कॉमन कूट, टफटिड डक, मैलार्ड, कॉमन पोचार्ड, नॉर्दर्न शॉवेलर, यूरेशियन टील, गैडवॉल, यूरेशियन विजोन, रेड वॉटल्ड लैपविंग,ब्लैक विंग्ड स्टिल्ट और लिटिल ग्रीबे की पहचान की गई है। इससे स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखने का दुर्लभ मौका मिल रहा है। जलाशयों में सुबह से लेकर शाम तक अठखेलियां करने वाले ये प्रवासी पक्षी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



## वसंत शुरू होते ही वापस लौट जाएंगे प्रवासी परिंदे



**मंडी** जिला के सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन सुंदरनगर के डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट आईएफएस राकेश कटोच ने कहा कि प्रदेश में वसंत का मौसम शुरू होते ही ये प्रवासी पक्षी साइबेरिया और सेंट्रल एशिया स्थित अपने ब्रीडिंग हैबिटेट में वापसी करना शुरू कर देते हैं। इससे इन पक्षियों की एक वर्ष की माइग्रेशन साइकिल पूरी होती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रवासी पक्षियों के लिए हॉट स्पॉट है। विभाग द्वारा पक्षियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं और समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# 70 विद्यार्थियों ने उकेरी कला संस्कृति और विरासत की छबि



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

▶ दिल्ली जाएंगे प्रतिभागियों के पेपर राष्ट्रीय स्तर पर हो मूल्यांकन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर द्वारा रविवार को बीजे गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक राष्ट्रीय स्तर की पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मंडी शहर के लगभग 10 स्कूलों के 70 छात्रों व छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का विषय था, स्थानीय त्योहार रीति रिवाज, परंपराओं के बारे में अपने विचारों को निबंध द्वारा दर्शाया जाना। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर रिटायर्ड मुख्य महाप्रबंधक एसजेवीएनएल हरीश कुमार शर्मा ने शिरकत की। मुख्यातिथि द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यातिथि द्वारा अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अपनी विरासत और परंपराओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों को हम अपनी कला, सांस्कृतिक विरासत तथा अपने रीति-रिवाजों, त्यौहार व परंपराओं के के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है तथा इसके पेंटिंग और निबंध लेखन के पेपर दिल्ली मुख्यालय भेजे जाएंगे और राष्ट्रीय स्तर पर इसका मूल्यांकन होगा तथा 100 रिजिनल विनर तथा 10 तथा राष्ट्रीय विजेता मुख्यालय दिल्ली कार्यालय द्वारा घोषित किए जाएंगे। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राइमरी स्कूल अप्पर बैहली की गिरी पड़ी सुरक्षा दीवार



**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती पाठशाला यानि सरकारी प्राइमरी स्कूल अप्पर बैहली के पिछवाड़े से जुड़ी सुरक्षा दीवार लंबे समय से गिरी पड़ी है जिसके सुधार को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। नाले से सटे इस प्राइमरी स्कूल का एक बड़ा भाग डेंजर हालत है कि इसे प्रदूषण में झोंक दिया गया है क्योंकि आसपास तरह-तरह का बास मारता कूड़ा-कर्कट फैला दिया गया है जो कहीं न कहीं कीटाणु फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने माननीय ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि स्वच्छता अभियान का गहरा ख्याल कर दीवार को अच्छे से पक्का बनाए।

### इंटक ने बैठक कर किया समस्याओं पर विचार


**अनंत ज्ञान, पधर।** इंटक से जुड़े पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति विभाग, मनरेगा तथा किसान फोरलेन संगठन के सदस्यों ने बैठक जल शक्ति विभाग पधर के विश्राम गृह में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी ने संगठन की समस्याओं बारे विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सभी ने लंबित पड़े एरियर को शीघ्र देने की मांग प्रदेश सरकार से की है। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर तथा मनरेगा उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को दूर-दराज के क्षेत्र के बजाए नजदीक के क्षेत्रों में कार्य पर लगाया जाए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की है कि मल्टी टास्क वर्करों की पॉलिसी बनाकर उन्हें रेगुलर किया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संगठन की समस्याओं के समाधान के लिए कंपनी प्रबंधन के साथ एक बैठक का आयोजन किया जाए।

### नशाखोरी के विरुद्ध चलाया जाएगा अभियान



**आदर्श, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलवाहन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें कोरम पूरा होने पर पंचायत के विकास कार्यों को लेकर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी ने की। बैठक में बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता राजेंद्र शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए परिवारों का चयन किया गया। वर्ष 2025 26 के लिए बजट भी पारित किया गया। पंचायत स्वच्छ रहे इसलिए स्वच्छता पर 15वें वित्त आयोग से धनराशि व्यय करने के लिए सेल्फ पारित किया गया। डोर टू डोर प्लास्टिक संग्रहण पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। बैठक में नशाखोरी को लेकर चिंतन किया गया। युवाओं में नशे की हो रही बढ़ोतरी को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की तथा नशाखोरी के दुष्प्रभावों के विरुद्ध पंचायत में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

### अजय राणा ने सम्मानित किए मंडी टीम के खिलाड़ी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के पड्डल स्टेडियम में अंडर-14 क्रिकेट के खिलाड़ियों को मंडी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राणा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय राणा, नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, हरदीप सिंह, विशाल ठाकुर, कोच मनीष गुप्ता और अन्य लोग उपस्थित रहे। धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ऊना की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 212 रन बनाए। ऊना की टीम अपनी पहली पारी में 155 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मंडी की टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया।

# ‘फीट ऑफ फायर’ फाउंडेशन ने मनाया स्थापना दिवस



**उमेश, सुंदरनगर।** प्रदेश की मशहूर फीट ऑफ फायर डांस अकादमी एवं फाउंडेशन सुंदरनगर स्थित कनैड मुख्यालय में 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी व एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी दोनों ने संयुक्त रूप से मुख्यातिथि शिरकत की तथा बीडीओ सुंदरनगर विवेक चौहान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूदगी दर्ज की। वहीं कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मिस नॉर्दन स्नेहल रावत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि इस अकादमी के बच्चे बहुत ही टैलेंटिड हैं तथा प्रदेश व देश में सुंदरनगर का नाम रोशन कर रहे हैं।

फिट ऑफ फायर अकादमी के एमडी अमित भाटिया ने कहा कि मिस्टर और मिस नॉर्दर्न प्रतियोगिता के चार प्रतिभाशाली फाइनलिस्ट शगुन, आदित्य, शौर्य और क्षितिज इस समय प्रगति मैदान दिल्ली में 17 से 22 जनवरी तक चल रहे भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी चमक बिखेर रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

# दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को किया जाए नियमित : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक में चमन राही से अपने हितों की चर्चा करते हुए।

राज्य स्तरीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने एक आपातकालीन बैठक की सुंदरनगर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने की।

बैठक में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति व नियमितिकरण को लेकर पिछली जयराम सरकार द्वारा लगाई गई रोक के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया गया। महासचिव चमन राही ने कहा कि वर्तमान सुखविंदर सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के समक्ष यह मामला लाया तो उन्होंने इन लोगों को फौरी राहत देते हुए विभागीय मापदंड के अनुरूप 5 पूर्ण कर चुके 110 कर्मचारियों को पदोन्नति दी है। इसके उपरांत अब 40 कर्मचारी शेष बचते हैं उनको भी इसी तर्ज पर वित्तीय वर्ष में पदोन्नति दी जाए। शिक्षा विभाग में ही दैनिक वेतन भोगी 928 के लगभग पद हैं, जिसमें से 710 लोगों को सुक्खू सरकार ने नियमित कर सराहनीय कार्य किया है। पिछले 11 वर्षों से अधिक बर्तौर जलवाहक से अपनी सेवाएं देते हुए दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं। जबकि 31 मार्च 2024 तक 218 कर्मचारी भी 11 वर्ष अधिक से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं। चमन राही ने सरकार से मांग की है कि इनको भी शीघ्र इसी वित्तीय वर्ष में नियमित किया जाए। यह कर्मचारी कॉलेजों, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं व अन्य शिक्षण संस्थानों में बतौर जलवाहक अपनी सेवाएं शुरू की थी।

इस मौके पर राज्य महासचिव जगदीश चंद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, नरेश कुमार जिला महासचिव, शीला देवी प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान, गुलट राम कोषाध्यक्ष, प्यारे लाल प्रदेश उपाध्यक्ष, निर्मला देवी उपाध्यक्ष आदि ने मांग करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री पर भरोसा जताते हुए कहा कि शीघ्र इन कर्मचारियों की मांगों को पूरा किया जाए।

## बल्ह में चोरों ने चुराए सोने के गहने

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में 1 लाख 90 हजार के सोने के गहने चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार प्रताप सिंह पुत्र कर्म सिंह गांव चक्कर डाकघर गुटकर तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके दो मकान हैं। दूसरे मकान में बहू और बच्चे रहते हैं, लेकिन वे मंडी चले गए। अलमारी में रखे 1 लाख 90 हजार रुपए के सोने के मंगलसूत्र, चाक, चांदी की चेन, चांदी के चार सिक्के, चांदी के तीन बिस्कुट, चार जोड़ी पायल और मंगलसूत्र चोरी हो गए हैं।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। शीघ्र ही चोरी को पकड़ लिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जंजैहली थाना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार खेमराज शर्मा पुत्र कोमल चंद गांव डीम डाकखाना संगलवाड़ा तहसील थुनाग जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि शनिवार शाम 7 बजे उनके घर के बाहर जोर से धमाका हुआ, जिस पर बाहर जाकर देखा तो एक युवक खंभे से टकराकर अचेत अवस्था में पड़ा था।

इस दौरान आसपास के लोगों ने उसे जंजैहली अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

# रहस्यमयी परिस्थितियों में युवक की मौत

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

▶ सोमवार को थी युवक की सगाई, पुलिस ने शुरू की जांच



मृतक युवक का फाइल फोटो।

उपमंडल सरकाघाट की पपलोग पंचायत में एक 27 वर्षीय युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या का कारण प्रेमिका द्वारा शादी से इंकार करने का बताया जा रहा है।

युवक के स्वजनों के अनुसार संदीप पटियाल पुत्र हेमराज गांव व डाकघर पपलोग गत शाम को खाना खाने के बाद अपनी विवाहित बहिन से बातें करता रहा और उसके बाद अपने भानजे के साथ अपने कमरे में सो गया, लेकिन थोड़ी देर बाद उसने अपने भानजे को बताया कि उसकी तबीयत खराब हो गई है और उसके मां-बाप को उठा दे।

संदीप की हालत को देखते हुए उसके स्वजन उसे निजी वाहन में लेकर नागरिक अस्पताल सरकाघाट ले गए, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया और अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया तथा अस्पताल के डाक्टर ने पुलिस को घटना बारे सूचित किया।

पुलिस ने अस्पताल आकर शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया और शव को परिजनों को सौंप दिया।

डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक संदीप पटियाल की सोमवार को सगाई होने वाली थी और फरवरी में उसकी शादी होने वाली थी।

बताया जा रहा है कि शायद लड़की ने शादी करने को मना कर दिया था, इसी सदमे में युवक ने जहर खाकर जान दे दी। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था।

# जाहू में बनाया जाए हवाई अड्डा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



बैठक के दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारी।

हिमाचल किसान यूनियन (गैर राजनीतिक) की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष सीता राम वर्मा की अध्यक्षता में जाहू में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मंथन किया गया तथा भविष्य के लिए नीति का निर्धारण किया गया।

बैठक में सर्व सहमति से जाहू में हवाई अड्डा बनाने की मांग उठाई गई। इसके अलावा प्रदेश सरकार से किसान बोर्ड का गठन करने की मांग की गई। साथ ही तमाम सब्जियों का समर्थन मूल्य निर्धारण करने तथा बेसहारा पशुओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर नीति निर्धारण करने की सरकार से मांग की गई। इस अवसर पर किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी, महासचिव रोशन लाल शर्मा तथा संयुक्त सचिव मानसिंह राणा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# 10 लाख से दुरुस्त होगी नाचन की पंडार सड़क

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सड़क का कार्य आरंभ होने के मौके पर घरोटवासियों के साथ ब्रह्मदास चौहान।

कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान को घरोटवासियों ने उस समय सिर पर बैठा लिया जब वह अपने दो दिवसीय दौरे पर नाचन विधानसभा की घरोट पंचायत पहुंचे। गौर हो कि उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान की अगुवाही में मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष पंडार वाया सयूंह मतोग सड़क के लिए मांग रखी गई, जिसमें मुख्यमंत्री ने 10 लाख की राशि का प्रावधान किया और रविवार से इस रोड में काम शुरू कर दिया गया है।

ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि पंडार वाया सयूंह मतोग सड़क आपदा के समय क्षतिग्रस्त हो गया था और वहां की पंचायत प्रधान और पूर्व प्रधान कहांन चंद ठाकुर, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव मीरा ठाकुर और डीएफओ सुकेत सुंदरनगर फॉरेस्ट विभाग की ओर से प्रस्ताव रखा गया, जिसमें ब्रह्मदास चौहान ने सीएम के समक्ष बात रखी। इसके अलावा ब्रह्मदास चौहान ने यहां की स्थानीय पंचायत की महिलाओं बुजुर्गों तथा नौजवान युवाओं से सहयोग मांगा है, ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे और अच्छा काम करे। वहीं पंचायत के बरौहकडी धर्माशन गांव में डमेश्वर के घर का निरीक्षण किया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखेंगे छोटा भंगाल घाटी की समस्याएं

**रूपी, बरोट**



संजीव कुमार के साथ उपस्थित स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता।

25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस पर इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा भाग लेने के चलते उनके स्वागत की तैयारियों को पूरा करने के लिए जहां बैजनाथ में रविवार को बैजनाथ में बैजनाथ कांग्रेस की बैठक हुई, वहीं आज के दिन छोटाभंगाल घाटी में स्थित वन विश्राम गृह मुल्थान में घाटी के कांग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ गुड्डू की अध्यक्षता में घाटी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि छोटाभंगाल घाटी में चली आ रही विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष मांग भी रखेंगे।

## भौर पंचायत में खोला जाए कृषि विक्रय केंद्र

**भीम बसेड़ू, महादेव।** तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत फोरलेन के दायरे में आती ग्राम पंचायत भौर में किसानों की सुविधा को लेकर बड़े स्तर पर एक कृषि विक्रय केंद्र खोलने की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

किसानों ने पहले भी कई बार यह मांग रखी मगर इस दिशा में कुछ भी नहीं हो पाया जबकि यह सुविधा जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। आसपास के सभी किसानों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही भौर पंचायत में उचित स्थान का चयन कर कृषि विक्रय केंद्र खोला जाए।

**समस्या** बेसहारा पशुओं को रखने के लिए गोशालाएं बनाने की उठाई मांग

# बेसहारा गउओं और बंदरों की समस्या बनी सिरदर्द

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

ग्राम पंचायत हार गुनेंन और आसपास के क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं, विशेषकर गायों और बंदरों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इनकी वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और ग्रामीणों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

जिला परिषद सदस्य विजय कुमार (वार्ड-3, नेर घरवासड़ा) ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि आवारा गाय फसलें खा रही हैं और बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि लोग अपने बच्चों को बाहर खेलने से भी डरने लगे हैं। विजय कुमार ने इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठाने की मांग की है।

बेसहारा गायों को रखने के लिए पर्याप्त संख्या में गोशालाएं बनाकर उनका उचित प्रबंधन किया जाए।

बंदर पकड़ने और पुनर्वास अभियान, बंदरों को पकड़ने और पुनर्वास के लिए विशेष सरकारी योजना शुरू की जाए। कठोर कानूनी प्रावधान, जो लोग जानबूझकर अपने मवेशियों को आवारा छोड़ते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जागरूकता अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को समस्या समाधान में सहभागी बनाया जाए। स्थायी नीति, सरकार इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए व्यापक नीति तैयार करे। (अनंत ज्ञान)

## लोगों को हो रहा नुकसान

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के झुंड ने फसलों को बर्बाद करने के साथ-साथ घरों पर हमला करने जैसी घटनाओं को भी बढ़ा दिया है। किसान दिन-रात अपने खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी दिनचर्या और आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

## समस्या विकराल रूप ले सकती है : विजय

**विजय** कुमार ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह आने वाले समय में विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से आग्रह किया कि इसे प्राथमिकता पर हल किया जाए। साथ ही, ग्रामीणों से भी एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

## सावन बरवाल ने जीती टाटा मुंबई मैराथन



मैराथन दूसरी बार जीतने वाले सावन बरवाल।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सावन बरवाल ने टाटा मुंबई मैराथन का 20वां संस्करण जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने लगातार दूसरे वर्ष स्वर्ण पदक के साथ 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल ने इस प्रतिष्ठित दौड़ का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया।

सावन बरवाल के कोच गोपाल ठाकुर ने बताया कि यह धावक विश्व स्तरीय प्रतिभा का धनी है। उन्होंने 2010 में हिमाचल प्रदेश के लिए अपना पहला पदक जीता था और पिछले 8 वर्षों से परमश्रेष्ठ प्रशिक्षण केंद्र जोगिंद्रनगर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# मल्टीटास्क वर्करों को रेगुलर करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, पधर**



बैठक के उपरांत सामूहिक चित्र में कर्मचारी।

जल शक्ति विभाग पधर के विश्रामगृह में इंटक से जुड़े पीडब्ल्यूडी जल शक्ति विभाग के कर्मचारी, मनरेगा, किसान फोरलेन संगठन के सदस्यों ने बैठक राज्य उपप्रधान हितेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मागों के बारे में विचार विमर्श रखा। बैठक में कर्मचारियों का डी-एरियर सरकार से जल्द देने की मांग की है।

बैठक में राज्य उपप्रधान हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अफसरों को समय समय पर संगठन के लोगों के साथ ताल मेल बैठा कर मजदूरों को कार्य पर दूर दराज से नजदिक काम पर लगाया जाए। बैठक में मांग रखी है कि मल्टी टास्क वर्करों की सरकार शीघ्र नीति पॉलसी बनाकर इन्हें रेगुलर किया जाए।

वहीं बैठक में नारला से बिजनी तक बन रहे फोरलेन को लेकर किसान लोगों ने जिला प्रभासन से मांग की है कि काम करती बार रास्ते, सिंचाई कुल्हे, पीने के पानी की लाइन टूटेगी जिसको लोग भी समझते है लेकिन गाबर कंपनी लापरवाही से मनमानी करके कार्य कर रही वही कंपनी को भी इन कार्यों में रुचि दिखानी चाहिए।

बैठक में निर्णय लिया है कि संगठन शीघ्र ही मंडी में अपनी मांगों को लेकर एक रैली का आयोजन भी करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वर्ल्ड इलेवन और मोनू इलेवन अगले दौर में



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे दिन 4 मैच करवाए गए। शाम होते तक 3 मैच के रिजल्ट घोषित हो चुके थे। पहले मैच में मोनू 11 बसदेहड़ा ने मैहतपुर को हराया। वहीं, दूसरे मैच में रक्कड़ 11 ने सुमित 11 बसदेहड़ा हो हराया, तीसरे मैच में वर्ल्ड-11 ने खन्ना-11 को हराया। क्रिकेट संयोजक ऊना विधान सभा विनय सहोड़ ने बताया कि कल दोनों सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रिंसिपल देश राज मुख्यातिथि के रूप शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल ऊना के अध्यक्ष दविंद्र कौशल, सुशील कुमार, रमन सहोड़, मदन पूरी, रूपिंद्र सिंह दहल, गैरी राणा, अनीश ठाकुर, विकास पूरी व अन्य उपस्थित थे।

### गगरेट में 6.46 करोड़ की सड़कें मंजूर: देवी लाल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** प्रदेश युवा कल्याण बोर्ड के निदेशक देवी लाल शांडिल ने बताया कि नाबार्ड के तहत गगरेट में 6.46 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हुई है। विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से यह राशि गगरेट से रामा मंदिर अंदौरा उपरला, जट्टां दा बेहड़ा से बणे दी हट्टी सड़क के निर्माण पर खर्च होगी। शांडिल ने कहा कि इस सड़क को हरी झंडी मिलने पर गगरेट वासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उपप्रधान आशीष शर्मा, चंदन शर्मा, गौरव, वार्ड पंचों और स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के प्रयासों से गगरेट में चहुंमुखी विकास संभव हो पाया है। 6.46 करोड़ रुपए की लागत से उक्त सड़क का निर्माण गगरेट से रामा मंदिर (अंदौरा उपरला, जट्टां दा बेहड़ा) बणे दी हट्टी से जुड़ने वाले लोगों के आवागमन की समस्या को देखते हुए विधायक ने सड़क के निर्माण के लिए दिन रात एक की है। इन लोगों के घरों को कच्चा मार्ग था जिससे आने जाने में सभी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बीमार पड़ने एवं रात के समय चलने में लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नाबार्ड द्वारा स्वीकृति मिलने से अब शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा।



### मोहल्ला भराइयां में लगाया वार्षिक भंडारा

**हीना पठानिया, बड़ूही।** अंब उपमंडल के तहत पड़ते गांव धुसाड़ा के पीर बाबा लख दाता (मोहल्ला भराइयां) में विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने पीर बाबा लखदाता की महिमा का गुणगान किया। भंडारा आयोजन समिति के सदस्य शमशेर मोहम्मद से बात करने पर उन्होंने बताया सुबह के समय लगभग सवा ग्यारह बजे झंडे की रस्म पूरी की गई। इस मौके पर स्थानीय महिलाएं पीर बाबा लखा दाता की महिमा का गुणगान किया। इसके उपरांत विशाल भंडारे की शुरुआत की गई दोपहर एक बजे से देर शाम तक पीर बाबा लखा दाता परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। आयोजकों की ओर से क्षेत्रवासियों से भंडारे में बढ़-चढ़कर उपस्थिति दर्ज करवाने को लेकर सभी का धन्यवाद किया इस मौके पर इसी गांव के प्रधान नीरू बाला ने मुख्य रूप से शिरकत की और पीर बाबा लखदाता जी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मुख्य सेवादार सरदार अली व शमशेर मोहम्मद, मांगे शाह, आयूब मोहम्मद, हरदीप बाहड़ा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### प्रशिक्षण के आधार पर टीम का प्रदर्शन बेहतर

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** ड्रैगन वोट चैंपियनशिप एवं ट्रैडिशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जिला ऊना की खिलाड़ी मानसी राणा ने बताया कि टीम ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अन्य राज्यों की तुलना में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं न मिल पाने से कुछ प्रदर्शन में कमी जरूर आई है, परंतु आगे होने वाली चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं के लिए प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग से खिलाड़ियों तथा उनके ट्रेनिंग अधिकारियों को और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, तो खिलाड़ी आगे होने वाली हर प्रतियोगिता में और अच्छा प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में तीन पौंग डैम, बिलासपुर डैम,चमेरा डैम को मिलाकर तीन ट्रैनिंग सैंटर में अगर इन तीनों सैंटरों में खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा तथा बढ़िया प्रशिक्षक उपलब्ध हो जाएं तो खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाएंगे। इस मौके पर सीनियर ट्रेनिंग अधिकारी राकेश वालिया, ट्रेनिंग अधिकारी श्याम लाल, महासचिव रितेश, ट्रेनिंग अधिकारी संजीव कुमार एवं पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों तथा ट्रेनिंग कोच श्याम लाल को केरल में हुई 11वीं नैशनल ड्रैगन वोट एवं ट्रेडीशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने पर बधाई दी है।

### तोड़फोड़ व मारपीट का आरोप,मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत गलोड़ क्षेत्र के काही दी वाहल गांव में घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट का मामला सामने आया है। काही दी वाहल गांव के देशवीर पुत्र दलीप सिंह ने पुलिस को शिकायत की है कि काही दी वाहल गांव की सुनीता देवी, राजो देवी, विजय कुमार, मनीष कुमार, सींपू व अनु इत्यादि ने उनके घर पर आकर हमला किया तथा बाथरूम में तोड़फोड़ की। जब उनको ऐसा करने से रोका तो उनके ऊपर ईंटें मारीं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी।

# चिट्टा तस्करी का मुख्य आरोपी किया गिरफ्तार

## युवाओं को धीमी मौत परोस रहे नशे के एक सौदागर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



चिट्टे जैसे घातक नशे को प्रदेश में लाकर युवाओं को धीमी मौत परोस रहे नशे के एक सौदागर को गगरेट पुलिस ने धर दबोचने में सफलता हासिल की है।

बताया जा रहा है कि पांच नवंबर को तीस ग्राम चिट्टे की खेप के साथ पकड़े गए दो आरोपियों से गहनता से हुई पूछताछ में नशे की खेप मंगवाने वाले का खुलासा हुआ था। पुलिस कई दिनों से मुख्य आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था।

शनिवार को पुलिस ने बिलासपुर जिले की घुमारवीं तहसील के बल्ह संबंधित इस आरोपी को न सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि इसका तीन दिन का पुलिस रिमांड भी हासिल कर लिया है। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में पंजाब में बैठे चिट्टे के मुख्य सप्लायर की भी शीघ्र गिरफ्तारी हो सकती है।

पांच नवंबर को गगरेट पुलिस ने गगरेट-होशियारपुर रोड पर लगाए गए नाके के दौरान मंडी व बिलासपुर जिले से संबंधित दो युवकों को तीस ग्राम चिट्टे की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनका पुलिस रिमांड हासिल करके इनसे गहनता से पूछताछ की तो पता चला कि उक्त आरोपी तो महज ड्रग पैडलर हैं बल्कि चिट्टे की खेप बिलासपुर जिले की घुमारवीं तहसील के राकेश कुमार उर्फ सोनू पुत्र ध्यान चंद द्वारा मंगवाई गई थी। होशियारपुर में बैठे ड्रग सप्लायर को भी राकेश कुमार ने ही 36 हजार रुपए आनलाइन पैसे ट्रांसफर किए थे। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार की पहली नवंबर से लेकर पांच नवंबर तक होशियारपुर के ड्रग सप्लायर को करीब डेढ़ लाख रुपये की ट्रांसेक्शन की है। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार बिलासपुर में लोगों को दिखाने के लिए ट्रक ड्राइवरी करता है लेकिन इसका मुख्य धंधा चिट्टे की सप्लाई का ही है। इससे पहले गिरफ्तार किए गए दो आरोपी अभी तक सलाखों के पीछे जेल में बंद हैं। इस मामले में अब तक यह तीसरी गिरफ्तारी है।

माना जा रहा है कि इस मामले में जल्द ही पंजाब में बैठे ड्रग सप्लायर की भी गिरफ्तारी हो सकती है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि चिट्टा तस्करी के एक मामले में गगरेट पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बिलासपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जल्द ही इस मामले में चौथी गिरफ्तारी हो सकती है।

## खनन माफिया पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने जारी ब्यान में कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के



बड़साला व बसाल में खनन माफिया ने सरकारी और निजी भूमि पर अवैध खनन करते हुए 15 से 20 फुट गहरे गड्ढे डाल दिए हैं। वहीं, खनन माफिया केवल यहां से रेत और बजरी ही नहीं उठाई, बल्कि इसके साथ-साथ खैर के हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से भी बाज नहीं आया। सरकार हिमाचल देव भूमि को नष्ट कर जहां का वातावरण के साथ खिलवाड़ कर रही है। हिमाचल सरकार को उचित निर्णय लेना चाहिए। जिला प्रशासन भी सो रहा है । यदि सरकार व प्रशासन उचित निर्णय नहीं लेता तो महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा सरकार ब प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी।

## बाबा गोबिंद दास ने प्रवचनों से संगत को किया निहाल



बाबा मंगला पुरी डेरा में बाबा गोबिंद दास जी प्रवचन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली के बढ़ेड़ा में स्थित प्राचीन बाबा मंगला पुरी डेरा में रविवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गद्दी नशीन बाबा गोबिंद दास ने अपने प्रवचनों से संगत को निहाल कर दिया। कार्यक्रम में झंडे की रस्म अदा की गई व कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरी।

गद्दी नशीन बाबा गोबिंद दास ने अपने प्रवचनों में कहा कि संतों की संगति में रहने से मनुष्य को भगवान की कृपा मिलती है। उन्होंने कहा कि संतों की शरण मिलना आसान नहीं है। जिन्होंने जीवन में अच्छे कर्म किए होते हैं, उसे ही संतों की शरण मिलती है। संत के चरणों में बैठने से जो आनंद मिलता है, वह कहीं भी प्राप्त नहीं होता।

उन्होंने कहा कि संत गुलाब के फूल की तरह होते हैं, जिन पर कोई गंध असर नहीं कर सकती और गुलाब की तरह संत सुगंध ही बिखेरते हैं। साधु की सरलता उसके हृदय में भक्ति और भक्ति की महक हर जगह दिखाई देती है। संतों में वह ताकत है कि उनके संपर्क में आने से लोहा भी पारस बन जाता है। दुनिया में सबसे बड़ी संपत्ति मानवीय काया है, जिसे प्राप्त करने के लिए मनुष्य को बड़ी साधना करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य के रंग, रूप, सेहत और आकार में भिन्नता आती है, ठीक उसी प्रकार मनुष्य का समय भी बदलता रहता है। धरती में हर आने वाली चीज अपने समय के अनुसार बदलती रहती है। उन्होंने कहा कि मन पर काबू करना ही एक शक्ति है।

## अंबोटा में युवक ने जहरीला पदार्थ निगल कर दी जान

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव के एक 35 वर्षीय अविवाहित युवक ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतक पेशे से ट्रक चालक था। उसे गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल गगरेट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका।



गगरेट पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अंबोटा गांव का परविंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह रविवार सुबह घर पर ही था। इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई। परिजनों ने जब उसके हालात बिगड़ते देखे और उससे बात करनी चाही तो उसने बताया कि उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। इसकी जानकारी तत्काल गगरेट पुलिस को दी गई। मृतक की मां के अनुसार आखिर किस वजह से परविंद्र ने जहरीला पदार्थ निगला इसका किसी को कुछ पता नहीं है। परविंद्र पेशे से ट्रक चालक था और अभी तक अविवाहित था। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने इस बावत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कुटलैहड़ में रविवार को संपर्क सड़कों पर बसें न चलने से लोग परेशान: जोगेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल लठियानी वार्ड से बीडीसी सदस्य एवं भाजपा नेता जोगेंद्र देव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शादियों के सीजन पर रविवार को कुटलैहड़ क्षेत्र की कई संपर्क सड़कों पर बसों का संचालन न होने से लोग खासा परेशान हैं। कोरोना महामारी के बाद से रविवार को बसें बंद कर दी गई हैं, जिससे स्थानीय जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




उन्होंने कहा कि अब जनता को महंगे दामों पर टैक्सियों को हायर करके मजबूरी में जाना पड़ रहा है। आर्य ने बताया कि बंगाणा से करमाली, बंगाणा से तलमेहड़ा, बंगाणा से सरोह और थाना कलां से रायपुर मैदान सहित कई अन्य लिंक मार्गों पर रविवार को बसों का संचालन नहीं होता। इससे स्थानीय निवासियों को यात्रा में कठिनाई हो रही है, खासकर उन लोगों को जो विभिन्न कार्यों के लिए इन मार्गों का उपयोग करते हैं।

पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव ने इस मुद्दे को लेकर स्थानीय विधायक विवेक शर्मा विक्कू और परिवहन मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से आग्रह किया है कि वह इस सुविधा को पुन: बहाल करने की दिशा में कदम उठाएं। उनका कहना है कि यह सुविधा स्थानीय जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और इसके पुनरारंभ से लोगों को काफी राहत मिलेगी। स्थानीय लोग भी इस सुविधा को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें यात्रा के दौरान अधिक समस्याओं का सामना न करना पड़े।



## थानाकलां-टक्का और मंदली-डोहगी की सेमीफाइनल में होगी भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के थानाकलां में चल रहे सांसद खेल महाकुंभ 3,0 में कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल आठ मैच हुए। वहीं, स्थानीय प्रधान सरोज देवी ने मुख्यातिथि शिरकत करके खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। सांसद खेल महाकुंभ कुटलैहड़ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि अब सेमीफाइनल में थानाकलां और टक्का, जबकि मंदली और डोहगी में भिड़ंत होगी, जो भी इनमें विजेता बनेगी उनमें फाइनल के लिए भिड़ंत होगी। राजेंद्र ने बताया कि संसद खेल महाकुंभ में युवाओं का बहुत क्रेज देखने को मिल रहा है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, सीलू उस्ताद, रवींद्र कुमार सहित सैकडों खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सात पीढ़ियों को मोक्ष देती है श्रीमद् भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भागवत कथा में पूजा-अर्चना करते विधायक विवेक शर्मा और उनकी पत्नी।

कुटलैहड़ के होटल हवेली में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. श्री रामनाथ शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने पत्नी मृदु शर्मा एवं परिवार सहित पूजा-अर्चना करके व्यास पीठ को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कथा केवल एक व्यक्ति के जीवन को नहीं, बल्कि उनकी सात पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करने की शक्ति रखती है। भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मार्गदर्शक है।

इसके श्रवण और चिंतन से आत्मा को शुद्धता प्राप्त होती है और मानव के जीवन का उद्देश्य स्पष्ट होता है। उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में इस कथा का श्रवण करता है, तो यह उसके जीवन में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की भावना को जागृत करती है। शास्त्री ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गहरे आध्यात्मिक संदेश लिए हुए हैं। इन लीलाओं के माध्यम से भगवान ने समाज को धर्म, सत्य और प्रेम का महत्व समझाया।

होटल हवेली जोगी पंगा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में हर कोई भगवान की लीलाओं को सुनकर भाव-विभोर हो गया। इस कथा के आयोजन में स्व. रामनाथ शर्मा के परिजनों और स्थानीय निवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य समाज को धर्म और अध्यात्म की ओर प्रेरित करना है। कथा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और उन्हें अगले दिन के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। कथा विराम के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा उनकी धर्म पत्नि मृदु शर्मा, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, देसराज गौतम, देसराज मोदगिल, जिला पार्षद सत्या देवी आदि ने कथा में भाग लिया।

## श्री लक्ष्मी नारायण व श्री राम की मूर्तियों के साथ निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गगरेट उपमंडल के गांव डंगोह खास में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण व भगवान श्री राम परिवार की मूर्तियों के सहित एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गांव डंगोह खास के वार्ड नंबर 6 से यह शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों, डीजे की धुनों सहित श्रद्धालुओं ने नाचते गाते हुए शिव मंदिर डंगोह से शुरू होकर रेलवे स्टेशन से होते हुए दौलतपुर बाजार पहुंची। ऐतिहासिक स्थल बेई से होते हुए पिर्थीपुर रोड और पूरे डंगोह गांव की परिक्रमा करते हुए वापस शिव मंदिर डंगोह पहुंची। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा भगवान जी की मूर्तियों के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। रविवार को पूरे विधि विधान से मूर्तियों को मंदिर में विराजमान किया जाएगा। इसके पश्चात हवन-यज्ञ कर झंडा रस्म अदा की जाएगी और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस शोभायात्रा में प्रताप सिंह, अजमेर सिंह लाली, जय गोपाल, सूबेदार मोहन सिंह आदि ने भाग लिया।



## 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को संविधान के महत्व के प्रति करता है जागरूक: देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 118वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम को कुटलैहड़ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा भाजपा कार्यालय होटल कर्णराज में मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।



भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात में सबसे पहले गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस वर्ष भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, जो हमारे संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने संविधान सभा के महान नेताओं के योगदान को याद करते हुए, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के ऐतिहासिक भाषणों के अंश साझा किया।

उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के उस वक्तव्य को उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने संविधान सभा के सदस्यों के परस्पर सहयोग और एकता पर जोर दिया था। इसके साथ ही, डॉ. राजेंद्र प्रसाद के विचारों को भी प्रस्तुत किया, जो संविधान सभा के अध्यक्ष थे। भुट्टो ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का आह्वान किया। हमारा संविधान हमारे लिए पथ प्रदर्शक है और हमें इसके आदर्शों का पालन करना चाहिए। भुट्टो ने प्रधानमंत्री के इस संबोधन की सराहना की।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान सभा के महान नेताओं के विचारों को साझा करके देशवासियों को हमारे संवैधानिक मूल्यों की याद दिलाई है। यह हमें हमारे कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। प्रधानमंत्री का यह संदेश देश की युवा पीढ़ी को संविधान के महत्व और उसकी रक्षा के प्रति प्रेरित करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला और देशवासियों से इस अवसर को उत्साह और गर्व के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह समय है जब हम अपने संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राज कुमार, जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## उद्योगपति जगदीश ने छोड़ी बिजली सब्सिडी

**सन्नी पुरी, गगरेट।** औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित पीएमडब्लयू मेटल इंडस्ट्री के मालिक जगदीश करनानी ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बिजली सब्सिडी छोड़ने के किए गए आह्वान का अनुसरण करते हुए बिजली सब्सिडी छोड़ कर अनुकरणीय मिसाल कायम की है। विद्युत मंडल गगरेट में बिजली सब्सिडी छोड़ने वाले वह पहले उपभोक्ता बने हैं। जगदीश ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का फार्म भर कर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बलराज संगर व अधिशाषी अभियंता खुशविंद्र सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बलराज संगर ने कहा कि जो मिसाल जगदीश ने प्रस्तुत की है उसका अनुसरण प्रदेश हित में अन्य बिजली उपभोक्ताओं को भी करना चाहिए। हाल ही में मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश हित में बिजली सब्सिडी छोड़ने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री के इस आह्वान पर प्रदेश में अब तक एक हजार लोग बिजली सब्सिडी स्वेच्छा से छोड़ चुके हैं। इसी बीच उद्योगपति जगदीश ने प्रदेश हित में स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोड़ने का निर्णय किया। (अनंत ज्ञान)

**सौगात** आगजनी और आपदाओं से निपटने के लिए अग्निशमन केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

## डूमखर में 5.54 करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के डूमखर क्षेत्र में 5.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र का निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ होने वाला है।

क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निरीक्षण किया और इसे क्षेत्र के विकास और सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का शिलान्यास हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जल्द ही किया जाएगा। कुटलैहड़ की जनता को आपदा के समय सुविधा देने के लिए मध्य में राज्य के मुख्यमंत्री सुक्खू के आशीर्वाद से 5,54 करोड़ की लागत से बनने वाले अग्निशमन केंद्र में हर सुविधा उपलब्ध होगी और अग्निशमन केंद्र की गाड़ियों के लिए पानी की भी विशेष व्यवस्था रहेगी।



विधायक विवेक शर्मा अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए।

यह अग्निशमन केंद्र न केवल उपमंडल बंगाणा के लोगों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि यह आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से हल करेगा। विधायक ने इस केंद्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटनाओं और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। उन्होंने कहा डूमखर जैसे क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र की स्थापना यहां की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इस केंद्र के निर्माण से क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं को त्वरित गति से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

यह अग्निशमन केंद्र केवल आपदा प्रबंधन के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं को आपदा प्रबंधन और अग्निशमन की बारीकियों का प्रशिक्षण देने के लिए भी एक अहम मंच प्रदान करेगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि इस केंद्र में स्थानीय युवाओं को विशेष रूप से अग्निशमन सेवाओं से संबंधित आधुनिक तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कदम न केवल युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि आपदा के समय उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

# शरदोत्सव के लिए दुल्हन की तरह सजा मनाली का मालरोड

## राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव का आज होगा आगाज, मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे शुभारंभ, विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने लिया तैयारियों का जायजा

**कमलेश वर्मा/एम बोकटापा, मनाली**





पर्यटन नगरी मनाली में सोमवार से राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। पांच दिवसीय कार्निवाल का शुभारंभ माता हिडिंबा की विधिवत पूजा के बाद होगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सर्किट हाउस से कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री जनता को करोड़ों की सौगात देंगे। वह सुबह 10 बजे मनाली मालरोड में विटर कार्निवाल परेड की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर सर्किट हाउस से मालरोड तक सांस्कृतिक झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों में देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दल और मनाली विधानसभा के महिला मंडल भाग लेंगे। विंटर कार्निवाल के लिए मनाली को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मालरोड में इस पर शानदार सजावट की गई है। वहीं, मनु रंगशाला भी सोमवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंज उठेगी। मुख्यमंत्री दोपहर को मनुरंगशाला में पांच दिन तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। पांच दिन तक चलने वाले विंटर कार्निवाल में इस बार भी महिलाओं की महानाटी, विंटर क्वीन और वाइस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा फैशन शो, फैंसी ड्रेस, फिल्म डांस, लोकनृत्य प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पांच दिन तक सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार धमाल मचाएंगे। स्थानीय लोक कलाकारों को भी मौका मिलेगा। मनुरंगशाला और माल रोड दोनों ही जगह पर कार्निवाल के कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल में भाग लेने के लिए देशभर से टीमें मनाली पहुंच गई हैं। रविवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने एसडीएम रमण शर्मा के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उधर, कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार विंटर कार्निवाल नए स्वरूप में नजर आएगा। (अनंत ज्ञान)

### कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**शरदोत्सव** के आयोजन को लेकर मनाली को चार सेक्टरों में बांटा गया है, जबकि ट्रैफिक को लेकर आठ बीट में शहर को बांटा है। मनाली पुलिस ने राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनाली को चार सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर में एक सेक्टर अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। कार्निवाल के दौरान सुरक्षा, कानून व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए 234 पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। रामबाग व मनु रंगशाला सहित माल रोड, सर्किट हाउस में सुरक्षा कड़ी रहेगी। मनु रंग शाला सहित कार्निवाल कमेटी ने पर्यटकों की सुविधा के लिए माल रोड में भी कलाकारों के लिए स्टेज बनाया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि विंटर कार्निवाल के दौरान मनाली में चार सेक्टर बनाए गए हैं। मनुरंगशाला पहला सेक्टर होगा। मालरोड दूसरा और आइबेक्स चौक से गोंपा रोड होते हुए मिशन अस्पताल तक के क्षेत्र को तीसरे सेक्टर में रखा गया है। रामबाग चौक से सर्किट हाउस तक के वीआईपी इलाके को चौथा सेक्टर बनाया गया है। इसके अलावा कार्निवाल के दौरान पर्यटकों व स्थानीय लोगों को ट्रैफिक की समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए आठ बीट बनाई हैं। कार्निवाल के दौरान सभी जवानों को निष्ठा से कार्य करने के आदेश दिए गए हैं।



# स्वास्थ्य मंत्री ने 4.25 करोड़ के विकास कार्यों के किए लोकार्पण व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम सोलन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगभग 4.25 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए।

डॉ. शांडिल ने 1.71 करोड़ रुपए से विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 18.23 लाख रुपए से निर्मित प्राथमिक विद्यालय नडोह की ओर नाले के निर्माण एवं पेवर बिछाने के कार्य का तथा नड़ोह मार्ग से अनुराधा के घर तक लगभग 5 लाख रुपए से निर्मित सीढ़ियों के रास्ते का लोकार्पण किया। उन्होंने 43.63 लाख से निर्मित नगर निगम सोलन के मुख्य जलापूर्ति भंडारण टैंक की छत का लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग 20 लाख से निर्मित पुराने डीसी कार्यालय से सनी साईड पार्क तक सड़क के रखरखाव व पेवर बिछाने के कार्य, लगभग 4.30 लाख रुपए से निर्मित वार्ड नंबर 12 के प्रवेश द्वार, लगभग 7.19 लाख रुपए से निर्मित एंबुलेंस मार्ग सनी साइड पर पेवर बिछाने के कार्य तथा लगभग 5.18 लाख रुपए से निर्मित वार्ड नंबर 12 में सैनिक विश्राम गृह से अमित अपार्टमेंट तक सड़क पर पेवर बिछाने के कार्य का लोकार्पण किया। डॉ. शांडिल ने लगभग 21.25 लाख रुपए लागत से निर्मित जवाहर पार्क वार्ड नंबर-6 में ओपन एयर थियेटर का लोकार्पण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने लगभग 46.32 लाख रुपए की लागत से निर्मित नगर निगम कार्यालय सोलन में बैठक सभागार व महापौर कार्यालय का लोकार्पण किया।

डॉ. शांडिल ने लगभग 26.21 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने वार्ड नंबर-8 में 10.83 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जौणाजी मार्ग से धाली, नड़ोह के लिए मार्ग की आधारशिला रखी। उन्होंने चौरीघाटी में 99 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नए जलापूर्ति भण्डारण टैंक तथा वार्ड नंबर-11 के शामती में साईं मंदिर के समीप 68 लाख रुपए से निर्मित होने वाले नाले के तटीकरण की आधारशिला रखी।

सैनिक कल्याण मंत्री ने 30 लाख से निर्मित किए जाने वाले बाइपास सपरुन पर शहीद स्मारक पार्क, लगभग 26.24 लाख से निर्मित की जाने वाले वार्ड नंबर-14 के बाईपास सपरुन के शहीद स्मारक पार्क में विभिन्न सुविधाओं के निर्माण, 20 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाइपास सपरुन से पैदल पथ के निर्माण कार्य तथा 8.08 लाख रुपए से लगभग बाई पास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर पार्षद राजीव कोड़ा ने वार्ड-14 की समस्याओं को मंत्री के समक्ष उठाया।



सोलन के सपरून में शहीद स्मारक और फुटपाथ का शिलान्यास करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल शांडिल और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

## संतुलित विकास के लिए जन-जन का सहयोग अपेक्षित : डॉ. शांडिल



**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि विकास की कोई सीमा नहीं है, विकास एक सतत प्रक्रिया है और समग्र एवं संतुलित विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। डॉ. शांडिल ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सोलन शहर के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत नगर निगम सोलन के विभिन्न वार्डों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि एक आक्लन के अनुसार सोलन शहर में 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से जनसंख्या की बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण जहां लोगों की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं। वहीं, समस्याओं में भी वृद्धि हो रही है। प्रदेश सरकार इस दिशा में गंभीर है और दीर्घावधि के विकास के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से साथ ही लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। लोगों की जलापूर्ति एवं अन्य सुविधाएं को सुचारु रखने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन शहर में निर्मित होने वाला शहीद स्मारक जहां समूचे क्षेत्र की ओर से शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, यह जन-जन को सदैव स्मरण करवाया कि हमारे जवान हमारी सुरक्षा के लिए सदैव कार्यरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक में नकारा हो चुके लड़ाकू विमान या टैंक की स्थापना के लिए उचित माध्यम से केंद्रीय रक्षा मंत्रालय से मामला उठाया जाएगा। डॉ. शांडिल ने पार्षदों को विकास करवाने के साथ-साथ युवाओं को नशे से दूर रखने में सहयोग देने का आग्रह किया।

## 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने को बनेगी योजना : विक्रमादित्य सिंह



**लोक** निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस अवसर पर कहा कि संवर्धन जलापूर्ति योजना के तहत सोलन शहर में नगर निगम द्वारा जलापूर्ति भंडारण टैंक निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 लाख लीटर का यह भंडारण टैंक लोगों की जलापूर्ति की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनेगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सोलन शहर के लोगों को जलापूर्ति की समस्या से निजात मिलेगी और सूचारू जलापूर्ति उपलब्ध होगी। सोलन को शिमला शहर की तर्ज पर 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विश्व बैंक की मदद से योजना तैयार की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सोलन शहर के मल निकासी प्रणाली को भी और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि लोगों को इसकी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सोलन शहर में विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा किया जाएगा और शहर की आवश्यकता के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि कम बजट में नई तकनीक को अपनाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना प्रदेश सरकार का ध्येय है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कूड़े के सही निष्पादन तथा शहर में पार्किंग के निर्माण के लिए भूमि संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम सोलन में जल्द ही अधिशाषी अभियंता के खाली पड़े पद को भरा जाएगा। डॉ. शांडिल एवं विक्रमादित्य सिंह ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### फीलिंग स्टेशन दे रहा विदेश जाने का मौका

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर बीबीएन फिलिंग स्टेशन की ओर से विदेश जाने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। बीबीएन फीलिंग स्टेशन की ओर से पेट्रोल व डीजल भरवाएं और थाईलैंड का ट्रिप निशुल्क मिलेगा। रविवार को एचपीसीएल के मार्केटिंग डायरेक्टर अमित गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए स्कीम का शुभारंभ किया। बीबीएन फीलिंग स्टेशन के मालिक राजन ठाकुर ने बताया कि विदेश जाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। कोई भी पेट्रोल व डीजल भरवाकर हिस्सा ले सकता है, जिसका लक्की ड्रा 15 मई को निकाला जाएगा। इस मौके पर जीएम रिटेल बालाजी अनदन, आरएम शिमला पदमेश शुक्ला व एरिया सेल मैनेजर संदीप राणा मौजूद रहे।

### सीसीआई के अनिल बने सर्वश्रेष्ठ मैकेनिक



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** खान सुरक्षा निदेशालय, गाजियाबाद और श्रीनगर क्षेत्र के तत्वावधान में खान सुरक्षा सप्ताह का 2025 का ट्रेड टेस्ट का आयोजन पांवटा साहिब के भाटिया पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अतुल परमार क्षेत्रीय अधिकारी हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रहे, जिसमे माइनिंग मेट, ब्लास्ट, डंपर ऑपरेटर, कंप्रेसर ऑपरेटर, ड्रिल ऑपरेटर, मैकेनिक/फिटर फर्स्ट एडर, लोडर/एक्सकैवेटर ट्रेड शामिल थे। इस आयोजन का उद्देश्य खनन क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा और दक्षता को परखना था। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सिरमौर क्षेत्र के नोडल अधिकारी आरपी तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम खनन कार्यों में सुरक्षा और कुशलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद किया। ट्रेड टेस्ट के दौरान माइनिंग मैट वर्ग में सीसीआई के जगदीश चंद प्रथम, भूतमडी लाइम स्टोन के सेंकी गुलेरिया द्वितीय, बड़वास लाइम स्टोन माइन के रामस्वरूप तीसरे स्थान पर रहे। फीटर/ मैकेनिक वर्ग में सीसीआई के अनिल कुमार प्रथम, भूतमडी लाइम स्टोन माइन के दीपक द्वितीय औरसीसीआई के दिनेश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। ब्लास्टर वर्ग में हिमालय लाइम स्टोन माइन के लायक राम प्रथम, संगड़ाह लाइम स्टोन माइन के पूर्ण चंद द्वितीय और बल्दवा लाइम स्टोन माइन सुमेर चंद तृतीय स्थान पर रहे। टिप्पर डंफर ऑपरेटर में भूतमड़ी लाइम स्टोन के छोटे लाल प्रथम सीसीआई के नरेंद्र चौहान द्वितीय और संगड़ाह लाइम स्टोन माइन के सुभाष चंद तृतीय स्थान पर रहे।

## नकदी व ट्रक की चाबियां लूटने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना परवाणू की टीम ने हिमाचल-हरियाणा सीमा पर मंडी निवासी ट्रक मालिक से नकदी व ट्रक की चाबियां लूटपाट की वारदात में संलिप्त तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

इस लूटपाट के मामले में दो आरोपियों पारस और रणजीत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा इस मामले की जांच व आरोपियों से पूछताछ पर पाया गया कि उक्त लूटपाट की वारदात में अन्य व्यक्ति भी संलिप्त है, जिस पर पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा संलिप्त एक अन्य आरोपी रितिक पुत्र बुधी राम निवासी खिला कॉलोनी कालका जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 21 वर्ष को कालका हरियाणा से पिछले कल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले जांच जारी है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## बस में मिली लाश कंडक्टर सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश के सिरमौर जिले में एचआरटीसी कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि कंडक्टर नशे में धुत्त था और उसकी लापरवाही के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला नाहन डिपो से जुड़ा है, जहां कंडक्टर दौलत राम को सस्पेंड किया गया है। आरोप है कि कंडक्टर ने बस में एक व्यक्ति को मरा हुआ छोड़ दिया था, जिसे बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने कंडक्टर का मेडिकल करवाया, जिसमें शराब की पुष्टि हुई। इसके बाद निगम प्रबंधन ने कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया और उसे हेडक्वार्टर नाहन फिक्स कर दिया गया है। निगम के आरएम अंशित शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में कंडक्टर की लापरवाही के कारण व्यक्ति की मौत हुई है और इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंडक्टर के खिलाफ विभागीय जांच भी बिठाई जाएगी। इसके अलावा, पुलिस ने भी कंडक्टर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

## शांतिनगर में हुई 25,000 की घड़ी के चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



थाना सदर सोलन राजन अरोड़ा निवासी जौणाजी रोड ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह शक्तिनगर जौणाजी रोड सोलन में किराये के कमरे में रहते हैं तथा इनके कमरे के साथ ही एक संतोष नामक युवक भी किराये के कमरे में रहता है, जिसने 16 जनवरी को इसके किराये के कमरे के साथ ही किराये का कमरा लिया था तथा उसी दिन वह कमरे में सामान शिफ्ट कर रह रहा था, जिसके साथ उसका जानने वाला युवक सामान लाने का काम कर रहा था।

सामान रखने के बाद वह युवक वहां से चला गया, जब यह अपने कमरे में गए तो इनकी ली कूपर की घड़ी जो टेबल पर रखी थी गायब पाई गई, जिसकी उन्होंने बहुत तलाश की, लेकिन कहीं पर भी न मिली। चोरी हुई घड़ी की कीमत लगभग 25,000 है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी का मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का विश्लेषण किया, तो पाया कि एक युवक जो शिकायतकर्ता के पड़ोसी संतोष के साथ सामान शिफ्ट करने के लिए आया था शिकायतकर्ता के कमरे में जाता हुआ दिखाई दिया तथा जल्द कमरे से बाहर निकलकर वहां से चला गया, जिस पर पुलिस चौकी शहर सोलन की टीम द्वारा आरोपी की पहचान कर उक्त मामले में संलिप्त आरोपी विक्रांत पुत्र लखन निवासी आशियाना चिल्ड्रन होम अल्लीपुर दक्षिण पश्चिमी दिल्ली उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुई घड़ी जिसकी कीमत लगभग 25,000 उसको बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## 120 से अधिक लोगों के जांचे नेत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**



रोटरी रॉयल सोलन द्वारा व्यावसायिक चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले चरण का आयोजन शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन, चंबाघाट, सोलन में किया गया, जिसमें ऑटो रिक्शा चालक लक्ष्य समूह के रूप में शामिल किए गए। डॉ. राजेश कश्यप ने शिविर का उद्घाटन किया। अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. कमल अटवाल ने बताया कि इस शिविर में 120 से अधिक व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई और जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। नेत्र परीक्षण रोटेरियन डॉ. अनुभा ओझा और उनकी टीम द्वारा किया गया। रोटरी रॉयल सोलन के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. कमल अटवाल ने सामाजिक कारणों के प्रति रोटरी की प्रतिबद्धता को दोहराया। निशुल्क नेत्र परीक्षण के मुख्यातिथि डॉ. राजेश कश्यप ने रोटरी की सहारना करते हुए कहा कि रोटरी इंटरनेशनल एक वैश्विक संगठन है, जो सामाजिक कारणों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करता है। रोटरी के सदस्य विभिन्न समुदायों में सेवा परियोजनाओं को आयोजित कर और जरूरतमंद लोगों की मदद कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं।

## वाहन से 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नशे की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, पुलिस थाना माजरा की टीम ने गश्त के दौरान हरियाणा नंबर के एक वाहन से 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपियों की पहचान शमीम, पुत्र मोहम्मद सादिक, निवासी गांव लंका, डाकघर बराड़ा, तहसील साहा, हरियाणा के खिलाफ आबकारी अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है व जांच जारी है।

## 12 .5 ग्राम हेरोइन के साथ 24 साल का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने एक 24 साल के युवक को 12.5 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसआईयू की टीम ने अमल में लाई। आरोपी युवक की पहचान मंसूर अली पुत्र वाजिद अली निवासी कुंजा ग्रांट, डाकघर ढालीपुर, तहसील विकासनगर, उत्तराखंड के तौर पर की गई है। जानकारी के अनुसार, जिला सिरमौर पुलिस की एसआईयू टीम गश्त पर तैनात थी। इस बीच गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कुंजा मतरालियों के समीप दबिश दी, जहां एक युवक की तलाशी लेकर उसके कब्जे से नशे की खेप बरामद की। उधर, डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पुरूवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में आगामी तफ्तीश जारी है। आरोपी के खिलाफ पुरूवाला पुलिस थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 120 साल पुराना गुरुद्वारा साहिब कंडाघाट का भवन जर्जर हालत में

**प्रेम कुमार, कंडाघाट**



कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा साहिब करीब 120 साल पुराना है। इस ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब का भवन पटियालाशाही के समय का बना आज जर्जर हालत में है। बदहाल भवन के नवीनीकरण के लिए विभाग प्रशासन और सरकारें इसे दशकों से नजर अंदाज करते आ रहे हैं।

प्रदेश के भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्षेत्र में आने वाला यह गुरुद्वारा साहिब प्राचीन होने के इतिहास की धरोहर है। इस भवन के कई हिस्से जर्जर हालत में हैं। दशकों से सरकार से इस भवन के नवीनीकरण की मांग की जा रही है। इसकी तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया, पुराने समय से लेकर आज तक यह गुरुद्वारा साहिब सिक्ख समुदाय सहित स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है। साल भर सिक्खों के सभी त्योहार यहां मनाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त समाज सेवा के अन्य करार्यों में भी इस स्थान की सबसे अग्रणी भूमिका है। श्री गुरु सिंह सभा कंडाघाट पिछले कई सालों से इसकी देखरेख और धार्मिक आयोजनों का संचालन करती है। इनके प्रयासों से भवन के अगले हिस्से का काफी काम हुआ है। इसके बावजूद सरकार का संरक्षण और सहयोग न होने के कारण इसका नवीनीकरण नहीं किया जा सका है। सभा ने हमेशा पत्राचार और अन्य माध्यमों से यह मांग उठाई है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सभा के प्रधान गुरमीत सिंह, मनजिंदर सिंह, बाबूराम, राजेंद्र जसवाल, कुलदीप सिंह सहित कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस मांग को दौहराते हुए कहा कि इस गुरुद्वारा साहिब के भवन का नवीनीकरण किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अधिकारी

**गुरुद्वारा** साहिब प्रदेश के भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्षेत्र में आता है। विभाग की जिला भाषा अधिकारी सोलन ममता वर्मा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने विभाग के माध्यम से इसके भवन नवीनीकरण बारे अभी प्रस्ताव न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय सिंह सभा और लोगों की मांग पर नवीनीकरण का प्रस्ताव एसडीएम कंडाघाट के माध्यम से सरकार को भेजा गया था। इसके लिए राशि स्वीकृत होने की जानकारी नहीं है।

## माजरा में 22 को रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र में मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 जनवरी को शिव मंदिर हॉल, माजरा में आयोजित होगा। रक्तदान का समय प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। रक्तदान महादान की थीम के साथ आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। संस्था ने सभी समाजसेवियों और युवाओं से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और रक्तदान करें, जीवन बचाएं के संदेश को सार्थक बनाएं।

## व्यवस्था परिवर्तन के चक्कर में एक परिवार का सदस्य प्राणों से धो बैठा हाथ : रूमित

**अनंत ज्ञान, अर्की**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा के अध्यक्ष और राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के संयोजक रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि अत्यंत शर्मनाक वाक्य है कि एक परिवार हिमकेयर योजना का कार्ड लेकर केवल 50,000 के इंजेक्शन के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में हर दरवाजे को खटखटाता रहा, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उस परिवार के लिए कुछ नहीं किया।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि क्या ये व्यवस्था परिवर्तन का लाभ है, जिस आम जनता ने आपको अपने दुखों को खत्म करने के लिए चुना था। उसी आम जनता को यह परिवर्तन खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने कहा जिंदगी पर भारी पड़ा 50000 का इंजेक्शन एवं व्यवस्था परिवर्तन के चक्कर में एक परिवार का सदस्य प्राणों से हाथ धो बैठा। उनका कहना है कि क्या प्रदेश के गरीब लोगों पर ही व्यवस्था परिवर्तन का अंकुयर लगता है कि हर कानून केवल गरीब को दबाने के लिए ही है। यह शर्मनाक हादसा है कि अपने आपको स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी कहने वाले प्रदेश में इस प्रकार की घटना प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग व अन्य अधिकारियों के साथ सरकार की कार्यप्रणाली एवं सोच पर सवालिया निशान लगाती है।

## बिटिया फाउंडेशन ने एडीसी और एसपी सोलन से महिला उत्थान बारे की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन/कंडाघाट**





बिटिया फाउंडेशन संस्था का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्षा सीमा संख्यान की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन और एसपी सोलन गौरव सिंह से मिला।

उन्होंने महिला उत्थान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। संस्था की जिलाध्यक्ष सुमन शांडिल ने कंडाघाट में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि समाज में आज रिश्तों के मजाक बन रहा है, शादियां टूट रही हैं, परिवार और बच्चे बिखर रहे हैं। इसके साथ समाज में महिलाओं से घरेलू हिंसा जैसे विषय पर फाउंडेशन ने चिंता जताई। इस विषय पर भी चर्चा की गई कि प्रशासन के साथ मिलकर किस तरह से महिलाओं से जुड़े कई मामलों का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर फाउंडेशन की कई जिला और ब्लॉक प्रतिनिधि मौजूद रहीं।

**परेशानी** कार्डियोलॉजी स्पेशलिस्ट की सेवाएं नहीं मिलने से बाहरी राज्यों में महंगा उपचार करवाने को मजबूर लोग

## सिरमौर में 6 लाख लोगों के दिल की मर्ज का रखवाला नहीं

**एसपी जैरथ, नाहन**




करीब 6 लाख की आबादी वाले जिला सिरमौर में हार्ट सर्जन और कार्डियोलॉजी जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है।

नाहन मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद, कैथ लैब की गैरमौजूदगी के कारण मरीजों को चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तराखंड जैसे बाहरी राज्यों में महंगे ईलाज के लिए जाना पड़ रहा है। लगातार सरकारों द्वारा किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं, जिससे मरीज और उनके परिवार निराश हैं। 2016 में नाहन में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई थी। नियमों के मुताबिक तीन वर्षों के भीतर कार्डियोलॉजी विभाग और कैथ लैब स्थापित होने चाहिए थी, लेकिन 8-9 साल बीतने के बाद भी यह संभव नहीं हो सका है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन जगह की कमी को इसकी वजह बताता है। कैथ लैब की अहमियत कैथ लैब हार्ट की बीमारियों की जांच और ईलाज का केंद्र होती हैं। इसमें एंजियोग्राफी, टीएमटी और अन्य विशेष जांच व उपचार किए जाते हैं। कैथ लैब में कार्डियोलॉजिस्ट, फिजियोलॉजिस्ट, रेडियोग्राफर और नर्स जैसी विशेषज्ञ टीम होती हैं। नाहन में ऐसी सुविधा के अभाव में मरीजों को बाहरी राज्यों में ईलाज के लिए जाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### जगह की कमी

**मेडिकल** कॉलेज नाहन के एसएस डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि जगह की कमी के कारण कैथ लैब और कार्डियोलॉजी विभाग शुरू नहीं हो सका है। जगह उपलब्ध होने के बाद इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।

### घोषणाओं तक सीमित रही सरकारें

2019 के बजट सत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नाहन मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब की घोषणा की थी। इसके बाद 2022 में फिर से यह वादा किया गया। बावजूद इसके, भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह सुविधा शुरू नहीं हो पाई। वर्तमान में सुक्खू सरकार के दो साल बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### मरीज व उनके परिवार परेशान

**पच्छाद** के राजन पुंडीर का कहना है कि हार्ट सर्जन न होने के कारण वह पिछले 15 वर्षों से अपने पिता का इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में करवा रहे हैं। नाहन की सीता देवी ने पहले दिल्ली एम्स में एंजियोप्लास्टी करवाई थी और अब लखनऊ में ईलाज करवा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि नाहन में हार्ट सर्जन और कैथ लैब होती, तो बाहरी राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

## रोहित के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे शशिकांत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा की 70 सीटों के लिए चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव के लिए



कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली की नांगलोई विधानसभा सीट पर रोहित चौधरी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इस विधानसभा क्षेत्र में भारतीय युवा कांग्रेस ने हिमाचल युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शशिकांत शर्मा को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। शशिकांत शर्मा नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रोहित चौधरी के पक्ष में प्रचार करते हुए नजर आएंगे। शशिकांत शर्मा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह उसे पूरी मेहनत व ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मनु भाकर की नानी और मामा की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर की नानी और बड़े मामा की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सूचना के अनुसार, महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही मनु भाकर के मामा और नानी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। दो दिन पहले ही मनु भाकर को राष्ट्रीपति से 'खेल रत्न' अवॉर्ड मिला था। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाए। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं।

### चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा में रविवार को ठंड का प्रकोप जारी रहा और दोनों राज्यों में कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने बताया कि



अमृतसर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बठिंडा में तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में लुधियाना का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं पटियाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पठानकोट में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 7.3 डिग्री सेल्सियस और फरीदकोट में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम अधिकारी ने बताया कि दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस और फरीदाबाद में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नारनौल में न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस, हिसार में नौ डिग्री सेल्सियस और सिरसा में 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### नाबालिगा से दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तराखंड पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने वाले युवक को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया और लड़की को उसके कब्जे से मुक्त करा लिया। पुलिस के मुताबिक, लड़की का अपहरण देहरादून जिले के डोईवाला क्षेत्र से तीन महीने पहले हुआ था और इस दौरान डोईवाला का ही रहने वाला आरोपी राजन साहनी (20) लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष 16 अक्तूबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि एक अज्ञात आरोपी उसकी 17 वर्षीय बेटी को घर से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। महिला की शिकायत के आधार पर डोईवाला थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के दौरान साहनी द्वारा नाबालिग लड़की का अपहरण किए जाने की बात सामने आई, जिसके बाद संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदलता रहा, लेकिन पुलिस ने उसे रोहतक से गिरफ्तार कर लड़की को उसके कब्जे से मुक्त करा लिया।

### बुजुर्ग महिला से ठगे 15 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-37 की रहने वाली कंवलजीत कौर गिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे एक महिला की कॉल आई। उसने अपना नाम मेघा शुक्ला बताया। मेघा ने कहा कि वह मंबई से टेलिकॉम एजेंसी से बात कर रही है। आरोपी ने कंवलजीत कौर को कहा कि उसका नाम एक अवैध गतिविधि में पाया गया है। इसके बाद किसी प्रदीप सावंत और आकांक्षा अग्रवाल ने सीबीआई अफसर बनकर बुजुर्ग महिला से बात की। आरोपियों ने महिला से आधार कार्ड का विवरण लिया। आरोपियों ने कहा कि साल 2024 में महाराष्ट्र पुलिस ने मनी लांड्रिंग के एक केस में नरेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। नरेश से 538 डेबिट कार्ड बरामद हुए थे। इसमें से एक डेबिट कार्ड कंवलजीत कौर का है। आरोपी महिला का नाम केस की जांच में शामिल कर डराने धमकाने लगे। ठगों ने केस से नाम बाहर निकालने के नाम पर तीन लाख बेल बांड के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद अलग अलग तरीके से 15 लाख 101 रुपए अपने खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। महिला को जब पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है तो उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दी। साइबर सेल ने केस की जांच पड़ताल कर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल नंबरों के बारे में पता लगा रही है।

### दिल्ली में फिर वायु गुणवत्ता बेहद खराब



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से 1.6 डिग्री अधिक है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 346 रहा, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, शनिवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 255 दर्ज किया गया, जो शाम चार बजे 'खराब' श्रेणी में था। भारत मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। वहीं, घने कोहरे चलते कई ट्रेनें लेट हुई हैं।

### गाजियाबाद में आग से जिंदा जले चार लोग



**गाजियाबाद (उप्र)।** गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में एक घर में रविवार तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसमें एक महिला और उसके बच्चों समेत चार लोग जिंदा जल गए। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में लगी आग को बुझाया, आग बुझाने के बाद दमकल कर्मियों ने घर के अंदर से शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि सभी सदस्य तीसरी मंजिल पर सो रहे थे।

### ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सीआरपीएफ के महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** असम के पुलिस प्रमुख ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई है। सिंह असम-मेघालय कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। 18 जनवरी के आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उन्हें सेवानिवृत्ति की तारीख 30 नवंबर, 2027 तक के लिए सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

# सेक्टर-39 का थाना ग्रेनेड हमले की अशंका के चलते चारों तरफ से कवर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब में लगातार हो रहे पुलिस थानों पर हमलों के बाद चंडीगढ़ सेक्टर-39 के थाने को ग्रेनेड से उड़ाने की साजिश रची जा रही है। इस अहम खुफिया जानकारी का खुलासा आईबी ने एक इंटरनेशनल कॉल को इंटरसेप्ट कर किया है।

इस हमले की योजना विदेश में बैठा बब्बर खालसा का कुख्यात आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया बना रहा है। पंजाब में पुलिस थानों पर लगातार हमले के बाद आतंकियों के चंडीगढ़ सेक्टर-39 थाने को ग्रेनेड से उड़ाने की साजिश का खुफिया इनपुट मिलने के बाद पुलिस चौकस हो गई है। एसएसपी कंवरदीप कौर ने शहर के सभी थाने और चौकियों की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

सेक्टर-39 थाने को पुलिस के साथ सीआरपीएफ ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। आतंकियों पर नजर रखने के लिए थाने के बाहर एक और पोस्ट बनाई जा रही है। यहां से सीआरपीएफ के जवान संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। जवानों को अत्याधुनिक हथियार दिए गए हैं। इसके साथ थाने की दीवारों पर दो सोलर कैमरे लगाए गए हैं। सेक्टर-39 थाने में डीएसपी भी बैठते हैं। थाने के चारों तरफ गश्त के लिए दो पीसीआर की गाड़ियां तैनात की गई हैं।

पीसीआर लगातार नजर बनाए हुए हैं। आतंकवाद के बाद पहली बार शहर में थानों की ऐसी कड़ी सुरक्षा देखने को मिल रही है। सूत्रों के मुताबिक सेक्टर-39 थाने में सुरक्षा के मद्देनजर 20 और पुलिसकर्मी भेजे गए हैं।

**सीआरपीएफ ने डाला डेरा**




### थाने के बाहर 24 घंटे पुलिस नाका

**सेक्टर-39** थाने के बाहर 24 घंटे नाके लगाकर संदिग्धों पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस के उच्चाधिकारियों की ओर से एसएचओ चिरंजीलाल को 24 घंटे थाने में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक आतंकियों ने सेक्टर-39 थाने पर ग्रेनेड हमले की योजना बनाई है। थाने की रेकी भी करवाई जा चुकी है। खुफिया एजेंसी के इनपुट के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। चंडीगढ़ में इससे पहले भी ग्रेनेड हमले में हैप्पी पसिया का नाम आ चुका है इसलिए पुलिस पूरी तरह से गंभीरता से ले रही है। हैप्पी पासिया पंजाब में पुलिस थानों पर हमले करवा चुका है।

# चंडीगढ़ से महाकुंभ के चलते हवाई किराया चार गुना महंगा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

महाकुंभ के लिए 20 जनवरी को उड़ान भरने वाली फ्लाइट की बुकिंग फुल हो चुकी है। वहीं 27 जनवरी की फ्लाइट के लिए किराया 26 हजार रुपए हो चुका है। प्रयागराज में महाकुभ चल रहा है। ऐसे में बसों, ट्रेनों में भारी भीड़ है। इसके कारण शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट चंडीगढ़ से प्रयागराज की फ्लाइट का एयर टिकट चार गुना तक महंगा हो गया है। यह फ्लाइट हर सोमवार को शाम 4.35 बजे प्रयागराज के लिए रवाना हो रही है। इसे 13 जनवरी को शुरू किया गया था। फ्लेक्सी फेयर के आधार पर एक सप्ताह पहले 6447 रुपए किराया तय किया गया था। इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ अजय वर्मा ने बताया कि महाकुंभ के लिए श्रद्धालु काफी उत्सुकता दिखा रहे है।

उन्होंने कहा कि इंडिगो की तरफ से एक कनेक्टिंग फ्लाइट्स चलाई जा रही है। इसमें भी बुकिंग लगातार बढ़ती चली जा रही है। 20 जनवरी की फ्लाइट की बुकिंग फुल हो चुकी है।




**एक सप्ताह पहले 6447 रुपए किराया तय किया गया था, अब 26 हजार हुआ**

यह फ्लाइट चंडीगढ़ से हर सोमवार रवाना हो रही है। वहीं, प्रयागराज से हर बुधवार चंडीगढ़ आ रही है। इसके अलावा प्रयागराज वाया दिल्ली कनेक्टिंग फ्लाइट्स का किराया फ्लेक्सी फेयर के आधार पर 11 हजार रुपए रखा गया था।

## आरडब्ल्यूए सेक्टर-19डी की मीटिंग में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।**

आरडब्ल्यूए सेक्टर-19 डी की जनरल बॉडी मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट भूपिंदर सिंह गिल ने की।



मीटिंग में एरिया के लगभग 200 निवासियों ने हिस्सा लिया और एरिया से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे 19डी पार्क के रखरखाव, मकान नंबर 3301 और 3303 के सामने अन्य पार्क और पहले से मौजूद जिम को बनाए रखने के लिए अधिकारियों को लिखने का भी निर्णय लिया गया है, लेकिन इसे वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और महिलाओं के अनुकूल अधिक परिष्कृत उपकरणों के साथ बनाए रखा जाना चाहिए। इसी दौरान क्षेत्रवासियों की एक आवाज से यह निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाए। इस पर सदन ने सेवानिवृत्त सुरिंदर सिंह साहनी का नाम प्रस्तावित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह गिल ने पद छोड़ दिया और जिम्मेदारी साहनी को सौंपी।

## बेल्जियम में पंजाब के कबड्डी प्रमोटर की हत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फगवाड़ा के एक युवक की बेल्जियम में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। इस हत्याकांड की सूचना फगवाड़ा पहुंचने पर शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान कबड्डी प्रमोटर व समाज सेवक बख्तावर सिंह बाजवा उर्फ बलौरा निवासी हदियाबाद फगवाड़ा के रूप में हुई।

बख्तावर सिंह काफी लंबे समय से बेल्जियम में अपना बिजनेस कर रहा था और अक्सर समाज सेवा के कामों के लिए फगवाड़ा में आया करता था। मृतक के परिजनों के अनुसार 8-10 गाड़ियों में सवार होकर बड़ी गिनती में हथियारों से लैस हमलावर उनके घर पर आए और ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी।

## आईटीबीटी ने नए ऑफिस का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अधीन रोजगार के अवसरों, कौशल विकास और टेकनोलोजिकल इनोवेशन को मजबूती देते हुए राजीव गांधी चंडीगढ़ आईटी पार्क स्थित अग्रणीय वैश्विक मैनेज्ड सर्विस प्रोवाईडर्स आईटी बाय डिजाईन (आईटीबीडी) ने अपने नए ऑफिस का उद्घाटन किया।



पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। आईटीबीटी ने अपने ग्लोबल विस्तार के चलते भारत में पांच मिलियन डालर्स का निवेश किया है, जो भारत के गतिशील आईटी टैलेंट पूल का लाभ उठाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अगले 12 माह के भीतर अपने वर्कफोर्स की संख्या 650 से बढ़ाकर 1200 से अधिक करने की योजना है।

अमन अरोड़ा ने कहा कि चंडीगड़ में आईटीबीडी के आफिस की स्थापना इस क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी कदम है जो कि एक संपन्न आईटी और इनोवेशन हब के रूप में इसके उभरने को दर्शाता है। रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देकर यह पहल आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के साथ जुड़ती है।

## देश-विदेश

### सफाई कर्मचारियों को लेकर केजरीवाल का पीएम को पत्र

## जमीन दे केंद्र, घर 'आप' बनवाएगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** के सभी सफाई कर्मचारियों एवं अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सब्सिडी पर जमीन उपलब्ध कराए तो आप सरकार उस पर मकान बनवाएगी। आसान किस्तों में सफाई कर्मचारियों को मालिकाना हक देगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान बनवाएगी सरकार, इन्हें आसान किस्तों पर खरीदा जा सकेगा। इस कल्याणकारी योजना की शुरुआत सफाई कर्मचारियों से होगी। इसके लिए केंद्र सरकार को सब्सिडी पर जमीन देने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित है, लेकिन उन्होंने दिल्ली ने चुनाव प्रचार के दौरान कभी ऐसा नहीं देखा, जब एक पूर्व मुख्यमंत्री पर 'जानलेवा हमला' करने का प्रयास किया गया। 'आप' ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के 'गुंडों' ने शनिवार को निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान केजरीवाल पर हमला किया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों ने प्रचार के दौरान कभी ऐसा प्रचार और हिंसा नहीं देखी, जिसमें एक पूर्व सीएम पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई हो। भाजपा का प्रचार करने का तरीका है, क्योंकि वे बुरी तरह हार रहे हैं।

### केजरीवाल को खत्म करना चाहती भाजपा : आतिशी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को पार्टी सांसद संजय सिंह के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया। भाजपा अरविंद केजरीवाल को 'खत्म' करने की साजिश रच रही है, क्योंकि विपक्षी दल उन्हें हरा नहीं सकता। 'आप' ने दावा किया कि शनिवार शाम केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ अक्सर देखा जाता है। वर्मा भाजपा की तरफ से 'आप' संयोजक के खिलाफ नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## कांग्रेस ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान : नड्डा

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**गुजरात** में संविधान गौरव अभियान के तहत एक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संविधान के मुद्दे पर कांग्रेस पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि 75 साल की इस यात्रा में 65 साल कांग्रेस के नेताओं ने इस देश पर राज किया, लेकिन यहां आज मैं एक बात बताना चाहता हूं कि बाबा साहेब अंबेडकर की ओर से बनाए गए संविधान के साथ कांग्रेस ने खिलवाड़ किया।



स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी ली थी, ऐसी-ऐसी खिचड़ी पकी कि वहां अनुच्छेद-370 लागू कर दिया। जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेषाधिकार देने और भारत से अलग करने की इस नीति पर बाबा साहेब अंबेडकर ने देशद्रोह करार दिया था। बाबा साहेब ने अच्छा संविधान बनाया, लेकिन बुरे लोगों ने उसका दुरुपयोग कर जम्मू-कश्मीर में 35ए लगाई, जिसे संसद से भी पास नहीं कराया गया। संसद को धोखा देने वाले ये लोग आज संसद की मर्यादा की चिंता करने का नाटक कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि अंबेडकर ने कहा था कि सेक्युलर शब्द तो हमारे में है ही, क्योंकि हम लोगों ने सभी धर्मों को बराबर माना है, इसलिए सेक्युलर शब्द लगाने की आवश्यकता नहीं है, जो इस्लामिक स्टेट है, उन्हें यह शब्द संविधान में लगाने की जरूरत है।

## ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले हजारों लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले हजारों लोग राजधानी वाशिंगटन डीसी में एकत्र हुए और उनकी नीतियों का विरोध किया। ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। सखी फॉर साउथ एशियन सर्वाइवर्स समेत गैर-लाभकारी निकायों के एक समूह ने 'पीपुल्स मार्च' के बैनर तले यहां ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। ट्रंप (78) रोधी पोस्ट दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अगले राष्ट्रपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क समेत उनके करीबी समर्थकों के खिलाफ नारे लगाए। जनवरी 2017 में ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के समय भी ऐसा ही एक विरोध-प्रदर्शन हुआ था। तीन अलग-अलग पार्कों से शुरू हुए विरोध मार्च लिंकन मेमोरियल के निकट समाप्त हुए।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वे अमेरिकी के अरबपति, राजनेता और मशहूर हस्तियों से मुलाकात करेंगे। उद्योगपति मुकेश अंबानी को ट्रंप के खास मेहमान के तौर पर समारोह का न्योता मिला है।

## मणिपुर में एक उग्रवादी गिरफ्तार स्नाइपर-राइफल व हैंड ग्रेनेड जब्त

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** पुलिस ने काकचिंग जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेईपाक के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी को काकचिंग के हियांगलम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर),



एक देशी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, तीन मैगजीन, एक हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया।

## द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ा सकते हैं भारत-न्यूजीलैंड : जीटीआरआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**द्विपक्षीय** व्यापार को बढ़ाने के लिए भारत और न्यूजीलैंड को वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच के मुद्दे को हल करने, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और संपर्क में सुधार करने की जरूरत है।



शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि दोनों के देशों के बीच व्यापार फिलहाल सिर्फ डेढ़ अरब डॉलर है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। शोध संस्थान ने कहा कि दोनों देशों को पांच साल में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे उत्पादों की पहचान की जानी चाहिए, जिनमें तत्काल शुल्क राहत दी जा सकती है। इसके अलावा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों और भारत में रोड शो का आयोजन करने की जरूरत है। न्यूजीलैंड के साथ भारत के प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से घरेलू कंपनियों को सीमित लाभ होगा, क्योंकि वे पहले से ही उस बाजार में बड़ी संख्या में वस्तुओं तक शुल्क मुक्त पहुंच का फायदा ले रही हैं। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क भारत के 17.8 प्रतिशत की तुलना में केवल 2.3 प्रतिशत है। इसके अलावा, न्यूजीलैंड की 58.3 प्रतिशत टैरिफ लाइन (या उत्पाद श्रेणियां) शुल्क मुक्त हैं, जिसका अर्थ है कि भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजार में व्यापार समझौते के बिना पहले से ही महत्वपूर्ण पहुंच का लाभ मिल रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर गिरकर 625.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर लुढ़ककर 625.9 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.5 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 536.01 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 79.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 67.9 अरब डॉलर हो गया।

## इसराइल और हमास में 3 घंटे की देरी से सीजफायर लागू

**एजेंसी, दीर अल-बलाह**

फिलिस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने उन तीन महिला बंधकों के नाम जारी कर दिए। बंधकों के नाम जारी करने के साथ ही संघर्ष विराम को लेकर गतिरोध दूर हो गया। इसराइल ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर प्रभावी हो गया है। संघर्ष विराम को सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर प्रभावी होना था, लेकिन हमास की ओर से बंधकों की सूची जारी नहीं किए जाने के कारण इसमें लगभग तीन घंटे की देरी हुई।




संघर्ष विराम के प्रभावी होते ही युद्ध वाली जगहों पर जश्न मनाया गया और कुछ फलस्तीन अपने घरों की ओर लौटने लगे है। इससे पहले इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास जब तक कई फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों की सूची नहीं दे देता, तब तक गाजा में संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने सेना को निर्देश दिया है कि स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर प्रभावी होने वाला संघर्ष विराम 'तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक इसराइल के पास रिहा किए जाने वाले उन बंधकों की सूची नहीं आती, जिसे हमास ने उपलब्ध कराने का वादा किया था।' इसराइल की सेना ने कहा कि वह गाजा पट्टी पर "हमले जारी रखे हुए है" क्योंकि हमास के साथ विवाद के कारण संघर्ष विराम प्रभावी होने में देरी हो रही है। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि जब तक हमास रविवार को रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नाम नहीं सौंप देता, तब तक संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा। संघर्ष विराम में देरी के बाद दक्षिणी शहर खान यूनिस में इसराइली हवाई हमले में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई।

### तकनीकी कारणों से हुई नाम सौंपने में देरी : हमास

**हमास** ने नाम सौंपने में देरी के लिए 'तकनीकी कारणों' का हवाला दिया। वह पिछले सप्ताह घोषित किए गए संघर्ष विराम समझौते के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, इसराइल के सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्वीर की पार्टी ने कहा कि उसके कैबिनेट मंत्रियों ने संघर्ष विराम के विरोध में रविवार को अपने इस्तीफे सौंप दिए। इस बीच, इजराइल ने सूचना जारी की कि एक विशेष अभियान में 2014 के इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए सैनिक ओरोन शॉल का शव बरामद किया गया है।

# भारत ने 26 गेंदों में जीता मुकाबला

## वेस्टइंडीज को अंडर-19 महिला विश्व कप में 9 विकेट से दी पटकनी

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारतीय अंडर-19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की।

**वेस्टइंडीज की टीम को मात्र 44 रनों पर समेटा**

भारत ने ग्रुप-ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (सात रन पर तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (छह रन पर दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (छह रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया।

वेस्टइंडीज के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना सके। केनिका कैस्सार ने 29 गेंद में 15 जबकि सलामी बल्लेबाज असाबी कैलेंडर ने 12 रन का योगदान दिया। टीम के पांच बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए।

भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (13 गेंद में नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (11 गेंद में नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज को एकमात्र सफलता जहजारा क्लैक्सटन ने त्रिशा जी (चार रन) को आउट कर दिलाई।



वेस्टइंडीज की खिलाड़ी को रन आऊट करती भारतीय विकेटकीपर जी कमालीनि।


# गुकेश ने टाटा स्टील शतरंज में अनीश गिरी को हराकर की शानदार शुरुआत

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मुश्किल परिस्थितियों से उबर कर नीदरलैंड के अनीश गिरी को पराजित करके टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

गुकेश ने शुक्रवार को भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार 'खेल रत्न' को प्राप्त करने के बाद एम्स्टर्डम के लिए उड़ान पकड़ी थी तथा वह पहले दौर के मैच से कुछ देर पहले ही यहां पहुंचे थे।

ओपन वर्ग में पहले दौर में तीन बाजियों का ही परिणाम निकला। भारत के पी. हरिकृष्णा ने अपने सफेद मोहरों का भरपूर उपयोग करते हुए हमवतन और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन



एरिगैसी को हराया।

लियोन ल्यूक मेंडोंका ने लगभग जीती हुई स्थिति हाथ से निकल जाने दी, क्योंकि उन्होंने कई गलतियां कीं, जिससे जर्मनी के विंसेंट कीमर को विजयी शुरुआत मिली, जबकि आर प्रज्ञाननंदा ने नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ अपना मुकाबला ड्रॉ खेला।

पहले दौर की अन्य बाजी भी बराबरी पर छूटी। चीन के गत चैंपियन वेई यी ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ, नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम ने सर्बिया के एलेक्सी साराना के साथ और एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ अंक बांटे।

चैलेंजर्स वर्ग में आर. वैशाली ने विश्व के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय मास्टर अर्जेंटीना के ओरो फॉस्टिनो को हराकर विजयी शुरुआत की, लेकिन दिव्या देशमुख अपने से ऊंची रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की नोदिरबेक याकुबोएव से हार गईं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सौराष्ट्र की तरफ से दिल्ली के खिलाफ रणजी मैच में खेलेंगे जडेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को राजकोट में सौराष्ट्र की टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और



उनका दिल्ली के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलना तय है। जडेजा आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए जनवरी 2023 में खेले थे। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद खिलाड़ी के फिट होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है।

### बांग्लादेश की अदालत ने शाकिब के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया

**ढाका।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के खिलाफ दो चेक बाउंस होने के मामले में ढाका की एक अदालत ने रविवार को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया। पिछले साल नागरिक अशांति के कारण अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद से शाकिब अपनी जान को खतरा होने के डर से बांग्लादेश नहीं लौटे हैं।

### बोल्ड तस्वीरों से सुर्खियां बटोरती ग्लेन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की लेग स्पिन ऑलराउंडर सारा ग्लेन क्रिकेट के साथ-साथ अपनी स्टाइलिंग और ग्लैमर को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। सारा इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोरती हैं। सारा ने 2019 में इंग्लैंड के लिए अपना डेब्यू किया था।



## ऑस्ट्रेलियन ओपन

### पुरुष वर्ग में जोकोविच, अल्काराज और ज्वेरेव भी अंतिम-8 में पहुंचे

# गत चैंपियन सबालेंका क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, मेलबोर्न**


विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच, कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम-8 में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चौथी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-1, 2-6, 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच और तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने होंगे।

जोकोविच ने विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज जिरी लेहेस्का को 6-3, 6-4, 7-6 से हराया तो वहीं अल्काराज ने जैक ड्रेपर के कूल्हे की समस्या के कारण दो सेटों के बाद हट जाने के कारण अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की। महिला वर्ग में कोको गॉफ का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूट गया लेकिन वह अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही।

पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका ने रॉड लेवर एरेना में दिन के खेल की शुरुआत करते हुए 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया और इस तरह से ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपनी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में लगातार तीन खिताब जीतने वाली आखिरी खिलाड़ी मार्टिना हिंगिस थी, जिन्होंने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए बेलिंडा बेनसिच पर 5-7, 6-2, 6-1 से जीत हासिल की।

अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इससे पहले 2025 में जो 16 सेट खेले थे उन सभी में उन्होंने जीत दर्ज की थी। गॉफ का अब मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में पाउला बडोसा से मुकाबला होगा। बडोसा ने ओल्गा डेनिलोविच को 6-1, 7-6 (2) से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम-8 में जगह बनाई।




**प्वाइंट कार्ड**

| सबालेंका | | एंड्रीवा |
|---|---|---|
| 03 | एस | 02 |
| 00 | डब्ल फॉल्ट | 03 |
| 67% | पहली सर्व | 49% |
| 78% | पहली सर्व जीती | 56% |
| 56% | दूसरी सर्व जीती | 44% |
| 4/7 | ब्रेक प्वाइंट | 0/3 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 58 | प्वाइंट जीते | 33 |

### बोपन्ना-शुआई की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में



अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी। इससे भारतीय-चीनी जोड़ी कोर्ट पर उतरे बिना ही अंतिम-8 में पहुंच गई।

बोपन्ना और शुआई का अगला मुकाबला हंगरी की टिमिया बाबोस और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवलो तथा ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खलेगी सूर्यकुमार की कमी : रैना

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि भारत को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार



यादव की कमी खलेगी और वह टीम के लिए 'एक्स फैक्टर' साबित हो सकते थे।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी।

सूर्यकुमार और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है, जिसकी घोषणा शनिवार को की गई थी। वनडे विश्व कप 2023 में खेलने वाले छह खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए। सूर्यकुमार और सिराज के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली उनमें प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और इशान किशन शामिल हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

रैना ने कहा,''सूर्यकुमार विश्व कप टीम का अभिन्न अंग थे। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो मैदान के किसी भी स्थान पर शॉट मार सकता है।''

# मेजबान पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज से मुल्तान टेस्ट 127 रनों से जीता

**एजेंसी, मुल्तान**

ऑफ स्पिनर साजिद खान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में नौ विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान ने रविवार को यहां तीसरे ही दिन 127 रन से जीत दर्ज की। पहली पारी में चार विकेट चटकाने के बाद साजिद ने दूसरी पारी में भी 50 रन देकर पांच विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान के 251 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम स्पिनर की अनुकूल पिच पर दूसरी पारी में 123 रन पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने भी 27 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जिससे वेस्टइंडीज की पारी 36.3 ओवर तक ही टिक सकी।

अपना 12वां टेस्ट खेल रहे एलिक अथानाजे ने 68 गेंद पर 55 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंचा पाए। वह साजिद का पांचवां शिकार बने।

इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में तीन विकेट पर 109 रन से की और टीम 46.4 ओवर में 157 रन पर सिमट गई।

# नेशनल ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल चैंपियनशिप में हिमाचल का प्रदर्शन शानदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

16 से 19 जनवरीतक केरल में हुई 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में 20 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

प्रतियोगिता में ड्रैगन वोट चैंपियनशिप दौरान 100, 200, 500 मीटर की रेस आयोजित करवाई गई। हिमाचल प्रदेश के ड्रैगन वोट चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में जिला ऊना की मानसी राणा, बिलासपुर की दीक्षिका डोगरा, शिमला से अंजना कुमारी, हमीरपुर से नेहा मिश्रा, पालमपुर से रितेश वालिया, कांगड़ा से परवल, बिलासपुर से अभी



चडक, बिलासपुर से अक्षित ठाकुर ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। हिमाचल के ड्रैगन बोट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के कोच एवं टीम मैनेजर श्याम लाल ने कहा कि प्रदेश के सभी खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन कर 100 मीटर में छठा, 200 मीटर में 7वां और 500 मीटर में चौथा रेंक हासिल कर हिमाचल का नाम रोशन किया है।

ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पौंग डैम, लुहणु बिलासपुर डैम, चमेरा डैम को मिलाकर तीन ट्रैनिंग सैंटर में खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा भविष्य के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी।

राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया, संजीव कुमार, अभय पाराशर, कृष्ण कुमार कसाना, दानिश , मोहित शर्मा, बलबीर सिंह भारद्वाज, विक्रांत, मुनिश इत्यादि सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों तथा कोच को बधाई दी।

### आर्सेनल इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में पिछड़ा

# लिवरपूल ने डार्विन नुनेज के दो गोल से ब्रेंटफोर्ड को 2-0 से हराया

**एजेंसी, लंदन**

डार्विन नुनेज के इंजरी टाइम में किए गए दो गोल की मदद से लिवरपूल ने ब्रेंटफोर्ड को 2-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की जबकि आर्सेनल ने दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद एस्टन विला से ड्रॉ खेला, जिससे वह खिताब की दौड़ में पिछड़ गया।

लिवरपूल एक समय लगातार तीसरा मैच ड्रॉ खेलने की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन उरुग्वे के स्ट्राइकर नुनेज ने अतिरिक्त समय के पहले और तीसरे मिनट में गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की।

अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल ने विला के खिलाफ गैब्रियल मार्टिनेली और काई हैवर्टज



के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन आखिर में यह मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। ओली वॉटकिंस ने विला के लिए बराबरी का गोल दागा।

लिवरपूल के इस जीत से 22 मैच में 50 अंक हो गए हैं और उसने आर्सेनल पर छह अंक की बढ़त हासिल कर ली है। आर्सेनल के 22 मैच में 44 अंक हैं।

# एक्सेलसेन बने इंडिया ओपन बैडमिंटन के चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और आन से-यंग ने रविवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकतरफा फाइनल में शानदार जीत दर्ज करके क्रमशः पुरुष और महिला एकल का खिताब हासिल किया। इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैम्पियन रहे एक्सेलसेन ने पुरुष एकल में पिछले साल के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को 21-16 21-8 से हराया।

महिला एकल में आन से-यंग ने ट पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया। गोह सेज फेई और नूर इजुद्दीन की मलेशिया की पुरुष जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में किम वोन हो और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को 21-15,13-21, 21-16 से हराया। मलेशिया की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पराजित किया था।

